YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-337 ❐ रविवार, 11 जनवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




भारत प्रकाशन उद्योग में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। डिजिटल युग में किताबें मानव की सबसे बड़ी मित्र हैं और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला ज्ञान, विचार और संस्कृति का महाकुंभ बन गया है। **धर्मेंद्र प्रधान**


सदन का दुरूपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : गुप्ता 11

हिमालय में कुदरत की 'इमरजेंसी' बर्फ देखने के लिए तरसे लोग 12


## संक्षेप

### राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश, पुलिस ने कश्मीरी अबू अहमद शेख को पकड़ा

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में शनिवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया। यहां एक अधेड़ राम मंदिर के दक्षिणी परकोटे के पास नमाज पढ़ने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका। युवक को रोकने का प्रयास किया गया तो वह संप्रदाय विशेष के नारे लगाने लगा। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद थाना रामजन्मभूमि पुलिस के हवाले कर दिया। थाने में पुलिस और खुफिया एजेंसियां युवक से पूछताछ कर रही हैं। उसकी पहचान कश्मीर को शोपिया निवासी अबू अहमद शेख (55) के रूप में हुई है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने घटना की पुष्टि की। वहीं, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अधेड़ से पूछताछ की जा रही है। साथ ही वह कहां से और कैसे राम मंदिर में पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।

### यूपी पुलिस को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कन्ट्रोल सेन्टर को स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को महाकुंभ में बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और सोशल मीडिया सेंटर के मेटा सुसाइडल अलर्ट को वर्ष 2025 का स्कॉच अवार्ड मिला है। यूपी पुलिस देश का पहला बल है जिसे स्कॉच अवार्ड की दो अलग-अलग श्रेणियों के लिए यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में दिया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण को मिले इस अवार्ड को स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन समीर कोचर से डीजीपी के पीआरओ राहुल श्रीवास्तव, आईपीएस अमित कुमार, फ़ेसबुक मेटा, आउटरीच साउथ एशिया पैसिफिक के निदेशक सत्या यादव ने लिया। यह 105 वां स्कॉट समिट कार्यक्रम था, जिसकी थीम गवर्नेस विद भारत थी।

### 'परीक्षा पे चर्चा' ने चार करोड़ से अधिक पंजीकरण का रिकॉर्ड बनाया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनूठी पहल 'परीक्षा पे चर्चा 2026' ने इस वर्ष एक नया ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक ऑनलाइन पंजीकरण हो चुके हैं, जो पिछले वर्ष के 3.56 करोड़ पंजीकरण के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। श्री प्रधान ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह पहल महज एक वार्षिक संवाद न रहकर अब एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप ले चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं के लिए तनावमुक्त वातावरण तैयार करना है। शिक्षा मंत्री ने सभी छात्र-छात्राओं से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि परीक्षा का समय नजदीक आने पर छात्र प्रधानमंत्री के आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्वास्थ्य पर दिए गए।

सीएम योगी ने बांग्लादेश की घटना पर मौन रहने वालों पर किया प्रहार

# बांटने वाले कभी हितैषी नहीं हो सकते

❐ सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों का मुंह पर चिपक गया फ़ेविकोल व टेप

❐ सत्ता में आने पर अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में हर व्यक्ति को झुलसाएंगे: योगी

❐ सीएम की घोषणा, जिस स्थल पर रामानंदाचार्य प्रकट हुए, वहां बनेगा स्मारक व मंदिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका चलाने वालों पर प्रहार करते हुए बांटने वालों से बचने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फ़ेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है।

सीएम ने चेताया कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं। सीएम योगी ने कहा कि सतुआ बाबा ने सबको जोड़ दिया। भगवान रामानंदाचार्य की पावन जयंती प्रयागराज में हो रही है। पौष पूर्णिमा इस वर्ष 3 जनवरी को पड़ गई तो सभी इस आयोजन से जुड़ गए। सीएम ने सभी संतों का आह्वान किया कि आप बातचीत कीजिए, दारागंज में जिस परिवार-स्थल पर रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे, ● शेष पेज 11 पर

## पवित्रता, संवाद व समन्वय से सकुशल सम्पन्न होंगे प्रयागराज के सभी स्नान : योगी



❐ मुख्यमंत्री ने की माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा ❐ संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता प्रदान करने का माध्यम बन रहा मेला सेवा ऐप

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि पवित्रता, संवाद और समन्वय के साथ सभी प्रमुख स्नान सकुशल सम्पन्न होंगे। शनिवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की सजगता, तकनीक के उपयोग और सभी विभागों के आपसी सहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधाएं और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि माघ मास में पावन त्रिवेणी के दर्शन व स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत वर्ष इसी समय महाकुम्भ की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही थीं और 10 जनवरी को भी इसी विषय को लेकर वह प्रयागराज में थे।

# हमें अपने इतिहास का प्रतिशोध लेना है : डोभाल

एजेंसी



❐ भारत को हर क्षेत्र में मजबूत बनाना लक्ष्य

❐ जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं, हम मनोरोगी नहीं कि शव देखकर खुशी मिले, मौजूदा लीडरशिप ने 10 साल में देश बदला

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाइयां इसके लिए नहीं लड़ी जातीं।

उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करे और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बाते कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा। लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है।

मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है। एक ऐसा लीडर जिसने 10 सालों में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया। उन्होंने तीन दिवसीय इस आयोजन में भाग ले रहे देश भर के तीन हजार युवाओं से कहा, '' मैं गुलाम भारत में पैदा हुआ था। आप भाग्यशाली हैं कि स्वतंत्र भारत में पैदा हुए। सदियों तक हमारे पूर्वजों ने इसके लिये बहुत कुर्बानियां और अपमान सहे हैं। भगत सिंह को फांसी हुई, सुभाष चंद्र बोस को जीवन भर संघर्ष करना पड़ा, महात्मा गांधी को सत्याग्रह करना पड़ा और अनगिनत लोगों को जानें देनी पड़ीं। भारत के खुफिया ब्यूरो के पूर्व प्रमुख 81 वर्षीय डोभाल ने कहा ,''हमारे गांव जले, हमारी सभ्यता को समाप्त किया गया, हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम एक मूक दर्शक की तरह असहाय होकर देखते रहे। यह इतिहास हमें एक चुनौती देता है कि भारत के हर युवक के अंदर आग होनी चाहिये। उन्होंने कहा प्रतिशोध शब्द अच्छा तो नहीं है, लेकिन यह अपने आप में बड़ी शक्ति होती है। हमें अपने इतिहास का प्रतिशोध लेना है और हमें इस देश ● शेष पेज 11 पर

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय आवश्यकता : रक्षा सचिव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि भारत रक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में अपनी यात्रा के ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय आवश्यकता के रूप में उभरी है। श्री सिंह ने शनिवार को चंडीगढ़ में रक्षा, एयरोस्पेस और रणनीतिक क्षेत्र से संबंधित रक्षा कौशल सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर पिछले एक दशक में भारत के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए परिवर्तनों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अंतर्गत यह क्षेत्र आयात निर्भरता से आगे बढ़कर रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, निजी उद्योग, लघु इकाइयों और स्टार्ट-अप से युक्त एक सशक्त और जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र में बदल गया है।



रक्षा सचिव ने कहा कि व्यापार सुगमता के लिए किए गए ठोस प्रयासों और निरंतर नीतिगत सुधारों ने स्वदेशी विनिर्माण को गति दी है, जिससे मानव रहित यान और सेंसर से लेकर तोप, बख्तरबंद वाहन और मिसाइल जैसी जटिल प्रणालियों तक के घरेलू डिजाइन और उत्पादन को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने बताया कि 462 कंपनियों को 788 से अधिक औद्योगिक लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में रक्षा निर्यात 23,162 करोड़ रुपये को पार कर गया, जो 2014 की ● शेष पेज 11 पर

## 'विकसित भारत के लिए यूपी से 98 लाख सुझाव'

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का विश्वविद्यालय दिवस पर तीन दिवसीय समारोह शनिवार से शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार एवं चाणक्य विश्वविद्यालय, बेंगलुरू के प्रो. केवी राजू थे। शिक्षा संस्थानों की भूमिका सिर्फ ज्ञान तक सीमित नहीं मुख्य अतिथि प्रो. केवी राजू ने कहा कि विश्वविद्यालय की विगत 30 वर्षों की विकास यात्रा अत्यंत सार्थक, सशक्त एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। अब हम सभी को विकसित भारत-2047 के स्वप्न को साकार करने के लिए आगामी 22 वर्षों के लिए स्पष्ट, दूरदर्शी एवं आउटकम आधारित लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। इसके लिए संस्थागत विकास योजना की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विश्वविद्यालय की दिशा, प्राथमिकताएं और प्रभाव को तय करती है। प्रो. राजू ने बताया कि उत्तर प्रदेश इस प्रक्रिया को अपनाने वाला देश का ● शेष पेज 11 पर

# सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किये गये। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किये गये।

सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। वन क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की विशेष खुफिया सूचना के आधार पर उन्होंने तलाशी अभियान का नेतृत्व किया।



टोही और गश्त अभियान के आधार पर उन्होंने आतंकियों के भागने के संभावित मार्गों का सटीक आकलन किया और अगले दिन ऊंचाई वाले क्षेत्र में तलाशी शुरू की। अभियान के दौरान अभियान में शामिल दल पर आतंकियों ने भारी और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें उनके स्काउट्स घायल हो गए। इसके बावजूद कैप्टन थापा भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े, अपने घायल स्काउट्स को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और आतंकियों पर जवाबी कार्रवाई की। खुले मैदान में सीमित कवर होने के कारण वे आतंकियों की गोली से गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उन्होंने वीरगति प्राप्त की। 19 राष्ट्रीय राइफल्स के राइफलमैन हिलाल अहमद भट ने 8 अक्टूबर 2024 को शेखपोरा जंगल में संयुक्त अभियान के दौरान अद्वितीय साहस का परिचय दिया। संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर उसकी ओर बढ़ते समय वह अपने ● शेष पेज 11 पर

# अधिकतम दो माह में निवेशकों की हर समस्या का होगा समाधान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

## निवेश

❐ उद्यमी मित्रों के ज़रिये निवेशकों को मिलेगा एंड-टू-एंड सपोर्ट

❐ इन्वेस्ट यूपी ने शुरू किया राज्यव्यापी एक्टिव फैसिलिटेशन सिस्टम, निवेशकों की हैंड-होल्डिंग अनिवार्य

लखनऊ। निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और परियोजना क्रियान्वयन को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने एक राज्यव्यापी सक्रिय सुविधा तंत्र प्रारंभ किया गया है, जो प्रारंभ से अंत तक निवेशकों को सुविधा व सहायता प्रदान करेगा।

अधिकृत जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र एकल-बिंदु सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करेंगे। प्रत्येक उद्यमी मित्र को 10 निवेश परियोजनाएं आवंटित की गई हैं। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को पहले 60 दिनों के लिए पूर्ण एंड-टू-एंड फ्रंट-एंडिंग समर्थन प्राप्त होगा, जो अनुमोदन, विभागीय समन्वय और प्रारंभिक चरण के निर्णय लेने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उद्यमी मित्रों के पुनरीक्षित दायित्वों में बिजली कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृति, भूमि आवंटन, भवन योजनाएं और शहरी स्थानीय निकायों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों से अनुमतियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय शामिल है, जिससे निवेशकों को कई विभागों के कार्यालयों में जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस नए तंत्र के तहत, उद्यमी मित्र सभी दस्तावेज़ीकरण और अनुपालन आवश्यकताओं के लिए समयबद्ध सुविधा प्रदान करेंगे। वे प्रचलित नियमों और प्रक्रियाओं के तहत विभागों के साथ समन्वय के माध्यम से मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करेंगे और प्रक्रिया सुधार तथा नीतिगत सुझाव उचित चैनलों के माध्यम से प्रेषित करेंगे। यह महत्वपूर्ण पहल इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में हुई ● शेष पेज 11 पर

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की रफ्तार बनी टिकट का पैमाना

# एसआईआर की कसौटी पर भाजपा विधायक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक़ कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।




❐ कमजोर इलाकों पर भाजपा हाईकमान की पैनी नजर

सूत्र बताते हैं कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब-तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 100 करोड़ की ठगी

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा जिला में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 100 करोड़ से अधिक रुपए की ठगी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना साइबर सेल दो शातिर विनोद और विनय को गिरफ्तार किया।विनोद बागपत जिला का रहने वाला है जबकि विनय लखनऊ का रहने वाला है। इस गैंग का एक आरोपी अजय को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक फर्जी वेबसाइट बना कर क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करके रकम को कई गुना करने का लालच दिया करते थे। बड़े बड़े होटलों में सेमिनार आयोजित करके लोगों को गुमराह करके लाखों रुपए इन्वेस्ट करवा लिया करते थे। शुरू में कुछ लोगों को रकम कई गुना करके वापस भी जिससे लोग झांसे में आते गए। इस तरह से सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना कर उनकी रकम ठग ली।दोनों का पास से दुबई की एक सिम, दो फर्जी आधार कार्ड, लैपटॉप और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक 2019 से दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हजारों लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। पकड़े गए दोनों ● शेष पेज 11 पर

# हर प्रतिभा को अवसर और पहचान देना योगी सरकार की प्राथमिकता : कपिल देव अग्रवाल

## इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के तहत राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को ल्कौशल से सफलता की ओर हर प्रतिभा को मिले अवसर और पहचान के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इसी क्रम में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश में 1 लाख 09 हजार ,249 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो देश में सर्वाधिक संख्या है। हालांकि जनपद और मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्ण हो चुका है। अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता युवाओं में आत्मविश्वास, व्यावसायिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन दिनांक 12, 13, 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को किया जाएगा, जबकि 24 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। प्रतियोगिता कुल 20 स्किल्स में आयोजित की जा रही है, जिनमें एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, वेल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी मिलिंग, सीएनसी टर्निंग, ऑटोबॉडी रिपेयर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट, वेब टेक्नोलॉजी, ब्यूटी थेरेपी, हेयर ड्रेसिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, प्लंबिंग एंड हीटिंग, ब्रिकलाइंग तथा हेल्थ एंड सोशल केयर शामिल हैं।उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता लखनऊ स्थित आईटीआई अलीगंज, आईटीआई मोहनलालगंज, आईटीओटी, रेमंड सेंटर, राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई चारबाग, पॉलिटेक्निक (महिला), सीआईपीईटी सहित विभिन्न संस्थानों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों की कौशल दक्षता, नवीनता, रचनात्मक सोच और प्रदर्शन क्षमता का सूक्ष्म एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा रहा है।

## गोरखपुर महोत्सव में सात दिनों तक संगीत, कला और संस्कृति का समागम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपदवासियों का इंतज़ार अब समाप्त होने जा रहा है। गोरखपुर महोत्सव 2026 का शुभारंभ रविवार को होगा। महोत्सव 11 से 17 जनवरी तक चलेगा। संगीत, कला, संस्कृति, खेल और विकास के विविध रंगों से सजा यह महोत्सव अब तक का जनपद का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन होगा। चम्पा देवी पार्क में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन 11 जनवरी को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री द्वारा मुख्य मंच पर दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों व खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे, जबकि 17 जनवरी को महोत्सव का विधिवत समापन होगा।यह जानकारी मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने शनिवार को मंडलायुक्त सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। मंडलायुक्त ने बताया कि महोत्सव के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 से 13 जनवरी तक मुख्य मंच पर आयोजित किए जाएंगे, जबकि शिल्प मेला, फूड कोर्ट, व्यावसायिक स्टॉल और अन्य गतिविधियां 17 जनवरी तक निरंतर चलती रहेंगी।

## हज यात्रियों की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी के मंत्री दानिश भेजे गए सऊदी अरब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । हज 2026 के लिए सऊदी अरब में हज यात्रियों की विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य भारत सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बनाया है जो कि सऊदी अरब जाकर हज यात्रा के दौरान हाजियों के विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक निर्णय लेगी।

भारत सरकार के बनाए गए इस प्रतिनिधिमंडल का चेयरपर्सन दानिश आजाद अंसारी (राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक़्फ़ एवं हज, उत्तर प्रदेश) को बनाया गया है।दानिश आजाद अंसारी शनिवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे। उनके साथ इस प्रतिनिधि मंडल में दिल्ली राज्य हज समिति के कार्यपालक अधिकारी, बिहार हज समिति के कार्यपालक अधिकारी तथा हज कमिटी आफ इंडिया के उप कार्यपालक अधिकारी भी सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे।यह प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह तक सऊदी अरब में रहकर हज 2026 के हज यात्रियों के विभिन्न व्यवस्थाओं का बेहतर चयन सुनिश्चित करेगा, ताकि हज यात्रियों को हज के दौरान अच्छी सहूलियत मिल सके और पूरा हज सुविधाजनक रूप से पूर्ण हो सके।

## प्रयागराज में लुटेरों का आतंक, पत्रकार से मोबाइल लूट

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में लुटेरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। कर्नलगंज कोतवाली अंतर्गत कटरा पुलिस चौकी क्षेत्र के जगराम चौराहे पर शुक्रवार देर रात करीब 11:30 बजे पत्रकार शरद मिश्रा से तीन लुटेरों ने मोबाइल फोन छीन लिया। अपाची बाइक पर सवार बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित पत्रकार अपने कार्यालय से कमरे की ओर जा रहे थे। घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में तीनों आरोपी कैद बताए जा रहे हैं। मामले की लिखित सूचना तत्काल कर्नलगंज कोतवाली में दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

## सीएम योगी ने माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचकर माघ मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, स्वास्थ्य और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले प्रमुख स्नान पर्वों को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने संगम में स्नान कर पूजा-अर्चना की और मां गंगा से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सीएम योगी ने संगम में किया स्नान व गंगा पूजन

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 जनवरी 2026 को प्रयागराज में संगम तट पर विधि-विधान से स्नान कर मां गंगा का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने माघ मेले की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले स्नान पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। संगम स्नान के दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## माघ मेले में सेवा कार्य कर रहे सपा नेता संदीप यादव गिरफ्तार

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज माघ मेले में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव नेता सेवा संस्थान के शिविर के माध्यम से कल्पवासियों की सेवा कर रहे समाजवादी पार्टी के नेता संदीप यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने यह कदम कानून-व्यवस्था से जुड़े एक मामले में उठाया है। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इसे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई बताया है। पुलिस का कहना है कि कानून सभी के लिए समान है और मामले की जांच जारी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर बोले सीएम योगी

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सेक्युलरिज्म का ठेका लेकर चलने वाले लोग हिंदू समाज और सनातन धर्म को कमजोर करने में लगे रहते हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटनाओं पर उनका मुंह बंद है। मुख्यमंत्री ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे उनके मुंह पर किसी ने फ़ेविकोल चिपका दिया हो। उन्होंने इसे समाज के लिए चेतावनी बताते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया।


## सीएम योगी ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का किया भ्रमण

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर, शैक्षणिक सुविधाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा को गुणवत्ता और रोजगारपरक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। छात्रों से संवाद कर सीएम ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आई आठ शिकायतों में सात राजस्व व एक पुलिस की दर्ज की गईं। आई शिकायतों में मौके पर तीन का ही निस्तारण हो सका।शनिवार को कोतवाल जगदीश यादव की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। आई कुल शिकायतों में राजस्व की शिकायतें अधिक रही निस्तारित तीन शिकायतों के अलावा शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित को भेजा गया है।ससमय निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर एस एस आई देवेन्द्र सिंह भदौरिया,एस आई दिनेश गोस्वामी,एस आई त्रियुगी नारायण तिवारी,अजय चौधरी, राजस्व निरीक्षक आबिद अली, अली अहमद, अमित शुक्ला, विवेक सिंह, राजीव मिश्रा सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## बंद नहीं हो रहा है आम के पेड़ों पर आरा चलाने का काम विभाग के जिम्मेदार मौन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज इलाके में समस्त जीवों को जीवन दायिनी आक्सीजन देने वाले वृक्षों पर बेरहमी से आरा चलाने का काम बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। गांव जल्लाबाद मजरा निजामपुर में 9 जनवरी 2026 रात में एक आम की बाग पेड़ों पर आरा चलाकर पेड़ों को जमींदोज कर दिया गया। मामला बीती रात का बताया गया।इस सन्दर्भ में वन दरोगा रईस खान की की ओर से मामले को देख लेने की बात कहकर उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्लाबाद गांव के निवासी राम विलास व मुकेश की आम की बाग में रात के समय आम के पेड़ों को काटा गया। मिली जानकारी के अनुसार पेड़ों को कटवाने का काम कफील और उसके साथी द्वारा किया गया।अधिकांश लोगों का मानना है कि गोसाईगंज इलाके में हरे पेड़ों का काटे जाने का काम बंद होने का नाम नहीं ले रहा है।इस मामले पर वन विभाग ने अपनी आंखें बन्द कर लिया। इसके पीछे क्या कारण हो सकता है इसका सिर्फ अनुमान ही लगाया जा सकता है।

## मण्डलायुक्त की बैठक में खस्ताहाल ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लिए गये कई फैसले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहर की खस्ताहाल ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में कई फैसले लिए गए। जाम के जिम्मेदार आटो ई-रिक्शा को चौराहों से 50 मीटर दूर करने, नो वेंडिंग जोन बनाने, ग्रीन कॉरिडोर के चौराहों पर ट्रैफिक लोड आकलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सुझाव दिया गया कि ज्यादा दबाव वाले स्थलों पर फ्लाईओवर, अंडरपास का विकल्प तलाशा जाए। यहां अंडरग्राउंड और बहुमंजिला पार्किंग बनाने पर भी चर्चा हुई। स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुई बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि जाम का स्थायी हल तलाशना होगा।जाम के जिम्मेदार सभी प्वाइंट को चेक करें। बैठक में ट्रैफिक, पुलिस और नगर निगम के अफसर मौजूद थे। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रमुख चौराहों पर ऑटो ई-रिक्शा सख्ती से हटाएं। उनके पार्किंग स्थल 50 मीटर दूर बनाए जाएं। चौराहों पर सवारी उतारने और बैठाने न दिया जाए। सड़क बाधित कर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही अपने दुकान लगाए जाने के लिए सख्ती से निर्देशित करें। रोड इंजीनियरिंग में बदलाव का सुझाव दिया पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर की मौजूदगी में हुई बैठक में जेसीपी कानून व्यवस्था ने शहर के प्रमुख राजमार्गों/एलिवेटेड रोड/अन्य मार्गों पर और चौराहा/तिराहों को सिग्नल मुक्त बनाए जाने के लिए रोड इंजीनियरिंग में बदलाव और सुधार का प्रस्ताव रखा। संबंधित विभागों ने बताया कि शहीद पथ और उसके लिंक मार्ग पर पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई एवं एलडीए की ओर से पूर्व से ही अंडर पास, क्लोवर लीफ मार्ग एवं सर्विस मार्ग की वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। ग्रीन कॉरिडोर के जंक्शन प्वाइंटों की रोटरी को और भी सुदृढ़ करने की बात कही गई, ताकि ट्रैफिक बढ़ने पर जाम न लगे। बैठक में लिए निर्णयों/प्रस्तावों पर प्रत्येक बिंदु पर कार्रवाई के लिए सभी विभागों में आपसी समन्वय हो, इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने सताव ब्लॉक में बाटे गरीबों को कंबल

### कड़ाके की ठंड को देखते हुए लगभग 2000 जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच पूर्व ब्लॉक प्रमुख व समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए हर साल की तरह इस साल भी सताव ब्लॉक सहजौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगभग 2 हजार गरीब, जरूरतमंद, विधवा एवं वृद्ध लोगों को कंबल वितरित किए।

इस पुनीत कार्य से क्षेत्र के जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है। आपको बता दें कि शनिवार को उमेश प्रताप सिंह द्वारा सहजौरा ग्राम पंचायत में अपने घर पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 2 हजार जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्धों को कंबल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस मौके पर उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि समाजसेवा की प्रेरणा अपने पिता से मिली, जो सदैव गरीबों की मदद को सबसे बड़ा पुण्य कार्य मानते थे। उन्होंने कहा कि, गरीब और असहाय व्यक्ति का दिया गया आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने यह भी बताया कि, इस ठंड में 2000 जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस सामाजिक कार्य में सभी वर्गों, जाति और धर्म के लोगों का सहयोग मिल रहा है, जिससे उन्हें निरंतर सेवा करने का संबल मिलता है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी द्वारा सहयोगियों एवं सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार कराकर विदा किया गया। इस अवसर पर अपने सभी सहयोगियों के साथ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## समाज, व्यापार और मीडिया के समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर हुई पत्रकारो के साथ विशेष चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नये साल का आगाज़ हो चुका है जिसमे सभी वर्ग उत्साह के साथ अपने अपने काम मे व्यस्त भी हो गये हैं अपनी इसी व्यस्तता के मध्य भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर जानकीपुरम स्थित असेंबल कैफ़े में पत्रकार बंधुओं के सम्मान में एक सादर चाय पार्टी एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त पत्रकार साथियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर एवं डायरी भेंट कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के दौरान पत्रकार बंधुओं के साथ सामाजिक सरोकारों, जनहित से जुड़े मुद्दों, व्यापार जगत की चुनौतियों एवं वर्तमान परिस्थितियों पर सार्थक, सकारात्मक एवं विचारोत्तेजक संवाद हुआ। इस आपसी विमर्श के माध्यम से समाज, व्यापार और मीडिया के समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया।भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल सदैव समाज के सजग प्रहरी पत्रकारों के सम्मान, सहयोग एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह,प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विवेक शुक्ला,प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद कुमार सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, संगठन मंत्री एस.के. मिश्रा, प्रदेश उप मंत्री आर.के. सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी किशन सिंह,अमरेश सिंह, रोहित सिंह राठौड़ सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## महराजगंज के पैगम्बर नगर व आर्य नगर वार्ड में दूषित पेयजल आपूर्ति से लोगों में हड़कम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। नगर पंचायत महराजगंज के पैगम्बर नगर वार्ड व आर्य नगर वार्ड में इन दिनों दूषित पेयजल आपूर्ति ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। सप्लाई के पानी में गंदगी के साथ-साथ कीड़े निकलने की शिकायत सामने आने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है।

इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और जनस्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडराने लगा है। पैगम्बर नगर वार्ड निवासी रेशमा बानो, शुभम व सभासद पति अलीम कुरैशी समेत कई नागरिकों का कहना है करीब बीस दिनों से सप्लाई में आने वाला पानी न पीने योग्य नही है। मजबूरी में लोग बदबूदार पानी का उपयोग करने को विवश हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई परिवारों ने पानी उबालकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ लोग बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं। ईओ रामाशीष वर्मा ने बताया कि पाइप लाइन लीकेज की वजह से दूषित पानी आने की सूचना मिली है। दसों वार्डों व चार नलकूपों सहित कुल चौदह नमूने वाटर टेस्टिंग के लिए भेजे गए है। जल्द ही समस्या का निराकर कराया जाएगा। पैगम्बर नगर वार्ड के सभासद पति अलीम कुरैशी ने बताया कि पंद्रह बीस दिनों से वार्ड में सप्लाई का दूषित पानी आ रहा है।

## होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के लिए जागरूकता अभियान चलायेगी यूपी टूरिज्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना पर यूपी टूरिज्म प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगा। यह अभियान 14 से 30 जनवरी तक मुख्य रूप से प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों वाले शहरों में चलाया जाएगा, जिसमें योजना के प्रचार-प्रसार के साथ लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को तत्काल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को लखनऊ में दी ।

### 14 से 30 जनवरी तक चलेगा प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान

अभियान के तहत 14 से 30 जनवरी के बीच जिलों की पर्यटन विभाग की टीमें स्थानीय लोगों को योजना के लाभों के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी प्रदान करेंगी। विभाग ने इस अभियान के लिए प्रति जनपद 2 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है, जो जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रचार-प्रसार सामग्री पर खर्च किया जाएगा। यह अभियान राज्य के पर्यटन इको सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस जागरूकता अभियान का विशेष लाभ उन लोगों को होगा जो योजना में शामिल होना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में योजना से जुड़ नहीं पा रहे हैं।

### पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

यूपी टूरिज्म की होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना-2025, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार पर्यटकों को बेहतर और सस्ती सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना एक ओर स्थानीय निवासियों को अपने घरों को ही होम स्टे में बदलने और पर्यटकों को घरेलू भोजन, स्थानीय संस्कृति और व्यक्तिगत देखभाल उपलब्ध कराने की सुविधा देती है। साथ ही पर्यटकों को महंगे होटलों के विकल्प में स्थानीय संस्कृति से समृद्ध आवास और खान-पान की सुविधा प्रदान करती है। इससे पर्यटकों को एक अनोखा सांस्कृतिक अनुभव मिलता है, जबकि स्थानीय परिवारों को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध होता है। योजना विशेष रूप से पर्यटन की अधिक संभावना वाले जनपदों जैसे मथुरा, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और अयोध्या पर केंद्रित है। यही नहीं, प्रयागराज में महाकुंभ, अयोध्या दीपोत्सव और मथुरा रंगोत्सव जैसे आयोजनों के समय पर्यटन विभाग के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभदायक साबित होती है।

## अपना दल एस हरदोई जिला अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने वितरित किये कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई। अपना दल एस हरदोई जिला अध्यक्ष और बरौली के प्रधान राजेन्द्र गौतम के द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम ग्राम पंचायत बरौली विकास खण्ड कछौना में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर गरीब विधवाओं, दिव्यांगों और असहाय लोगों को प्राथमिकता देते हुए कंबल वितरित किए गए। आयोजकों का लक्ष्य था कि सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके ताकि उन्हें कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके कंबल के नीचे सुरक्षित महसूस करने के कई फायदे हो सकते हैं। यह चिंता को कम करने, आराम को बढ़ाने, नींद की गुणवत्ता में सुधार लाने और यहां तक कि कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे कि चिंता विकार या संवेदी प्रसंस्करण विकार के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है, इस मौके पर ग्राम पंचायत के सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।

# डीएवी कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

**समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, शिक्षक एवं प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ। डीएवी कॉलेज में शनिवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रबंधक आनंद तिवारी, प्राचार्य राजीव त्रिपाठी, अध्यक्ष सुनील मिश्रा और डॉ राम गोपाल मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, शिक्षक एवं प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व छात्र वेलफ़ेयर यूनियन के मनोज राय, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, धीरज पांडे, अवनींद्र सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, चारु मिश्रा, दयाशंकर पांडे, मनोज श्रीवास्तव ,मनीष मिश्रा, सोनू तिवारी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, संतोष वाजपेई, और अवनीश पाठक ने बड़ी माला, मोमेंटो व अंगवस्त्र पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डीएवी कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाएं देश को दी हैं। पूर्व छात्रों का यह मंच समाज और शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कॉलेज की आवश्यकताओं को लेकर हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। समारोह में वरिष्ठ शिक्षक संग्राम सिंह चौहान, डॉ संतोष कुमार अग्निहोत्री, आर सी खरे, डॉ मनोज पांडे, पूर्व अध्यक्ष लखनऊ विश्व विद्यालय सरोज तिवारी, रमेश श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, पूर्व अध्यक्ष के के सी माधुरी भूषण तिवारी, संजय शुक्ला, अनुज बाजपेई, प्रदीप सिंह, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, शैलेश बाजपेई शीलू, अंशू राजपूत, राम जी पाठक, प्रोफ़ेसर आर पी शुक्ला,विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संचालन एडवोकेट मनोज राय व रमन बाजपेई ने किया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस मौके पर 15 शिक्षक, 75 पूर्व छात्र सहित 150 लोगों को सम्मानित किया गया।

# युवक-युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थाना क्षेत्र में शनिवार को आलमनगर रेलवे स्टेशन के पास एक युवक-युवती का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिक जांच कर साक्ष्य एकत्र करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने शनिवार को बताया कि आलमनगर स्टेशन के पास रेलवे जलालपुर फाटक (डाउन लाइन) पर एक पुरुष एवं एक युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थाना तालकटोरा पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच की। फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके से प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर प्रथमदृष्टया मृतक युवती की पहचान अर्जुनगंज निवासी दीपाली (25) और निशातगंज का रहने वाला सूर्यकांत (40) के रूप में हुई है।थाना प्रभारी ने बताया कि दो दिन पूर्व युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दर्ज की गई थी। युवक शादीशुदा है, जबकि युवती ?अविवाहित थी। दोनों सदर में एक प्राइवेट ऑफिस में एक साथ कार्य करते थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। फिलहाल घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है।

# मोहनलालगंज ब्लॉक में तहरी भोज व पत्रकार समाजसेवी सम्मान समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के तत्वावधान में शनिवार को मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक, तहरी भोज तथा पत्रकार व समाजसेवी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक व तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसान, पत्रकार और समाजसेवी शामिल हुए। भारी भीड़ के चलते आयोजन जनसभात्मक रूप लेता दिखा, जहां किसान हितों, सामाजिक मुद्दों और संगठन की कार्ययोजना पर व्यापक चर्चा हुई।कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक सभागार में क्षेत्र के समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने से हुई। इस दौरान भाकियू (भानू) के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि समाजसेवी समाज के सच्चे प्रहरी होते हैं। उनकी सक्रियता से कुरीतियों का अंत और कमजोर वर्ग को न्याय दिलाना संभव हो पाता है।जिला अध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू ने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत है। किसानों को एक मंच पर एकजुट कर उनकी आवाज को मजबूत बनाना यूनियन का मूल उद्देश्य है।कार्यक्रम में पहुंचे निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक एवं भाकियू के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने कहा कि किसान और पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने पत्रकारों से किसान हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया, जिससे आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।सम्मान समारोह के दौरान भारतीय किसान यूनियन की ओर से पत्रकारों व समाजसेवियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिह्न स्वरूप डायरी और पेन भेंट किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश द्विवेदी, विमल सिंह, उमेश गुप्ता, डॉ. एस.बी. सिंह, मोइन खान, विजय जायसवाल, मनोज यादव, दिलीप मिश्रा, योगेन्द्र तिवारी, धीरज तिवारी, सूरज तिवारी, विवेक कुमार, आशीष पांडेय, शैलेन्द्र शुक्ला, आरिफ खान, आरिफ मंसूरी, मुकेश मिश्रा, बृजराज सिंह, जय सिंह यादव, प्रमोद सोनी, राघवेंद्र सिंह, करण रावत, चांद खान, प्रशांत त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, ललित मिश्रा, शनि पांडेय, नवीन वर्मा, सरोज यादव, शिवा मिश्रा, हिमांशु रावत, अरुण सिंह, अवनीश पांडेय, अनुराग तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, अमित यादव, नितिन जायसवाल, अशोक सिंह, उमेश वर्मा, अर्जुन सिंह फौजी, उमेश यादव, मोनिश खान, विशाल यादव, देवता दीन सहित बड़ी संख्या में किसान, पत्रकार और समाजसेवी मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन किसान एकता, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

# ज़रूरतमंदों को कम्बल वितरित, ठंड से राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सर्द् रातो मे जहाँ एक ओर घरो मे रहना मुश्किल हो रहा है वही जिनके घर नही होते हैं उनकी रात कैसे गुज़रती होगी ये सोचने वाली बात है कहा जाता है कि मानव सेवा भगवान की पूजा के बराबर होता है ऐसा ही कंबल वितरण का सराहनीय कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2026 को हुआ कम्बल वितरण के आयोजनकर्ता सदस्य प्रमोद प्रजापति ने इस अवसर पर कहा कि देश के रक्षामंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के द्वारा ये उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण लखनऊ पश्चिम विधानसभा 171 अंतर्गत कृष्णा लॉन हरदोई कानपुर रिंग रोड स्थित क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया है।

कार्यक्रम में उपविजेता विधायक अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर के महामंत्री पुष्कर शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. यू. एन. पाण्डे ,दीप प्रकाश सिंह मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र पांडे सत्येंद्र सिंह , महेंद्र राजपूत अंकित पांडे उदय चौरसिया राजेश लोधी बउआ प्रमोद प्रजाप्रति मंडल महामंत्री मनोज चौरसिया ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता उर्फ गोलू, शिवेन्द्र सिंह रंजीत गुप्ता विभोर अवस्थी भारत द्विवेदी मनोज रावत शीतल रावत उमेश शुक्ला सी पी मौर्य त्रिभुवन यादव विनोद यादव एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस जनसेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को राहत प्रदान की गई, जो सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

### मड़ियांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध पिस्टल व कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के थाना मड़ियांव पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस उपायुक्त उत्तरी के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी मड़ियांव शिवानंद मिश्र के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात पुलिस टीम को सूचना मिली कि मड़ियांव पुल के नीचे एक युवक अवैध पिस्टल के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया।तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध पिस्टल 7.65 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस 7.65 बोर एवं दो अदद जिंदा कारतूस 9 एमएम बरामद किए गए।गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम मोहम्मद कामरान पुत्र मोहम्मद इमरान, निवासी पजाया बिलाली मस्जिद के पास, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ बताया। अभियुक्त की उम्र लगभग 23 वर्ष बताई जा रही है।

### समाधान दिवस में पहुंची 3 शिकायतें,इसे थाना प्रभारी ने माना अपनी सफलता

**लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली में संपन्न हुए समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें ही पहुंची। इस बात को कोतवाली प्रभारी डी के सिंह अपनी सफलता बताया। कहा कि थाना दिवस में शिकायतें कम पहुंची। यही मेरे आने से हुए सुधार का लक्षण है।गोसाईगंज थाना समाधान दिवस सुबह अपने निर्धारित समय से आरंभ हो गया। एक बजे वहां पुलिस कर्मियों के अलावा कोई भी फरियादी नहीं रह गया। एसएचओ के अनुसार समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें पहुंची , तीनों ज़मीनी विवाद की थी। उन्हें लेखपालों के सौंप दिया गया है। लेखपाल जब अपनी रिपोर्ट देंगे उसके बाद देखा जायेगा।कार्यक्रम में पूरे समय एसएचओ व एसीपी निपुण अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर एक बजे पूरी तरह से सन्नाटा हो जाने के बाद ये दोनों पुलिस अधिकारी भी वहां से हट गए और मौके पर पड़ी हुई कुर्सियों को समेट कर रख दिया गया।

### आबादी की लगभग दो बीघा भूमि पर हो रही खेती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के घुसकर गांव में पूर्व में छोडी गई लगभग दो बीघा आबादी की ज़मीन पर दबंग भूमाफियाओं का कब्जा कर लिया गया है।इस मामले में लेखपाल कहते हैं कि यह सिविल का मामला।घुसकर गांव की गाटा संख्या 262 ,265 ,1143 व 1193 राजस्व अभिलेखों में आबादी दर्ज है। इन सभी नंबरों की भूमि पर गांव की महेश पुत्र खुशीराम ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।यह व्यक्ति इस भूमि पर कृषि कार्य कर रहा है।इस मामले में शिकायत कर्ताओ द्वारा बताया गया कि उनकी ओर कई बार प्रार्थना पत्र दिए गए किंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई । शिकायत कर्ताओं के अनुसार यह सब अवैध कब्जे लेखपाल की मिली भगत से किए जा रहे हैं । शिकायतें तो की गई लेकिन कार्रवाई करने के नाम पर जिम्मेदारों की ओर से कुछ भी कार्यवाही नहीं की गई। शिकायत करने वालो को बता दिया जाता है यह आबादी की भूमि है ।इस पर राजस्व विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है । इसी बात से ग्रामीणों में तहसील प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि गांव में यदि अवैध कब्जे को हटाया नहीं गया तो उनका संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा ।

### आगरा एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा टला, यातायात पुलिस की तत्परता से बची चालक की जान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक डीसीएम वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी छोटी नहर में पलट गया। हादसे के बाद वाहन चालक नहर में फंस गया, जिससे उसकी जान पर गंभीर खतरा मंडराने लगा।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद यातायात पुलिस ने बिना समय गंवाए साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। टीएसआई देवेश साही ने अपनी टीम के साथ तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नहर में भरे पानी और पलटे वाहन के बीच फंसे चालक को बाहर निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।समय रहते किए गए इस रेस्क्यू ऑपरेशन से एक बड़ा हादसा टल गया और चालक की जान बच सकी। चालक को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।यातायात पुलिस ने मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस की तत्परता से जल्द ही मार्ग को सुचारू करा दिया गया। फिलहाल मौके पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सतर्क और जिम्मेदार पुलिस व्यवस्था किस तरह संकट की घड़ी में जीवन रक्षक बन सकती है।

# मऊ गांव के तालाब के पास निकला विशालकाय अजगर, ग्रामीणों में दहशत

**वन विभाग की टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू , टली बड़ी अनहोनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव के बाहर स्थित तालाब के पास शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा। लगभग दस फुट लंबा अजगर अचानक दिखाई देने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजगर तालाब के किनारे झाड़ियों से निकलकर खुले स्थान की ओर बढ़ रहा था। अजगर को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल वन विभाग को अवगत कराया। पुलिस ने एहतियातन ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया।कुछ ही देर में मौके पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ अजगर को पकड़ने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।रेस्क्यू के उपरांत वन विभाग की टीम अजगर को प्राकृतिक और सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ने के लिए अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

# करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में आज हिन्दी साहित्य समिति 'सबरंग' के अंतर्गत हिन्दी विभाग द्वारा विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक सैयद नावेद अहमद एवं प्राचार्या प्रो. हुमा ख़्वाजा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ दुआ के साथ किया गया। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. ज़रीना सईद ने मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. हुमा ख़्वाजा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. ज़रीना सईद ने वैश्विक स्तर पर हिन्दी की भूमिका और उसके बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि प्रो. हुमा ख़्वाजा ने हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक पहचान की सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर शोध निबंध-लेखन एवं कहानी-लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।शोध निबंध प्रतियोगिता में अंजलि पाण्डेय ने प्रथम, सुहानी सिंह ने द्वितीय, लक्ष्मी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा शर्मा एवं करीना यादव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं कहानी-लेखन प्रतियोगिता में माही मिश्रा ने प्रथम, निशि इरशाद ने द्वितीय, अंजलि पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा लक्ष्मी शर्मा एवं पूजा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला।कार्यक्रम के अंत में डॉ. पूनम सिंह ने आभार ज्ञापन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. ज़रीना सईद के नेतृत्व में डॉ. पूनम सिंह, डॉ. अलका चतुर्वेदी, डॉ. अर्शिया रसूल, श्रीमती अनामिका तिवारी, डॉ. अजिता, डॉ. अरुणा सिंह एवं श्रीमती आरज़ू खान के सहयोग से संपन्न हुआ।

# कानून सबके लिए समान है, ऐसे में जो भी संविधान के विरोध में जाए उस पर सख़्त कार्यवाही हों : ऋतेश्वर जी महाराज

**भारत को अलग से हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं है, यह आदि काल से ही हिन्दू राष्ट्र रहा है : ऋतेश्वर जी महाराज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को लखनऊ विश्विद्यालय के सभागार में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ऋतेश्वर जी महाराज ने मैकाले की शिक्षा पद्धति से लेकर वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। महाराज जी ने कहा कि भारत को अलग से हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह आदि काल से ही हिन्दू राष्ट्र रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सभी के पूर्वज एक हैं, भले ही हमारी पूजा पद्धतियां अलग हो गई हों। जेएनयू और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारत को केवल 'मानसिक गुलामी' दी है। उन्होंने छात्रों से इस वैचारिक दासता को त्यागकर स्वदेशी बोध अपनाने का आह्वान किया। देश विरोधी तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के खिलाफ काम करने वालों को अपने कृत्यों का फल भुगतना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी संविधान के विरोध में जाए उसके खिलाफ सख़्त कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने बल दिया कि सब कुछ भारतीय संविधान के अंतर्गत ही सुनिश्चित होगा। वहीं उन्होंने लव जिहाद को मानवता के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध और एक घृणित कृत्य बताया। उन्होंने युवाओं को अपने धर्म और संस्कारों से मजबूती से जुड़े रहने की सीख दी। प्रेसवार्ता के दौरान प्रांत प्रचारक कौशल, विभाग प्रचारक अनिल, लखनऊ उत्तर विधायक डाक्टर नीरज बोरा, विधायक गोंडा सदर विधानसभा प्रतीक भूषण सिंह, संपर्क प्रमुख सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, डॉ विवेक सिंह तोमर, अनुराग साहू एवं आरएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों में बांटे ऊनी वस्त्र व कंबल गर्म चाय का भी हुआ वितरण



लखनऊ। भारतीय जन सेवा समिति ने राजाजीपुरम ई ब्लॉक मार्केट चौराहे पर कड़ाके की बढ़ती सर्दी को देखते हुऐ सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्र कंबल व चाय वितरण किया। समिति अध्यक्ष व व्यापारी नेता शैलेश बाजपेई शीलू ने कहा कि जरुरतमंद की मदद करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है जोकि विगत वर्ष से करती चली आ रही है और आगे भी करती रहेगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि समिति जनवरी माह में विभिन्न स्थानों पर अलाव की भी व्यवस्था करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप कुसुम गुप्ता, मीना चौबे, पिंकी शाक्य, शशी वर्मा, शिव हरि सिंह,आरके गौतम, हरिदास प्रजापति, साधना पाठक सारिका गुप्ता, वर्षा गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

# जौखंडी ग्राम पंचायत में सफाई की बदहाली, ग्रामीण आक्रोशित

**मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज विकासखंड के अंतर्गत आने वाली जौखंडी ग्राम पंचायत में स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नालियां गंदगी से भरी-भरी बजबजा रही हैं। गांव में बदबू और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय सफाई कर्मचारी की लापरवाही के कारण ग्राम पंचायत की समुचित सफाई नहीं हो पा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं करता।

कई बार नाली सफाई के लिए कहे जाने पर भी वह अपनी मनमानी करता है और सफाई कार्य में आनाकानी करता रहता है। परिणामस्वरूप अधिकांश नालियां चोक होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। गांव में कूड़ा-कचरा हर तरफ बिखरा हुआ है।इस समस्या से सबसे अधिक परेशानी जौखंडी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को हो रही है, जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कचरे के कारण बच्चों को पढ़ाई में असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी तरह पंचायत भवन और सामुदायिक आयुष्मान केंद्र भी खस्ता हालत में हैं। आयुष्मान केंद्र में भी गंदगी फैली हुई है, जिससे ग्रामीणों और आने-जाने वालों को भारी परेशानी होती है।ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी कभी-कभार ही आता है, कुछ चुनिंदा स्थानों पर हल्की-फुल्की सफाई करके फोटो खिंचवाता है और चला जाता है। इससे स्वच्छ भारत अभियान की मंशा पर पानी फिर रहा है।आक्रोशित होकर ग्रामीण युवक अंकुर उर्फ पोले शुक्ला ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में सफाई कर्मचारी की लापरवाही, नालियों की अनियमित सफाई, विद्यालय एवं आयुष्मान केंद्र की गंदगी के साथ ही समग्र स्वच्छता व्यवस्था की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सफाई कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाए, नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और नालियों की गहन सफाई कराई जाए, ताकि गांव में स्वच्छ वातावरण बहाल हो सके। स्थानीय प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# राज्यसभा सांसद ने मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किया जलाभिषेक एवं पूजन

**कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अपनी पत्नी पुवायां विधानसभा की पूर्व विधायक शकुंतला देवी के साथ जलाभिषेक कर विधि विधान से किया पूजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सोमनाथ पर हुए आक्रमण के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। इसी क्रम में विधानसभा पुवायां क्षेत्र के गांव अगोना बुजुर्ग/बेला कुटी स्थित मनकामेश्वर नाथ मंदिर शिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अपनी पत्नी पुवायां विधानसभा की पूर्व विधायक शकुंतला देवी के साथ जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने कहा कि सोमनाथ पर हुए आक्रमण के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नया भारत अपने गौरवशाली इतिहास, अटूट आस्था और आत्मसम्मान का स्मरण करते हुए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 के माध्यम से आगे बढ़ने का संकल्प ले रहा है। आज देशभर के शिवालयों में दीप प्रज्वलन एवं ऊँकार जप के आयोजन किए जा रहे हैं। हम सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिंए और अन्य लोगों को प्रेरित कर राष्ट्र स्वाभिमान के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिंए। कहा कि भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि वे राष्ट्र को शक्ति, समृद्धि और एकता प्रदान करें तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत सदैव अक्षुण्ण रखें। इस दौरान राजेश राजपूत, विपिन शुक्ला, महेश चंद्र शर्मा, सुरेश वर्मा, सर्वेश शर्मा, मनोज त्रिवेदी, संदीप सिंह प्रधान, दीपू अवस्थी, ऋषि कुमार, आदित्य सिंह, जयप्रकाश पांडे, प्रेमशंकर फौजी, सुरेश चन्द्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## मां संकटा देवी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

महमूदाबाद,सीतापुर। विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत तथा गुड़िया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मां संकटा देवी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।इस अवसर पर विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीया नीतू सिंह दिनकर, राष्ट्रीय संरक्षक एस. एस. दिनकर, लखनऊ कार्यालय प्रभारी एवं गुड़िया ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा रेनू वर्मा तथा गुड़िया ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव निखिल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में नीम, चंपा, सिंदूर, टिकौमा, चांदनी, कनेर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। इस पुनीत कार्य में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष कुमारी, पूनम वर्मा, पुष्पा देवी, अर्चना देवी, अरविंद कुमार, रेनू वर्मा, ममता देवी, मंजू वर्मा, लज्जावती, सुनीता देवी, फूलमती समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# छात्राओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति किया सशक्त

**नैमिषारण्य मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 चरण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नैमिषारण्य, सीतापुर। सीतापुर के थाना नैमिषारण्य क्षेत्र मे शुक्वार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 चरण के तहत सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया मूल चन्द्र महातिया विद्यालय के प्रांगण मे हुई इस गोष्टी मे पुलिस टीम ने छात्रओं को आत्मरक्षा और उनके अधिकारो के प्रति सशक्त किया।

क्रार्यक्रम के दौरान एंटी रोमियो टीम के सदस्यो ने बालिकाओं से सीधा संवाद किया उप निरक्षक प्रशांत सिंह और संजीत तिवारी ने छात्राओ को महत्वपूर्ण हे हेल्पलाइन नंबरो जैसा 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 मुख्यमत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 112 102 108 ना और साइबर अपराध से बचाव के लिए 1930 के बारे मे विस्तृत जानकारी दी अधिकारियो ने विषय परिस्थियो मे इन नम्बरो का उपयोग करने पर जोर दिया क्योकि सुरक्षा शासन की प्रथमिकता हैमहिला आरक्षी अपूर्वा दीक्षित ने छात्राओं की काउंसलिंग की उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वान किया टीम ने सरकार द्वारा नरी उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाव बेटी पढाओ और सामूहिक विवाह योजना के बारे मे भी बताया जिससे छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

# विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ''राष्ट्रभाषा हिंदी -जन-जन की भाषा ''विषयक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ततरोई, नैमिषारण्य । विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर स्थानीय सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटर कॉलेज कादीनगर में - ''राष्ट्रभाषा हिंदी -जन -जन की भाषा ''विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा कक्षा 9 से 12 के छात्रों के मध्य '' हिंदी भाषा की उन्नति, राष्ट्र की उन्नति'' विषय पर निबंध तथा गीत कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षा प्रेमी देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि भारत में प्रथम बार सन 1975 ईस्वी में नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन 10 से 14 जनवरी तक आयोजित किया गया था तभी से आज की तारीख में यत्र- तत्र- सर्वत्र हिंदी भाषा प्रेमी हिंदी की समृद्धता हेतु उक्त आयोजन करते हैं ।हिंदी भाषी क्षेत्र के साथ-साथ आज हिंदी वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का साहित्य बहुत ही समृद्धशाली है जिसमें बहुत सी कालजई रचनाएं सृजित की गईं जो आज घर-घर गाई व पढ़ी जाती हैं। उन्होंने कहा भाषा अभिव्यक्त का माध्यम होती है और इसलिए हमें अपनी अभिव्यक्ति अपनी निजी भाषा हिंदी में ही व्यक्त करनी चाहिए ।उन्होंने बताया कि हिंदी के महान साहित्यकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी ने कहा था- ''निज भाषा भाषा अहै, सब उन्नति को मूल । बिनु निज भाषा के मिटै न हिय को शूल। इस अवसर पर सुनैना नंदा ,सुनील, कपिल, रंजीत ,शैलेंद्र ,अश्विनी, आलोक, पिंकी, पलक ,पूजा ,आकांक्षा, जूली ,स्वीटी, मोहिनी, चंद्रशेखर आजाद ,कन्हैयालाल श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कक्षा 10 की छात्रा साक्षी वर्मा ने हिंदी के महत्व पर स्वरचित गीत प्रस्तुत किया जिसको बहुत ही सराहना मिली। हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि देवेंद्र ठाकुर के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## मिशन शक्ति केन्द्रों में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केन्द्र की मानक संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आई गोट पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण वीडियो को दिखाया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केन्द्रों पर पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं, त्वरित सहायता, शिकायत प्राप्ति और निस्तारण प्रक्रिया, कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं समयबद्ध बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद में स्थापित सभी मिशन शक्ति केन्द्रों को अधिक दक्ष, सक्रिय एवं जनसहायक बनाना है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहयोग के क्षेत्र में पुलिस कार्यवाही को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# एसपी ने किया बाल शिशु गृह, बाल मित्र केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन

**निरीक्षण के बाद उन्होंने थाना पर नवनिर्मित बाल शिशु गृह, बाल मित्र केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना जलालाबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना भवन, अभिलेख एवं आवश्यक रजिस्टर, मालखाना, हवालात, आरक्षी बैरक, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीवी प्रणाली, बीट सूचना व्यवस्था, साफ-सफाई व थाने की समग्र कार्यप्रणाली का जायजा लिया और संबंधित को अनुशासन, सतर्कता, जनता के प्रति विनम्र व्यवहार एवं त्वरित पुलिस सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने थाना पर नवनिर्मित बाल शिशु गृह, बाल मित्र केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी ने बताया कि असहाय, परित्यक्त तथा संकटग्रस्त बच्चों के तात्कालिक संरक्षण एवं सुरक्षित आश्रय के लिए थाने में बाल शिशु केन्द्र स्थापित किया गया है। इसमें बच्चों के भोजन, प्राथमिक उपचार, परामर्श व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यह केन्द्र बच्चों के सुगम पुनर्वास की दिशा में सहायता करेगा। वहीं, बाल मित्र केन्द्र बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशील, सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण प्रदान करेगा। यह केन्द्र चाइल्ड एब्यूज रोकथाम, साइबर जागरूकता, ट्रैफिक शिक्षा व स्कूल आधारित कार्यक्रमों के संचालन का मुख्य केंद्र बनेगा।

इसके अलावा मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं व बालिकाओं की शिकायतों का त्वरित पंजीकरण, निस्तारण, सहायता और परामर्श के साथ नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन होगें। निर्देश दिए कि मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं को भयमुक्त, सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में केंद्रीय भूमिका निभाए। इस दौरान एसपी ग्रामीण, एसपी सिटी, सीओ सदर, सीओ सिटी, सीओ तिलहर, सीओ जलालाबाद, सीओ ट्रैफिक, सीओ कार्यालय, थाना जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# मझगईं वन रेंज में बाघ का हमला, 60 वर्षीय ग्रामीण की हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में एक बार फिर बाघ के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मझगईं वन रेंज के अंतर्गत ग्राम बेला गांव में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे 60 वर्षीय ग्रामीण पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित ग्रामीण रोज़ की तरह मनरेगा कार्य में लगा हुआ था। इसी दौरान जंगल की ओर से आए बाघ ने उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से ग्रामीण जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने शोर मचाया, जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया।घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया।सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी बाघ की मौजूदगी देखी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मनरेगा जैसे कार्य जंगल से सटे इलाकों में कराए जा रहे हैं, जिससे जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है।फिलहाल, बाघ के हमले के बाद बेला गांव और आसपास के इलाकों में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है, जबकि प्रशासन की ओर से आगे की कार्रवाई और सुरक्षा उपायों को लेकर तैयारी की जा रही है।

# फूलबेहड़ में सामूहिक धर्मांतरण का आरोप सुरजीपुरवा गांव में बढ़ा तनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के फूलबेहड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरजीपुरवा गांव में सामूहिक धर्मांतरण की कोशिश को लेकर शुक्रवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब हिंदू संगठनों ने गांव में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराने की तैयारी का आरोप लगाया। संगठनों का दावा है कि करीब 70 ग्रामीणों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

हिंदू संगठनों के अनुसार, एक पादरी द्वारा ग्रामीणों को नदी किनारे ले जाया गया, जहां कथित रूप से धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया कराए जाने की तैयारी थी। आरोप है कि गांव के बीमार और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इलाज, मदद और सुविधाओं का झांसा देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।सूचना मिलने पर जब हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तो कथित आयोजक धार्मिक पुस्तिकाएं और अन्य सामग्री छोड़कर वहां से फरार हो गए। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे, जिनसे संगठनों ने बातचीत की और पूरे मामले की जानकारी जुटाई।घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद संगठनों ने पुलिस कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मामला अत्यंत संवेदनशील है और समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है।वहीं, संगठनों ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने और धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियों पर सख्त निगरानी की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।फिलहाल मामला संवेदनशील बना हुआ है। पुलिस की ओर से जांच शुरू किए जाने की बात कही जा रही है, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर आधिकारिक बयान का इंतजार है।

## शिव हॉस्पिटल के नाम से दो अलग-अलग संस्थान, आम जनता में भ्रम हालात

लखीमपुर-खीरी। गोला क्षेत्र में ''शिव हॉस्पिटल'' के नाम को लेकर लगातार भ्रम की स्थितियां बनी हुई है निजी हॉस्पिटल के एक समान नाम होने के कारण आमजन ही नहीं, बल्कि समाचार पत्रों में भी ऐसी खबरें प्रकाशित हो रही हैं, जिनमें स्वास्थ्य महकमें के द्वारा दो अलगऽअलग पंजीकृत निजी अस्पतालों को एक ही मानकर उल्लेख किया जा रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे भिन्न है।प्राप्त तथ्यों के अनुसार गोला मे स्थित ''शिव हॉस्पिटल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर टख्नक्क2118332 है, उसके मालिक दिव्या तिवारी हैं। यह अस्पताल अपने पंजीकरण के अनुरूप स्वतंत्र रूप से संचालित है वहीं दूसरी ओर एक अलग शिव हॉस्पिटल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर टख्नक्क2447476 है, वह भी स्वतंत्र इकाई है और उसके मालिक अमित कुमार पाण्डेय हैं जो शहर लखीमपुर में संचालित हैं दोनों अस्पतालों का स्वामित्व, पंजीकरण और संचालन एक-दूसरे से पूरी तरह अलग है।इसके बावजूद हाल के दिनों में समाचार पत्रों में प्रकाशित कुछ खबरों व शोसल मीडिया पर भ्रामक अपडेट में दोनों निजी हॉस्पिटलों को एक ही समझकर प्रस्तुत किया गया, जिससे स्थिति और अधिक भ्रमित हो गई। नाम की समानता के कारण पाठकों और स्थानीय लोगों में यह धारणा बन रही है कि दोनों एक ही अस्पताल हैं, जबकि पंजीकरण क्रमांक ही यह स्पष्ट कर देता है कि दोनों की पहचान अलगऽअलग है।संबंधित पक्षों का कहना है कि शिव हॉस्पिटल से जुड़ी किसी भी खबर या जानकारी में अस्पताल का पूरा नाम, स्थान और रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाना आवश्यक है, ताकि दोनों संस्थानों की अलग पहचान बनी रहे और गलतफहमी की स्थिति उत्पन्न न हो।दोनों अस्पतालों के संचालकों द्वारा यह स्पष्टीकरण जनहित में सामने आया है, ताकि समाचारों के माध्यम से फैले भ्रम को दूर किया जा सके और गोला क्षेत्र के लोगों तक शिव हॉस्पिटल से जुड़ी सही व स्पष्ट जानकारी पहुंच सके।

## जोन, सेक्टर और बूथ स्तर तक दल को करें मजबूत



जहांगीराबाद, सीतापुर । अपना दल (एस) की विधानसभा सेवता की समीक्षा बैठक शनिवार 10 जनवरी को क्षेत्र के बड़हीडीह गांव में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कालिका प्रसाद पटेल ने की तथा संचालन अवधेश कुमार वर्मा ने किया। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपना दल(एस) के सेवता विधानसभा प्रभारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से दल को मजबूती प्रदान करने के लिए जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक समितियों का गठन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब हमारे कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूत होंगे तभी हम बढ़ चढ़ कर आगामी चुनावों में अपना दमखम दिखा सकते हैं। उन्होंने दल के विस्तार पर भी चर्चा की। बैठक शुरू होने से पहले सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल,डा0 भीमराव आंबेडकर तथा दल के संस्थापक बोधिसत्व डा0 सोनेलाल पटेल आदि महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। पिछली कार्यवाही भी पढ़कर सुनाई गई जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, जिला महासचिव वीरेंद्र पटेल, संतोष, सचिन यादव, ओमकार, राकेश कुमार, छन्नू लाल यादव मोहम्मद अजाज, अर्जुन, विजय कुमार, पुतान प्रसाद, महाराज सिंह व दयाराम चन्द्र सेनी सहित लगभग दो दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 07 जनवरी को थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक व्यक्ति ने थाना रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी आकाश उर्फ ओम गुप्ता पुत्र रामप्रकाश के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि ओम गुप्ता उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी क्रम मे पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद किया। इसके बाद किशोरी के मेडिकल और उसके बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त ओम गुप्ता को वाईके सिंह अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त ओम गुप्ता पर पूर्व में भी थाना सदर बाजार, थाना आरसी मिशन और थाना कोतवाली में करीब आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## 26 फरवरी तक चलेगा कंग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्रामः रजनीश गुप्ता

शाहजहांपुर। कंग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउनहाल में आयोजित प्रेसवार्ता में कंग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा अधिनियम में संशोधन तथा उसका नाम बदल दिया। जिसके विरोध में पार्टी 10 जनवरी से 26 फरवरी तक मनरेगा बचाओ संग्राम नामक जनआंदोलन चलाएगी। जिसके तहत 11 जनवरी को घंटाघर पर डा. अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास रखा जाएगा। 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर मनरेगा चौपाल एवं जनसंपर्क अभियान चलेगा। जिसमें कंग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों व मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं एवं पर्चा वितरण होगा। 30 जनवरी से वार्ड एवं ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित होगें। 31 जनवरी से 6 फरवरी तक डीएम कार्यालय पर जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना एवं ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की जाएगी। 07 फरवरी से 15 फरवरी के बीच प्रदेश कंग्रेस कमेटी के नेतृत्व में लखनऊ में विधानसभा का घेराव होगा।

# खलिहान की बेशकीमती जमीन पर बने दर्जनों निर्माणाधीन मकान, शिकायतों के बाद भी कार्यवाही शिफर

**प्रशासन नही हटवा सका खलिहान की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा, हटवाने की मांग**

**लेखपाल समेत जिम्मेदारो पर खलिहान की जमीन पर कब्जा कराने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन जहां सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अभियान चला रहा है वहीं दूसरी तरफ कब्जा हटवाने की जिम्मेदारी संभाल रहे राजस्वकर्मी व सम्बंधित जिम्मेदार ही इन जमीनों पर अपने चहेतों व मोटी रकम लेकर कब्जा कराने में जुटे हैं।

इसी क्रम में मामला जनपद खीरी की तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौकिहा का है, जहाँ जिम्मेदारों पर ही अवैध कब्जेदारों को संरक्षण देने के आरोप लग रहें है स्थानीय शिकायतकर्ता ने खलिहान पर कब्जे सहित घरौंनी में अनियमिताओं की शिकायत जिलाधिकारी, सहित आयुक्त एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद को की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी पुत्र स्व0 सुरेश चन्द्र तिवारी ग्राम व पोस्ट लौकिहा तहसील लखीमपुर परगना श्रीनगर जिला खीरी ने गांव में गाटा संख्या- 220 रकबा 0.267 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज को वर्तमान ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल अजय कुमार द्वारा गैर कानूनी तरीके से स्वयं का हित साधते हुये कुछ लोगों को कब्जा करवाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया किकुछ लोग अवैध काबिज हैं,वहीं कुछ को अभी भी अवैध कब्जा करवाने हेतु आश्वासन दिया जा रहा है। उपरोक्त सरकारी भूमि पर लोगों ने मकान, टीन शेड, छप्पर आदि बना कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, इसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा पूर्व में की गई थी एवं आंशिक रूप से कार्यवाही के आदेश भी दिये गये थे,किन्तु लेखपाल द्वारा एक बार फिर कब्जेदारो से मोटी रकम वसूल कर उनको छोड़ दिया गया। एक कब्जेदार के खिलाफ उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) की कार्यवाही की गई थी। बाद में उससे भी समझौता कर लिया जिससे उसको भी अभी तक बेदखल नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान व लेखपाल द्वारा खुलेआम ग्राम पंचायत की भूमि और अन्य सरकारी संपत्तियां बिक्री की जा रही हैं। शिकायत करने पर उल्टा शिकायतकर्ता को धमकाना शुरू कर देते हैं, इनके हौसले बुलन्द हैं और बे खौफ गांव की सरकारी संपत्तियों की बिक्री कर रहे हैं। प्रार्थी द्वारा की गयी शिकायतों से खिन्न उपरोक्त आरोपी प्रार्थी के भाई अमित कुमार की मृत्यु दिनांक- 28 अप्रैल 2024 को होने के बाद उसकी पत्नी अंकिता के नाम घरौनी बनना था, लेकिन ग्राम प्रधान व स्थानीय लेखपाल द्वारा बेवा अंकिता पत्नी स्व. अमित कुमार की घरौनी नहीं बनाई है वहीं प्रार्थी को भी घरौनी नहीं मिली है, उक्त लोगो से घरौनी मांगने पर टाल मटोल कर रहे है प्रार्थी को आशंका जाहिर की है कि उक्त लोगो ने शिकायत कर्ता के परिजनों आदि की घरौनी नहीं बनाई है शिकायतकर्ता ने मामले की जांच करवाते हुए दोषी लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने व सरकारी सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त करवाने सहित घरौनी के लिये भटकते ग्रामीणों को घरौनी प्रपत्र दिलाये जाने की मांग की है।

# एसएसपी द्वारा थाना समाधान दिवस का आयोजन, सुनी फरियादियों की समस्याओं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ द्वारा थाना अलापुर पर थाना दिवस/समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं शनिवार को थाना दिवस/ समाधान दिवस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना अलापुर पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया,साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। थाना दिवस / समाधान दिवस रजिस्टर चेक कर सम्बन्धित को अद्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया द्वारा थाना वजीरगंज पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थानों पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा थाना अलापुर के समस्त चौकीदारों की मीटिंग कर क्षेत्र के बारे में जानकारी की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया। इस दौरान ठन्ड के प्रकोप को देखते हुये प्रत्येक चौकीदार को एक-एक कम्बल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी दातागंज कृष्ण कुमार तिवारी तथा थानाध्यक्ष अलापुर उदयवीर सिंह मय समस्त पुलिस बल के मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 की विशेषताओं की दी जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उप्र/प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने जिला पंचायत सभागार में विकसित भारत-गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविकास मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 की विशेषताओं के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की। मंत्री ने बताया कि मनरेगा में जो खामियां थी उनको दूर कर वीबी-जी राम जी योजना लाई गयी है। यह योजना एक आपूर्ति आधारित मॉडल है, जिसमें रोजगार पूर्व-अनुमोदित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से प्रदान किया जाएगा और इसका बजट निर्धारित होगा। इस योजना में 125 दिन प्रति ग्रामीण परिवार प्रति वर्ष अनुमन्य है। जो मनरेगा में 100 दिन ही थी। कृषि कार्य के दौरान इस बिल में पहली बार बुवाई और कटाई के चरम कृषि मौसम के दौरान 60 दिनों तक कार्य बन्द रहेंगे, ताकि खेतों में मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस योजना की देख-रेख एक नवगठित केन्द्रीय व राज्य ग्रामीण रोजगार गांरटी परिषद द्वारा की जायेंगी। पहले मनरेगा श्रमिकों के भुगतान में काफी दिक्कते होती थी अब भुगतान एक सप्ताह में करना होगा। यदि भुगतान एक सप्ताह में नही होता है तो ब्याज सहित भुगतान कराना होगा, इसके साथ ही यदि रोजगार नही दे पा रहे है तो बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रविधान है। वीबी-जी राम जी में ग्रामीण अवसंरचना के कार्यो को प्राथमिकता से कराने का प्राविधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने का अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जब गांव विकसित होगा तभी जनपद विकसित होगा। जब जनपद विकसित होगा तब प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तो देश विकसित होगा इस लिए गांवों को विकसित करना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिला अध्यक्ष अपना दल कुवर सतेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहें।

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना में 35 हजार रुपए तक पुरस्कार, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15000/ एवं युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000/एवं युवक, युवती दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/की धनराशि पुरस्कार स्वरूप उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि जिन दम्पत्तियों का विवाह वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं गत वित्तीय वर्ष 2024-25 (01 अप्रैल 2024 से अब तक) में सम्पन्न हुआ हो वह आवेदन करने के पात्र होंगे। शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक। दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकरदाता की श्रेणी में न हो। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक दम्पत्ति अपना ऑनलाइन आवेदन बेबसाइट पर तत्काल करें। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को निम्न प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक अभिलेखों के बारे में बताया कि इसके लिए दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुए संयुक्त नवीनतम फोटो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में दम्पत्ति का संयुक्त बैंक खाता, ऑनलाइन किये गये आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों की फोटो प्रति सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 103 विकास भवन बदायूँ में जमा करना होगा।

# जनपद के समस्त विकास खण्डों में सफलतापूर्वक हुआ ग्राम चौपालों का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को जनपद के समस्त विकास खण्डों की 02-02 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। ग्राम चौपालों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना, उनसे सीधा संवाद स्थापित करना एवं मौके पर समस्याओं का समाधान करना है। चौपाल के दौरान पेंशन से संबंधित 12 एवं आवास से संबंधित 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

आयोजित ग्राम चौपालों में विकास खण्ड अंबियापुर की ग्राम पंचायत भेटाजबी एवं हैबतपुर, आसफपुर की बसौमी एवं गुलैरिया, बिसौली की आदपुर एवं अतरपुरा, दातागंज की लालपुर खादर एवं सराय पिपरिया, देहगवां की सराय उर्फ विजयगढ़ी एवं दादरा, इस्लामनगर की लस्करपुर ओय्या एवं नादेरी, जगत की कुपरी एवं जखेली, म्याऊं की नगलिया चिकन एवं गुराना, कादरचौक की मुगरा टटैयी एवं निजामाबाद, सहसवान विकास खण्ड की रमपुरा टी. रियौना एवं खांडुवा, सालारपुर की खासपुर एवं परोलिया, समरेर की बरहाई सहोरा एवं बौरा, उझानी की सांजरपुर बलजीत एवं बसंत नगर, उसावां की अकबरपुर एवं भुंडी तथा वजीरगंज की लहरा लाडपुर एवं रैहरिया ग्राम पंचायतों में चौपालें आयोजित की गईं।

ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं जैसे पेंशन योजनाएँ, आवास योजनाएँ, स्वच्छता, मनरेगा, राशन, स्वास्थ्य एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा प्राप्त शिकायतों में से पेंशन से संबंधित 12 एवं आवास से संबंधित 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि शेष समस्याओं का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान कराया जाएगा। ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं गांवों के समग्र विकास को गति देने का प्रयास किया गया। बता दें कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में आगामी 27 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को समस्त ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्या, गाँव में समाधान) का आयोजन कराया जाएगा। ग्राम चौपालों के दौरान सम्बंधित विकासखण्डों के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 12 जनवरी को होंगे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत साक्षात्कार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद के पारम्परिक कारीगरों जैसे नाई, कुम्हार सुनार, राजमिस्त्री एवं मोची ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ में आनलाईन आवेदन किया हो एवं आवेदनकर्ता अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में इस योजना योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नही लिया हो। ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 12 जनवरी 2026 को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आंवला रोड सालारपुर बदायूँ में पूर्वान्ह 11.00 बजे से आयोजित किये जायेगें। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी व आवेदक आवेदन पत्र में अपलोड किये गये अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित इन तिथियों में होने वाले साक्षात्कार में भाग ले करते हैं।

## अनुवादित न्यायिक निर्णय अब ऑनलाइन उपलब्ध, आमजन को मिलेगा सीधा लाभ

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेशानुसार/निर्णय के माध्यम एवं माननीय न्यायालय के आदेश दिनांकित 29.10.2025 एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा आम जनमानस इस निर्णय अनुवाद का अधिक से अधिक लाभ उठायें अब हर व्यक्ति निर्णय को अच्छे से पढ़ और समझ सकेगा साथ ही ग्रामीण समुदायों, हाशिए पर स्थित समूहों और स्वयं प्रतिनिधित्व करने वाले वादियों को लक्षित करते हुए अनुवादित निर्णयों जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अनुवादित निर्णयों की प्रति उपलब्ध जिसे आसानी से माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट से जनसाधारण देख व प्राप्त कर सकते है।

## चीनी मिल के सामने पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका से मचा हड़कंप

चन्दौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद संभल के क्षेत्र थाना बनियाठेर क्षेत्र का मामला, एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। हयातनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम जैरोई निवासी मुन्ना लाल का शव मझावली चीनी मिल के सामने एक पेड़ से लटका हुआ मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक मझावली स्थित एक होटल पर काम करता था और रोज की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसका शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला। जिस तरह से शव बरामद हुआ है, उससे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली चन्दौसी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। घटनास्थल को सील कर फॉरेंसिक टीम से जांच कराई गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने युवक की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह साफ होगी। इस रहस्यमयी और सनसनीखेज मौत से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर मेहनत-मजदूरी करने वाले युवक की मौत के पीछे कौन है और क्या यह एक सोची-समझी साजिश है। पुलिस के लिए यह मामला अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## दोनों पक्षों को संतुष्ट करने के लिए मौके पर पहुंचकर अधिकारी करें शिकायतों का निस्तारण : डीएम

औरैया। उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने शनिवार को थाना कुदरकोट में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की ?फरियाद सुनी। समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने संबंधित हल्का इंचार्ज, लेखपाल एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण करे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण सभी पक्षों की उपस्थिति में किया जाए, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट हों और समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस टीम को आपसी समन्वय के साथ मौके पर जाकर जांच करने और शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन कुदरकोट थाना भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर तहसीलदार बिधूना शर्मनानन्द, संबंधित थानाध्यक्ष, लेखपाल, पुलिसकर्मी एवं शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## भटनी रेलवे स्टेशन 98 हजार की शराब बरामद

देवरिया । अराध सूचना शाखा मुख्यालय गोरखपुर और रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी (आरपीएफ) एवं अआशा भटनी की संयुक्त टीम द्वारा भटनी रेलवे स्टेशन पर लावारिस अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के दौरान की गई। टीम द्वारा भटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 और 5 पर देवरिया साइड अंतिम छोर पर संदिग्ध स्थिति में रखे गए दो बड़े पिट्ठू बैग एवं 11 झोलों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसमें 603 ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की टेट्रा पैक (प्रत्येक 180 एमएल), 76 अदद रैफल्स मैच्योरड रम टेट्रा पैक (प्रत्येक 180 एमएल), 08 अदद ओल्ड सिग्नेचर रेयर एज्ड व्हिस्की (प्रत्येक 750 एमएल) तथा 01 ओएसिस लंदन वोडका (750 एमएल) शामिल है। बरामद की गई शराब की अनुमानित कीमत 97,480 रुपये की है। जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी (आरपीएफ) को सुपुर्द किया गया । इस दौरान निरीक्षक दुर्गेश कुमार, उप निरीक्षक अबु फरहान गफ्फार, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल बृजबहादुर तथा कांस्टेबल राघवेन्द्र साहनी (अआशा फील्डमुख्यालय गोरखपुर), हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर कुशवाहा एवं कांस्टेबल रमेशचंद यादव (रेसुब पोस्ट भटनी आरपीएफ) तथा कांस्टेबल धनंजय राव (अआशा भटनी) द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई।

# कम पानी में मोती की खेती बन सकती है किसानों की अतिरिक्त आय का सशक्त साधन : डॉ अयूब हुसैन

कानपुर । खेत, तालाबों में मोती की खेती कम पानी और सीमित संसाधनों में अतिरिक्त आय का प्रभावी साधन बन सकती है। पारम्परिक खेती के साथ यदि किसान मोती उत्पादन को अपनाते हैं तो यह उनकी आय बढ़ाने का सशक्त विकल्प बन सकता है। मोती की खेती वैज्ञानिक पद्धति और तकनीकी प्रशिक्षण पर आधारित है, जिससे कम समय में बेहतर प्रतिफल संभव है। यह जानकारी शनिवार को मणि एग्रो हब कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अयूब हुसैन ने दी।

भूमि संरक्षण कार्यालय में खेत तालाब योजना के अंतर्गत निर्मित तालाबों में मोती की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मोती उत्पादन की आधुनिक तकनीक, लागत, सम्भावित लाभ और विपणन की सम्भावनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

डॉ. अयूब हुसैन ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण मोतियों की बाजार में लगातार मांग बनी हुई है। उन्होंने किसानों को उत्पादन से लेकर विपणन तक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मणि एग्रो हब कम्पनी के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने मोती की खेती के व्यावसायिक पहलुओं पर जानकारी साझा करते हुए किसानों को इस नवाचार आधारित कृषि गतिविधि से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कानपुर और उन्नाव जनपद के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। मोती मत्स्य उत्पादन में रुचि रखने वाले कृषकों में वीरेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम सिकटिया सरसौल, देवेन्द्र कुमार वर्मा ग्राम घाटमपुर, अमिता सचान ग्राम बिच्छीपुर सहित सैकड़ों किसानों ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया और इस नवाचार को अपनाने में रुचि जताई।

इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक देव शर्मा, उप कृषि निदेशक डॉ. आरएस वर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी आरपी कुशवाहा, जिला कृषि अधिकारी प्राची पाण्डेय, पूर्व अपर कृषि निदेशक बीपी राजपूत, पूर्व संयुक्त कृषि निदेशक उमेश कटियार, सहायक निदेशक मत्स्य सुनील कुमार सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (भानू) की बैठक आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल । आज भारतीय किसान यूनियन (भानू) जनपद संभल की एक बैठक जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ़ बिट्टू ठाकुर के आवास पर हुई। जिसमें नगर और जिले की टीम के विस्तार को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (भानू) जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू ठाकुर ने अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने को कहा। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखवीर पाल जी ने किसानों के हित के बारे में सोचते हुए कहा- कि भारतीय किसान यूनियन (भानू ) के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को सुन व देखकर निस्तारण करने का प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर काम करना होगा। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ़ बिट्टू ठाकुर, ने जिला उपाध्यक्ष ओमकार सिंह उर्फ राजू ठाकुर , जिला संगठन मंत्री, राजकुमार सिंह, जिला महासचिव रामखिलाड़ी प्रजापति, जिला सचिव पिछड़ा मोर्चा दानिश रफी आदि को पद नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में - रामजी तोमर प्रदेश महासचिव, कौशलेंद्र प्रताप सिंह सभासद जिलाध्यक्ष मजदूर सभा, आकाश जिला उपाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सुखबीर सिंह पाल राजीव, अनीस एवं मेहंदी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी और सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

# प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उप्र/प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सर्वे में यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र लाभार्थी का नाम सर्वे में न छूटें। निराक्षित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अभी भी सड़कों पर निराश्रित गोवंश घूमते हुए दिखाई पड़ते है तो यह सुनिश्चित कराया जाये कि शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, इसके लिये आवश्यकतानुसार गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कराया जायें। गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुए शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुचाया जाये, जिससे किसानों को फसल सिचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हो इसकी समुचित व्यवस्था करायी जायें। किसानो को क्रय केन्द्रों में आसानी से सुगमता के साथ विक्रय करने में सहूलियत मिलें। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की मरम्मत कार्यो की जांच करवाकर ही कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जायें, कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर कार्यदायी संस्था का भुगतान न किया जाये तथा उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के शेष बचे दिनों में सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत दर्जी ट्रेड के 10 लाभार्थी स्वाति, शैलू सोनकर, अनामिका शुक्ला, दरक्शा, रेनू, शीबा फातिमा, तेजस्वी सिंह, अनीता वर्मा, श्रद्धा बाजपेयी एवं नेहा को टूल किट वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, डीएफओ प्रखर मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकारों ने बताई समस्या, प्रभारी मंत्री ने कहा आप लोग लिखकर शिकायती पत्र दें

रायबरेली। प्रभारी मंत्री राकेश सचान से रायबरेली के पत्रकारों ने समस्याओं की चर्चा करते हुए बताया कि रायबरेली की सड़कों पर भरा पानी इस पर कोई अधिकारी व नेताओं का ध्यान नहीं जा रहे हैं। इस पर आप थोड़ा सा अमल करने की करें तो प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि आप लोग इन समस्याओं का शिकायती पत्र दें तो इसका निराकरण अवश्य कर देंगे। इस मौके पर मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, एमएलसी रंजन चौधरी, सालों विधायक अशोक कोरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत-जी राम जी कानून से ग्रामीण रोजगार को नई मजबूती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं कारागार विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने ळ्विकसित भारत रोज गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रा मीण,वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025ङ्क को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक और क्रांति कारी कदम बताया। शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में इस अधिनियम से संबंधित आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।मंत्री ने कहा कि संसद द्वारा हाल ही में पारित यह अ धिनियम ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूत आधार देगा।इसके तहत अब ग्रामीणों को 100 के स्थान पर 125 दिनों का गारंटी रो जगार मिलेगा, जो मेहनतकश समाज के लिए बड़ा बदलाव है।उन्होंने बताया कि नए अधिनि यम में बेरोजगारी भत्ता का अधिकार वास्तव में कानूनी अधिकार बन गया है।अब यदि काम मां गने पर कार्य नहीं मिलता, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः देय होगा। वहीं, मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा म जदूरी के साथ दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।अब योजना नि र्माण की स्वतंत्रता ग्राम स्तर पर होगी।ग्राम स भा में ही कार्यों का चयन किया जाएगा और ग्राम पंचायत अपनी विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करेगी। कोई भी कार्य ऊपर से नहीं थोपा जाएगा।

### कार्यों को चार प्रमुख श्रेणिया

(1 ) जल सुरक्षा व संरक्षण ( 2 ) ग्रामीण अव संरचना( 3 ) आजीविका संवर्धन ( 4 ) जल वायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य में विभाजित किया गया है,जिससे सतत विकास और स्थायी आजीविका को बढ़ा वा मिलेगा।उन्होंने बताया कि सभी विभागों के कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरच ना स्टैक पर एकत्र होंगे, जिससे दोहराव रुकेगा, विभागीय समन्वय बढ़ेगा और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण होगा।साथ ही, कृषि मजदूरी समन्वय के तहत बुवाई व कटाई के समय कुल 60 दिनों की अवधि में इस अधिनियम के कार्य नहीं कराए जाएंगे, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हों।उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा के अंतर्गत चल रहे सभी कार्य सुरक्षित हैं, कोई काम नहीं रुकेगा। वीबी–जी राम जी लागू होने के बाद नए प्रावधानों के अनुसार अतिरिक्त कार्य शुरू होंगे, जिससे रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे।अंत में उन्होंने कहा कि अधिनियम के पूर्ण रूप से ला गू होने पर ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार और बढ़ी हुई मजदूरी दरों का लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इस योजना से संबंधित जानकारी केवल सरकारी स्रोतों या पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त करें।

### मजदूरों को कैसे मिलेगा योजना का लाभ

इस योजना से ग्रामीण मजदूरों को भी फायदा मिलने वाला है। इसके तहत 100 के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं से यह सुनि श्चित होगा कि मजदूरों को बेहतर रोजगार विक ल्प उपलब्ध हो सकेंगे।फर्जीवाड़ा रोकने के लि ए भुगतान में बायोमेट्रिक और आधार से वेरि फिकेशन को अनिवार्य रखाजाएगा अगर किसी मजदूर को 125 दिन तक काम नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा,ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली अच्छी सड़कों, वॉटर बॉडी और अ न्य सुविधाओं का लाभ मजदूरों को भी मिलेगा,

# एसडीएम नानपारा ने रैन बसेरे व अलाव स्थलों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत शुक्रवार को देर रात उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने नगर पंचायत रूपईडीहा व नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत चिन्हित स्थानों पर जलवाये जा रहे अलावों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय समस्त स्थानों पर अलाव जलते मिले। अधिशासी अधिकारी रुपईडीहा व नायब तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन चिन्हित स्थानों पर समय से अलाव जलवाये जायें ताकि किसी भी व्यक्ति को ठंड में किसी भी तरह की कोई परेशानी न होने पाये। अलाव के निरीक्षण के दौरान मौजूद लोगों से वार्ता कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गई।

एसडीएम श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील प्रशासन सभी ज़रूरतमन्दों के लिए 24 घंटे तत्पर है। तहसील प्रशासन द्वारा ऐसे प्रबन्ध सुनिश्चित किये गये हैं कि ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या न हो और कोई भी ज़रूरतमन्द खुले आसमान के नीचे न सोये। एसडीएम ने ई.ओ. को निर्देश दिया कि रैन बसेरे का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें।

# गोंडा जिले में संचालित हो रहा मानक विहिन अस्पताल, जिम्मेदार बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मानक विहिन संचालित अस्पतालों पर मुख्य - चिकित्साधिारी द्वारा कोईलगाम नहीं लगाया जा रहा है जिसके कारण ऐसे अस्पतालों में इलाज करवाने जाने वाले मरीज अपनी असामयिक जान गवां दे रहे हैं बताया जाता है कि जिले में संचालित कुछ ऐसे अस्पताल हैं जहां पर किसी प्रकार की सुविधा ना होने व अप्रशिक्षित नर्स एवं कम्पा उडर समेत खुद डाक्टर भी बगैर डिग्री के अस्पतालों को चला रहे हैं इनके उपर किसी जिम्मेदार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।जिसके कार ण तमाम मरीज बेमौत मर जा रहे हैं।जिला मु ख्यालय क्षेत्र के तमाम ऐसे अस्पताल हैं जो पूरी तरह से मानक विहिन संचालित हो रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग आंख कान बंद कर किसी अप्रिय घटनाओं का इंत जार करता रहता है।जब कभी इन अस्पतालों में कोई मरीज इलाज कराने जाता है और उस की मौत हो जाती है तब विभाग जागता




है।यदि कार्यवाही की बात की जाय तो कागजी कार्य वाही कर इतिश्री कर दिया जाता है।जबकि जि म्मेदारों की उदासि नता के कारण मानक विहिन अस्पतालों में कईयों की तो मौत भी हो चुकी है सूत्रों की मानें तो जिले के करनैलगंज तहसील क्षेत्र के परस पुर ब्लॉक क्षेत्र में संचालित अस्प ताल मानक विहिन चल रही है।इसको संचालि तं करने वाले डाक्टर द्वारा ना तो कोई प्रशिक्षित नर्स व कम्पा उंडर रखा गया है और ना ही इस अस्पताल के संचालक द्वारा चिकित्साधिकारी कार्यालय अग्निशमन एवं प्रदूषण इत्यादि विभागों से कोई परिमिशन भी ली गयी है। करनैगंज के क्षेत्रीय लोगों ने इस अस्पताल को पूरे तरह से अवैध संचालित किये जाने चर्चा किया जा रहा है।एक मरीज ने तो नाम ना छापने की सर्त पर बताया कि करनैलगंजबजार और सीएचसी

संचालित हो रही अस्पताल के संचालक द्वारा मरीजों को पहले अपने झांसे में फंसाया जाता है फिर उसका आर्थिक शोषण किया जाता है। इलाज के नाम पर मनमाना पैसा वसूला जाता है।जब कभी कोई मरीज गंभीर हो जाता है तो तत्काल उसे रेफर कर दिया जाता है बहुतों की तो मौत भी हो जाती है।इसी तरह करमा कटरा बजार,तरबगंज धानेपुर, रगड़गंज,मनकापुर और परसपुर इत्यादि क्षेत्रों में भी कई अस्पताल हैं जो मानक विहिन संचालित किये जा रहे हैं।जहां पर इलाज कराने जाने वाले मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।इस संदर्भ जिम्मेदार अधिकारी के सेल फोन पर फो न किया गया तो उनका फोन बंद था।लोगों मा नक विहिन संचालित अस्पतालों पर अविलम्ब रोक लगाने के साथ बंद कराये जाने की मांग किया है।

# छपिया ब्लॉक में मनरेगा योजना का बंटाधार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के छापिया विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अपनी चरम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहायक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान - बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सर कार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरे गा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि छपिया विकास खंड की ग्राम पंचायत खजूरी में मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है,ग्रामपंचायत खजूरी में अमर शहीद बाबू द्वारिका सिंह पार्क के साम ने तालाब का जीर्णोद्धारके एक कार्य पर मस्टर रोलमें 78 श्रमिक दिखाए गए लेकिन जो फोटो मनरेगा के साइट पर अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई से पर्दा उठ गया है,इसी तरह ग्राम पंचायत तिरुखा बुजुर्ग में एक कार्य के लिए 75 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है,लेकिन गाँव में मनरेगा का




### खजूरी, तिरखा बुजुर्ग तेजपुर, खमरिया बुजुर्ग इटालिया खुर्द, बगदरग्रंट, धानेपुर, खालेगाँव, और माड़ा में चल रहा है मनरेगा में खेल

भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा, मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखा ई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल छपिया ब्लॉक में बेखौफ जारी है।जिस तरह से छपिया ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है,वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को न हीं मिल पा रहा है।ग्रामी ण इसके लिए खंडविकास अधिकारी, एपीओ डीसी मनरेगा और तकनीकी सहायक को ज्या दा जिम्मेदार बता रहे हैं। वही ब्लॉक में तैनात एक कर्मचारी में ने नाम न छापने की शर्त पर बतायाकि इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपीओ ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि ब्लॉक के अफसर,ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है। बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के नाम पर खजूरी, तिरखा बुजुर्ग, तेजपुर, खमरिया बुजुर्ग इटालिया खुर्द, बगदरग्रंट, धानेपुर, खालेगाँव, और माड़ा के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योज ना को पलीता लगाने का ऐसा जाल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कहा जा सकता है।गांव वालो का आरोप है कि ब्लॉक के बीडी ओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।इस संबंध में सीडीओ अंकिता जैन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी के ट्रांसफर आदेश की अनदेखी तीस दिन बाद भी नहीं छोड़ा थाना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के पुलिस पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा बारह दिसंबर को जनपद के विभिन्न थानो मे बर्षो से तैनात दर्जनो पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया गया था जिसमे ग्यारह पुलिस कर्मी खोड़ारे से अलग अलग था नो मे स्थानान्तरित किए गए थे।स्थानांतरण के लगभग एक माह होने के बाद भी सभी पुलिस कर्मी अपने हल्के मे जमे हुए है।मालूम हो की बारह दिसंबर को जिले के विभिन्न थानो मे बर्षो से जमे सैकडो पुलिस कर्मियो का स्थानांतरण किया गया था जिसमे खोडारे के भी ग्यारह पु लिस कर्मी शामिल थे।फिर भी तीस दिन बाद जिम्मेदारों द्वारा इनकी रवानगी नही की गयी, यही नही स्थानान्तरित पुलिस कर्मियो की रवा नगी के लिए सूत्रो के




मुताबिक रिमांडर तक भी आ चुके है। अब ऐसे मे उच्च अधिकारियो के आदेश पर भी रवानगी न होना कई सवालो को जन्म दे रहा है जिसको लेकर लोगो मे तरह तर ह की चर्चाए भी होने लगी है।स्थानीय लोगो के मुताबिक स्थानान्तरित पुलिस कर्मी अब खुले आम दबंगई करने लगे है।

# सीमा क्षेत्र की सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड से अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु टास्क फोर्स गठित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. और नो मैन्स लैन्ड के बीच स्थित अवैध कब्जे को हटाये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स गठन करते हुये अतिशीघ्र अवैध कब्जे हटाने एवं भारत-नेपाल सीमा के ज्वाइन्ट सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि टास्क फोर्स



द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक भी की जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, कमॉडेन्ट 42वीं वाहिनी एस.एस.बी., कमॉडेन्ट 59वीं वाहिनी एस.एस.बी. नानपारा, उप जिलाधिकारी नानपारा, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एवं सहायक भूलेख अधिकारी मौजूद रहें।

### शराब की दुकान में हुई चोरी के आठ दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं

गोंडा । जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में ग्राम भौरी गंज में बंधे के समीप संचालित देशी शराब की दुकान से बीते दो जनवरी को भारी मात्रा में शराब व नगदी समेत तकरीबन एक लाख रुपए की हुई चोरी के मामले में पुलिस आठ दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने तक ही सीमित रह गई।चोरी की घट ना को लेकर पुलिस चुपचाप बैठ गयी है। माल बरामदगी को कौन कहे पुलिस अब तक चोरों का सुराग लगाने में भी नाकाम साबित हो रही है।वहीं अनुज्ञापी ने डीआईजी और एसपी से माल बरामदगी और चोरों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।एसओ अनुज त्रिपाठी ने बताया कि चोरों की सुरागरसी की जा रही है। एसओ ने दावा किया कि चोरी का शीघ्र खुला सा होगा।ग्राम चरहुंआ निवासी सेल्समैन अखि लेश सिंह के तहरीर पर पुलिस ने घटना के एक दिन बाद बमुश्किल अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।रिपोर्ट के अनुसार ग्राम आटा बैश न पुरवा के मोहित सिंह के नाम से भौरीगंज में देशी शराब की दुकान है।जहाँ से चोरी ने शराब व नगदी चुराकर ले गए हैं।पुलिस इस चोरी की घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी पुलि स किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

### सनातन परंपरा की रक्षा से ही होगी विश्व शांति : कृष्ण कुमार

बहराइच । जनपद के महसी खंड के मंडल मसाडीह के बाबा बिहारी दास हनुमान मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर तिवारी ने की व संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह टीकाराम ने किया मुख्य अतिथि के रूप में मायाराम शास्त्री, हनुमान प्रसाद व मुख्य वक्त के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी रहे उन्होंने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंच से हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज हिंदू समाज को जातियों में बांटने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्षों के शासन में भी विधर्मी ताकतें हिंदुओं को तोड़ नहीं पाईं, इसलिए अब राजनीतिक दल जाति के नाम पर खड़े किए जा रहे हैं।

उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि सनातन परंपरा की रक्षा से ही विश्व शांति संभव है। लव जिहाद और धर्मांतरण पर उन्होंने 'लव जिहाद' की कथित बढ़ती घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह अब सीमांचल क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि भारत नेपाल सीमा से लगे हुए सीमावर्ती गांव समेत लगभग हर जिले में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने लोगों से दो संकल्प लेने का आह्वान किया अपने आसपास 'लव जिहाद' की घटनाओं को रोकना मत्तांतरण रोकते हुए भटके लोगों को फिर से हिंदू समाज से जोड़ना उन्होंने कहा कि इसके लिए हर व्यक्ति को ळ्धर्म योद्धाङ्क की भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में शशिकांत त्रिपाठी ,बांकेलाल ,प्रवीण सिंह ,पंकज कुमार शुक्ला ,ललित तिवारी, राजेश द्विवेदी ,अविनाश, राजन सहित की संख्या में स्वयंसेवक बंधु व स्थानीय निवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बनकटा पुलिस ने 126 लीटर देशी शराब के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार किया

देवरिया । जनपद में अपराध, अपराधियों एवं शराब तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ळ्ऑपरेशन प्रहारङ्क के तहत थाना बनकटा पुलिस ने एक चार पहिया वाहन एवं तीन चोरी की दोपहिया वाहनों के साथ 126 लीटर अवैध देशी शराब बरामद करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना बनकटा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जंजीरहा प्राथमिक विद्यालय के पीछे अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर टाटा हेक्सा वाहन संख्या ठध् 53 क्ठ 4664 तथा तीन मोटरसाइकिलों को पकड़ा। पकड़ी गई मोटरसाइकिलों में एक ड्रीम युगा (उट 29 इख 8964), एक ग्लैमर तथा एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल शामिल है, जो चोरी की बताई जा रही हैं। तलाशी के दौरान वाहनों से कुल 126 लीटर देशी शराब 'बंटी बबली' बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राणा प्रताप उर्फ मुटुरू, राहुल राम, अंकेश यादव, राहुल यादव, धीरज कुमार यादव एवं रोहित यादव के रूप में हुई है। सभी अभियुक्त बिहार राज्य के सिवान जनपद के ताली बुजुर्ग गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बनकटा पर बीएनएस एवं 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रोमांचक मुकाबले में बहराइच हंटर सात विकेटों से विजयी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच डेयरडेविल एवं बहराइच हंटर्स के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वॉलीबॉल सचिव प्रेमनाथ तिवारी मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसीए सेक्रेटरी इशरत महमूद खान मौजूद रहे ।दोनों ही अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। बहराइच डेयरडेविल के कप्तान रोहित बलरामपुरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए डेयरडेविल के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के



नुकसान पर 142 रन बनाए । डेयरडेविल की तरफ से अनंत सिंह ने 47 गेंदों में ताबड़तोड़ 61 रन व, सैयद आजम ने 16 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। हंटर्स की तरफ से हरि अनंत एवं यश शुक्ल 2 - 2 करन देव ने 6 विकेट अपने नाम किए। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच हंटर्स की तरफ से नदीम अहमद ने 54 रन और हरि अनंत ने 51 रनों की बेहतरीन पारी खेली। बहराइच हंटर ने 142 रनों का लक्ष्य 21 ओवरों में हासिल कर लिया। और बहराइच हंटर ने 8 विकेटों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत कारण देव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तुषार सोनी को बेस्ट स्ट्राइकर व हरि अनंत को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया।लाइव प्रसारण गोविंद सिंह चौहान ने किया। इस दौरान सुनील राय इफ्तिखार अली, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती,सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### जनपद में 15 जनवरी तक आयोजित होगा 'संस्कृति उत्सव 2025–26'

बहराइच । उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 10 से 15 जनवरी 2026 तक ''उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान'' के अन्तर्गत 'संस्कृति उत्सव 2025-26' का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति उत्सव के अन्तर्गत गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य, जनजातीय वाद्य यंत्र/लोक वाद्य, काव्य पाठ, लोक नृत्य, नोकनाट्य तथा सुगम विधाओं में किशोर व युवा आयु वर्ग के लिए गांव, पंचायत, ब्लाक, तहसील, जनपद, मण्डल एवं प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 'संस्कृति उत्सव 2025-26' अन्तर्गत 10 से 13 जनवरी 2026 तक तहसील स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के लिए 14 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कपूरथला स्थित आडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# डॉक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित डा. तेजू बने अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर के एक होटल में चिकित्सकों के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन पूरनपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन के गठन को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एसोसिएशन में चीफ पैटर्न के रूप में डॉ. राजेश अग्रवाल को मनोनीत किया गया, जबकि पैटर्न की जिम्मेदारी डॉ. सुधाकर पांडेय, डॉ. दिनेश गुप्ता एवं डॉ. अनूप सिंह को दी गई। संगठन के अध्यक्ष पद पर डॉ. तेज बहादुर सिंह (तेजू) को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. शकील अहमद, डॉ. तनवीर खान एवं डॉ. प्रवीण गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव के रूप में डॉ. यूसुफ खान एवं डॉ. प्रशांत गुप्ता को नामित किया गया, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. मनदीप सिंह को मनोनीत किया गया। संगठन के मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी डॉ. रोहित मिश्रा को दी गई। इसके अलावा एसोसिएशन के बोर्ड ऑफ मेंबर में डॉ. नीरज सिंह, सुखदेव सिंह चंदी, मुतब्बिर हुसैन चिश्ती, समसुल खान, डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. शैलेश, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. मुस्ताक अली, डॉ. अमित विश्वास, डॉ. दानिश खान, डॉ. हाशिम खान, डॉ. शाहिद, डॉ. नदीम, डॉ. अभिनव गुप्ता, डॉ. सरफराज, डॉ. शाजिया एवं डॉ. अतेंद्र पाल सिंह को शामिल किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. तेज बहादुर सिंह ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य चिकित्सकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूती देने और जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# डिप्टी सीएम से मिले प्रधान विवेकानन्द, सरकार ओपन जिम निर्माण कराने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## नगरिया खुर्द के विकास को लेकर डिप्टी सीएम से मिले प्रधान विवेकानन्द सरकार



पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट कर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को गति देने की मांग रखी। इस दौरान उन्होंने गांव में ओपन जिम निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव सौंपा।ग्राम प्रधान ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तराई क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अभाव है। यदि गांव में ओपन जिम की स्थापना होती है। तो इससे ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं और बुजुर्गों को नियमित व्यायाम की सुविधा मिलेगी। इससे लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त होंगे। प्रधान ने बताया कि ओपन जिम गांव के लिए स्वास्थ्य जागरूकता का केंद्र बनेगा।इसके साथ ही ग्राम प्रधान ने अपनी ग्राम पंचायत के मजरा ढकिया ताल्लुके महाराजपुर में सोलर पावर बैंक स्थापित कराने के लिए भी पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि उक्त मजरे में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई जांच में भी क्षेत्र में परंपरागत बिजली पहुंचाना संभव नहीं बताया गया है, जिससे ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोलर पावर बैंक लगने से गांव में प्रकाश, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।प्रधान विवेकानंद सरकार ने उपमुख्यमंत्री से गांव के समग्र विकास को लेकर काफी देर तक विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित कराया।उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर चर्चा कर चुके हैं। वह समय-समय पर जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों की समस्याओं को उठाते रहते हैं और गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं।

## नौजल्हा शारदा नदी के क्षतिग्रस्त तटबंध निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद की तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव नौजल्हा में शारदा नदी के तटबंध निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शारदा नदी द्वारा तटबंध का मुख्य हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे गांव पर कटान और बाढ़ का गंभीर खतरा मंडराने लगा है। धरना दे रहे ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में शारदा नदी का बहाव गांव की ओर मुड़ गया है। नदी के बढ़ते दबाव के कारण तटबंध लगातार कमजोर होता जा रहा है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत और मजबूती नहीं की गई तो आगामी बरसात के मौसम में नदी गांव में घुस सकती है, जिससे जन-धन की भारी क्षति होने की आशंका है। शनिवार दोपहर दो बजे सुरजीत कर्मकार, संदीप, मधुसूदन पाल, अमन, निखिल, शुभंकर, उमेशपाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल देश की सीमा की ओर शारदा नदी के तटबंध को मजबूत करने के लिए पत्थर की ठोकर स्टोन पिचिंग बनाई जा रही है, लेकिन भारतीय क्षेत्र में स्थित क्षतिग्रस्त तटबंध पर संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है। कि उन्होंने कई बार सिंचाई विभाग और प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। अब मजबूर होकर उन्हें अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक क्षतिग्रस्त तटबंध पर पत्थर की ठोकर बनाकर उसे मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मौके पर निरीक्षण कराया जाए और बरसात से पहले तटबंध निर्माण का कार्य शुरू कराया जाए। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं।

# विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि विकसित करते हैं शिक्षक : उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल स्कूल में शनिवार को शिक्षकों के लिये एक प्रेरणादायी टीचर ओरिएंटेशन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा कक्ष को आनंदमय, सकारात्मक एवं प्रभावी बनाना था।इंडोरामा पब्लिक स्कूल बीएचईएल की वरिष्ठ शिक्षिका उपनेश उपाध्याय मैम ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये उक्त विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, समूह अभ्यास, रोल प्ले एवं संवादात्मक तरीकों के माध्यम से यह बताया कि किस प्रकार शिक्षक कक्षा के वातावरण को खुशहाल बनाकर विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि और आत्मविश्वास विकसित कर सकते हैं।कार्यशाला के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि हैप्पी क्लास रूम केवल पढ़ाने की शैली नही बल्कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच सकारात्मक सम्बंध स्थापित करने की एक प्रभावी प्रक्रिया है। शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किये।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक डॉ अविनाश मिश्रा द्वारा उपनेश उपाध्याय मैम का आभार व्यक्त किया गया तथा यह विश्वास जताया गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ साथ विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और आनंदमय शिक्षा को नई दिशा देंगे।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक युवक को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान शिवा पाण्डेय पुत्र राम नवल पाण्डेय निवासी ग्राम पूरे प्रेमशाह थाना मुसाफिरखाना को एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## दीवानी न्यायालय अमेठी का सत्रह जनवरी को होगा शिलान्यास

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । दीवानी न्यायालय अमेठी मुख्यालय गौरीगंज का शिलान्यास आगामी सत्रह जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा किया जायेगा । शिलान्यास कार्यक्रम वर्चुवल होगा जिसका प्रसारण उत्तर प्रदेश के नवसृजित जनपद चन्दौली से किया जायेगा। शिलान्यास कार्यक्रम मुख्य न्यायाधीश प्रयागराज उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उच्च न्यायालय प्रयागराज के अन्य न्यायमूर्ति गण की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा।जनपद अमेठी के जिला न्यायाधीश राम मिलन सिंह ने सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी और जिला बार एसोसिएशन अमेठ के अध्यक्षगण के माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम में जनपद के सभी अधिवक्ता बंधुओं को जनपद अमेठी मुख्यालय गौरीगंज में प्रातः साढ़े दस बजे आमंत्रित किया है। कार्यक्रम निमार्णाधीन दीवानी परिसर जामों रोड गौरीगंज में सम्पन्न होगा।सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्र व महामंत्री संतोष कुमार शुक्ला तथा जिला बार एसोसिएशन अमेठी के अध्यक्ष महेश चंद्र शुक्ला ने जनपद अमेठी के समस्त अधिवक्ता बंधुओं को शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये सूचित करते हुये कार्यक्रम में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों व किसानों की आजीविका की है रीढ़ : अभिषेक सिंह राणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। काम के अधिकार की रक्षा और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे ॣमनरेगा बचाओ संग्रामॡ अभियान को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सुल्तानपुर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। वार्ता के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों की आजीविका की रीढ़ है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रावधानों के माध्यम से इस कानून की मूल भावना को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे रोजगार की गारंटी कमजोर होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है, जिसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जनता के साथ मिलकर इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी। उनके द्वारा बताया कि पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर 10 जनवरी से 25 फरवरी 2026 तक चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। इसके तहत जिला, ब्लॉक, पंचायत, वार्ड स्तर पर जनसंपर्क, धरना-प्रदर्शन, उपवास, प्रेस कॉन्फ्रेंस और राज्य स्तरीय घेराव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व विधायक शिवनरायन मिश्र ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से मनरेगा मजदूरों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और वंचित वर्गों को संगठित कर उनकी आवाज़ बुलंद की जाएगी।किसान कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कहा कि मनरेगा गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। कानून इस अधिकार को खत्म करने की साजिश है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देगी, मनरेगा रोजगार गारंटी का कानून है और जी.राम.जी. एक सरकारी योजना, कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नही करेगी और ग्रामीण स्तर मनरेगा श्रमिकों को लेकर आंदोलन चलायेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि मनरेगा से करोड़ों परिवारों को रोजगार मिलता है। पंचायतों के अधिकार छीनना और मजदूरी में कटौती गरीबों पर सीधा हमला है, मनरेगा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार अगर इस योजना से छेड़छाड़ करेगी तो कांग्रेस सड़कों पर संघर्ष तेज करेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा ने एसआईआर के नाम पर यूपी में लाखों-करोड़ों वोट काटकर लोकतंत्र को कमजोर किया है। कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी, हम मीडिया के माध्यम से आम जनता से ॣमनरेगा बचाओ संग्रामॡ को समर्थन देने की अपील करते है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई प्रेस वार्ता में जिला प्रवक्ता सियाराम त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जनार्दन शुक्ला, पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा, जिला महासचिव ममनून आलम विजय पाल, कंट्रोल रूम प्रभारी सलाउद्दीन हाशमी, शहर कमेटी के प्रवक्ता हामिद राइनी, अतीक,सुब्रत सिंह सनी, दिनेश तिवारी,शीतला साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## कस्बे में अतिक्रमण वाली भूमि पर गरजा बुलडोजर, 30 बिस्वा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

सुलतानपुर। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के पांचोपीरन कस्बा में सरकारी भूमि पर हुए कब्जे को हटाने के लिए की गई शिकायत के बाद उप जिलाधिकारी के आदेश पर आज पुलिस की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण को ढहा दिया। जानकारी के अनुसार गोमती नगर पूर्व और गोमती बिहार के प्रबुद्ध जनों के सम्मिलित प्रयास से आज पांचोपीरन मजार से सटी हुई सरकारी भूमि पर प्रदेश सरकार का बहुचर्चित बुलडोजर गरजा और लगभग 30 बिस्वा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त हुई । बता दे कि यह एक सरकारी जमीन पर हुए कब्जे को हटाने की शुरुआत है। प्रशासनिक कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वह इस तरह के क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण को अभिलंब ढहाएगा और सरकारी जमीन को मुक्त कराएगी।

## पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ लगाये गये आरोप निकले बेबुनियादी दबाब बनाने के उद्देश्य से लगाये गये आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीणों द्वारा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप जो निजी फायदे या दबाव बनाने के मकसद से थे और बाद में बेबुनियाद साबित हुए यह दर्शाता है। कि ये यह आरोप सच्चाई पर आधारित नहीं थे। बल्कि व्यक्तिगत स्वार्थ या किसी खास एजेंडे के तहत लगाए गए थे। जिसके कारण पूर्ति निरीक्षक पर बेवजह दबाव बना और उनकी छवि खराब हुई। लेकिन जाँच में ये झूठे पाए गए।ग्रामीणों का उद्देश्य पूर्ति निरीक्षक को परेशान करके या उनको बदनाम करके अपना कोई निजी स्वार्थ जैसे राशन डीलर की नियुक्ति, शिकायत वापस लेना, या किसी तरह का अनुचित लाभ साधना था। यह आरोप एक तरह से अधिकारी पर दबाव बनाने की रणनीति थी। ताकि वह उनकी मांगें मान ले। जांच पड़ताल के बाद यह साबित हो गया कि आरोप झूठे थे और उनमें कोई सच्चाई नहीं थी, यानी वे निराधार थे। आरोप लगाने वाले ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है, क्योंकि यह एक तरह से झूठी शिकायत और मानहानि का मामला बन जाता हैं।जिसे सीजेएम कोर्ट ने भी निरस्त कर दिया था। जहा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ एक भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाये जिसे कोर्ट ने सिरे से खारिज कर क्लीन चिट दे दी थी। जिसके बाद से बौखलाए ग्रामीण किसी न किसी तरह से पूर्ति निरीक्षक पर बेबुनियादी आरोप लगाकर परेशान करके दबाव बनाने की कोशिश मे लगे हुए है।

## किसान नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष मंजीत सिह के नेतृत्त्व में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को लोकनिर्माण विभाग गेस्ट हाउस में पहुंच कर पीलीभीत के धान किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंप कर धान खरीद सम्बन्धित समस्याओं के समाधान की मांग की।जिलाधिकारी को सरकारी धान खरीद सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराया जिलाधिकारी ने सरकारी धान खरीद की समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, जिला प्रभारी दिनेश कुमार, मरौरी ब्लाक बलराम वर्मा, बलजीत सिंह, रामऔतार आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 144 चालान व 36 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया इस विशेष चेकिंग अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना, आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना तथा अवैध रूप से संचालित डग्गामार वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करना था यातायात पुलिस टीम ने जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों, चौराहों एवं भीड़?भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग की इस दौरान नियत क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले वाहनों, बिना वैध प्रपत्र संचालित वाहनों, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई साथ ही सड़?कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया गया अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग से बचाव, शराब पीकर वाहन न चलाने और सड़क संकेतों के पालन के प्रति जागरूक किया गया पुलिस कर्मियों ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। विशेष चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के कुल 144 चालान किए गए, जिन पर 165000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके अलावा अवैध रूप से संचालित 36 डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई की गई यातायात पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि जनपद में सुरक्षित, सुगम और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# हिस्ट्रीशीटर ने पुराने विवाद का बदला लेने के लिये रमेश को उतारा गया था मौत के घाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### शुकुल बाजार पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शुकुल बाजार अमेठी। थाना शुकुल बाजार पुलिस ने पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ के युवक की हत्या का खुलासा करते हुये नामजद शातिर हिस्ट्रीशीटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ निवासी रमेश पुत्र मातादीन का शव गोमती नदी में मिला था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही जंग बहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश व अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने स्थानीय पुलिस को घटना का शीघ्र अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर हत्या के मामले में वांछित व प्रकाश में आये जंग बहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश नि0 पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ,सुग्रीव पुत्र राम समुझ, दीपक पुत्र सतगुरू निवासीगण ग्राम फजलपुर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि जंग बहादुर उर्फ जंगू एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी, बाराबंकी, सुलतानपुर व जौनपुर में हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में पूर्व में एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि बीती छह जनवरी को वह लोग ग्राम पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ में नौटंकी कार्यक्रम देखने गये थे।वहीं तीनों लोग मिलकर रमेश से पूर्व में हुये विवाद का बदला लेने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार दीपक द्वारा गांव से दूर नदी के किनारे ले जाकर रमेश को शराब पिलाई जा रही थी तभी पीछे से जंगबहादुर व सुग्रीव पहुंचकर रमेश के सिर पर शराब की बोतल से मार दिये जिससे मौके पर ही रमेश की मृत्यु हो गयी उसके बाद वह लोग रमेश के शव को गोमती नदी में फेंककर भाग गये थे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है।

## थाना समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्र :अधिकारियों ने मौके पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया थानाध्यक्ष पवन पाण्डेय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी,नायब तहसीलदार ने की इस दौरान जो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित लेखपालों को सौंपते हुए मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान शासन की प्राथमिकता है उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच के बाद जल्द समाधान कराया जाएगा प्राप्त प्रार्थना पत्रों में विभिन्न प्रकार के विवाद शामिल थे।इस अवसर पर थानाध्यक्ष पवन पांडे, सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक समेत अन्य लेखपाल और कर्मचारी भी उपस्थित रहे है।

## चंदौकी ओवरब्रिज के पास अवैध तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना बन्धुआकला पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस टीम ने चंदौकी ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर एक युवक को अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।दपुलिस के मुताबिक पकड़ा गया युवक विष्णु प्रभाकर मिश्रा उर्फ अमन निवासी ग्राम चकहरदी मजरा दाउदपुर है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।इस मामले में थाना बन्धुआकला पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास लंबा है। उस पर हत्या के प्रयास, लूट, षड्यंत्र और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल मोहम्मद फरहान, हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार एवं कांस्टेबल धर्मेंद्र गुप्ता शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा

नेशनल मेडिकल कमीशन ने मंगलवार देर रात जम्मू-कश्मीर के रियासी में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस की मान्यता रद्द कर दी। इस खबर को पढ़ते ही शौक बहराइची का मशहूर शेर याद आ गया कि-बर्बाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी था। हर शाख पे उल्लू बैठा है अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा। देश में पहले से अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों की भारी कमी है। धार्मिक स्थलों के निर्माण, सौंदर्यीकरण, रख-रखाव पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, सरकार में बैठे लोगों का रोजमर्रा का खर्च लाखों में होता है, फिजूल के प्रचार कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जाते हैं, लेकिन जब उच्च कोटि के अस्पतालों और शिक्षा संस्थानों के निर्माण और उन्नयन की बारी आती है तो सरकार के पास धन की कमी दिखाई जाती है। छात्रों को पढ़ने और शोध कार्यों के लिए आसानी से धन मुहैया कराने की जगह सरकार का ध्यान शिलान्यासों और हरी झंडी दिखाने में लगा रहता है। ऐसे में एक मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर देना ऐसा फैसला है, जिस पर सिर ही पीटा जा सकता है।मान्यता रद्द करने के पीछे मानकों का पालन न होने को कारण बताया जा रहा है। लेकिन असल मुद्दा यही है कि पिछले काफी वक्त से इस मेडिकल कॉलेज में मुस्लिम छात्रों को मिले दाखिले पर हिंदू संगठन आपत्ति जता रहे थे और इसके लिए बाकायदा संघर्ष समिति बनाकर आंदोलन किया जा रहा था। दरअसल इस मेडिकल कॉलेज के पहले एमबीबीएस बैच के 50 छात्रों में से 42 मुस्लिम, एक सिख और केवल 8 हिंदू छात्र जम्मू क्षेत्र से होने की जानकारी सामने आई थी। अधिकतर छात्र कश्मीर से थे। इसी पर हिंदूवादी संगठन हंगामा मचा रहे थे कि जब मेडिकल कॉलेज हिंदुओं के दिए दान से चल रहा है, तो उसमें मुस्लिम छात्रों को दाखिला क्यों दिया जा रहा है। आंदोलनकारी बाकायदा कॉलेज को बंद करने की मांग ही कर रहे थे। जो अब शायद मानकों के बहाने से पूरी कर दी गई है।जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस फैसले पर निराश होते हुए कहा है कि उन बच्चों ने मेहनत करके सीट हासिल की है, यह किसी का उन पर एहसान नहीं है- न मेरा, न यूनिवर्सिटी का। उन्होंने परीक्षा पास करके सीट प्राप्त की है। अब अगर आप उन्हें वहां नहीं पढ़ाना चाहते, तो कहीं और उनका इंतजाम कीजिए। वे किसी के एहसान पर नहीं आए हैं। वहीं महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीमारी का इलाज करने के बजाय, मरीज को बिना किसी गलती के दंडित किया जा रहा है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि यदि एसएमवीडी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ ऐसा किया जा सकता है, तो इसे अन्य जगहों पर भी दोहराया जा सकता है, जिससे मेहनती युवाओं का भविष्य गंभीर खतरे में पड़ जाएगा।गौरतलब है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने एसएमवीडी से एमबीबीएस कोर्स चलाने की इजाजत वाले आदेश को वापस ले लिया है। इसके बाद से ही छात्र और उनके शिक्षक चिंतित हैं। फैकल्टी सदस्यों ने आरोप लगाया कि हिंदुत्ववादी संगठनों के आंदोलन ने एनएमसी के फैसले को प्रभावित किया है। बता दें कि 2 जनवरी को एनएमसी ने संस्थान का औचक निरीक्षण किया और महज 15 मिनट में फैसला लिया कि 2025-26 सत्र के लिए एमबीबीएस कोर्स चलाने के लिए दी गई अनुमति वापस ली जाती है। एक बयान में कहा गया है कि यह फैसला अधोसंरचना में गंभीर कमियों के आधार पर लिया गया है।मेडिकल एजुकेशन रेगुलेटर के अनुसार, पिछले दो हफ्तों में खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लिनिकल मटीरियल की कमी और फैकल्टी एवं रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी की कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। बोर्ड ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार कॉलेज में शिक्षकों की संख्या करीब 39 प्रतिशत कम थी। ट्यूटर, डेमोंस्ट्रेटर और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर भी 65 प्रतिशत कम मिले। मरीजों की संख्या भी निर्धारित मानकों से काफी कम मिली। दोपहर 1 बजे तक ओपीडी में सिर्फ 182 मरीज मौजूद थे, जबकि कम से कम 400 मरीज होने चाहिए थे। अस्पताल में केवल 45 प्रतिशत बेड पर मरीज थे, जबकि मानक 80 प्रतिशत का है। आईसीयू में भी क्षमता से आधे मरीज थे।

# विश्व में हिन्दी की बढ़ती साख: भारत में उपेक्षा क्यों?

हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक या प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हिंदी भाषा की वैश्विक यात्रा, उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा, उसके सामने उपस्थित चुनौतियों और हमारे अपने राष्ट्रीय आचरण की विडंबनाओं पर गहन चिंतन का अवसर है। यह दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति कराता है जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी बोली गई थी और भारत की सांस्कृतिक आत्मा ने विश्व मंच पर अपनी मौलिक पहचान दर्ज कराई थी। आज स्थिति यह है कि हिंदी विश्व में सम्मान, स्वीकार्यता और लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों को छू रही है, लेकिन अपने ही देश में वह अपेक्षा, उपेक्षा और संकोच के बीच झूलती दिखाई देती है। यही विरोधाभास विश्व हिंदी दिवस को और अधिक प्रासंगिक बना देता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में फैले हिंदी जानकारों, हिन्दीभाषियों को एकजुट करना, हिन्दी को विश्व स्तर पर स्थापित एवं प्रोत्साहित करना और हिंदी की आवश्यकता से अवगत कराना है। अंग्रेजी भाषा भले ही दुनियाभर के कई देशों में बोली है और लिखी जाती है लेकिन हिंदी हृदय की भाषा है। विश्व हिन्दी दिवस विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करने तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिलाने का प्रभावी उपक्रम है। हिंदी मात्र संवाद की भाषा नहीं है, वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संवेदना और सामूहिक चेतना की वाहक है। यह लोक से उपजी, लोक में पली और लोक के लिए ही जीने वाली भाषा है। हिंदी का सबसे बड़ा गुण उसकी सहजता, सरलता और वैज्ञानिक संरचना है। यह ध्वन्यात्मक भाषा है, जिसमें जैसा लिखा जाता है वैसा ही बोला जाता है, जिससे इसे सीखना और अपनाना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही कारण है कि जिन देशों में भारतीय प्रवासी बसे हैं, वहां हिंदी ने सहज ही अपनी जड़ें जमा ली हैं। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक हिंदी आज केवल भारतीयों की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद की भाषा बनती जा रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, बॉलीवुड, भक्ति साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह दुनिया की तीसरी या चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, अंग्रेजी और मंदारिन चीनी के बाद, और भारत के साथ-साथ नेपाल, मॉरीशस, फिजी जैसे देशों में भी इसका व्यापक उपयोग है और यह विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। विश्व में लगभग साठ-सत्तर करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते, समझते या किसी न किसी रूप में उससे जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी की उपस्थिति निरंतर बढ़ रही है। विश्व हिंदी सम्मेलन, जिसकी शुरुआत 1975 में नागपुर में हुई थी, आज एक वैश्विक वैचारिक आंदोलन का रूप ले चुका है। इन सम्मेलनों ने यह सिद्ध किया है कि हिंदी केवल भावनाओं या साहित्य की भाषा नहीं, बल्कि विचार, विज्ञान, कूटनीति और वैश्विक संवाद की भी सक्षम भाषा है। हिंदी को वैश्विक मंच पर आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ प्रस्तुत करने का श्रेय यदि किसी भारतीय नेता को जाता है, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण केवल भाषण नहीं था, बल्कि वह एक सांस्कृतिक उद्घोषणा थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने यह सिद्ध कर दिया कि हिंदी में भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति, शांति, निरस्त्रीकरण और मानवता जैसे गहन विषयों पर प्रभावी संवाद संभव है। उनके लिए हिंदी भावुक आग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्रबोध की सशक्त अभिव्यक्ति थी। उन्होंने हिंदी को सत्ता की भाषा बनाने का प्रयास नहीं किया, बल्कि उसे संवाद और आत्मगौरव की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया। वैश्वीकरण और उदारीकरण के दौर में हिंदी की यात्रा कुछ हद तक धीमी अवश्य हुई, विशेष रूप से शासन और उच्च प्रशासनिक स्तर पर। अंग्रेज़ी को आधुनिकता, सफलता और वैश्विकता का प्रतीक मान लिया गया, जबकि हिंदी को प्रायः भावनात्मक या घरेलू दायरे में सीमित कर दिया गया। शिक्षा, न्यायपालिका, कॉर्पोरेट जगत और उच्च प्रशासन में हिंदी अपेक्षित स्थान नहीं बना सकी। हालांकि हिंदी साहित्य, पत्रकारिता और सिनेमा ने इस दौर में भी अपनी सृजनात्मक ऊर्ज़ा बनाए रखी, लेकिन नीतिगत स्तर पर हिंदी को वह प्राथमिकता नहीं मिल पाई जिसकी वह हकदार थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हिंदी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ उपस्थिति दर्ज कराई है। वे विश्व के किसी भी मंच पर हिंदी में बोलने से संकोच नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र महासभा, जी-20 सम्मेलन, शंघाई सहयोग संगठन या प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम, हर जगह उनकी हिंदी यह संदेश देती है कि अपनी भाषा में बोलना कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मबल का परिचायक है। नरेंद्र मोदी ने हिंदी को अनुवाद की बैसाखी के सहारे नहीं, बल्कि उसकी मौलिक शक्ति के साथ प्रस्तुत किया। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों में हिंदी को केंद्र में रखा गया, जिससे आम नागरिक का शासन से संवाद अधिक सुलभ और प्रभावी हुआ। सरकारी योजनाओं, मोबाइल ऐप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी की बढ़ती उपस्थिति ने यह सिद्ध किया कि तकनीक और हिंदी एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। इसके बावजूद यह एक कटु सत्य है कि हिंदी आज विश्व में जितनी प्रतिष्ठित हो रही है, उतनी ही अपने ही देश में उपेक्षित होती जा रही है। अंग्रेज़ी को सामाजिक प्रतिष्ठा और बौद्धिक श्रेष्ठता का पैमाना बना दिया गया है। माता-पिता अपने बच्चों को अंग्रेज़ी माध्यम में पढ़ाकर गर्व महसूस करते हैं, जबकि हिंदी माध्यम को हीन दृष्टि से देखा जाता है। यह समस्या भाषा की नहीं, मानसिकता की है। यह मानसिक गुलामी है, जो हमें अपनी ही भाषा से दूर करती जा रही है। राजनीतिक दल हिंदी की बात तो करते हैं, लेकिन उसे शिक्षा, न्याय और प्रशासन की मुख्यधारा में स्थापित करने के लिए ठोस इच्छाशक्ति का अभाव दिखाई देता है। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा भी है, यह तथ्य अक्सर उपेक्षित रह जाता है। इसकी वर्णमाला उच्चारण विज्ञान पर आधारित है। इसमें नए शब्द गढ़ने और विदेशी शब्दों को आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है। संस्कृत से जुड़ी होने के कारण यह तकनीकी, दार्शनिक और वैज्ञानिक शब्दावली के निर्माण में पूरी तरह सक्षम है। हिंदी में भावनाओं की अभिव्यक्ति जितनी सहज है, उतनी ही तार्किक और बौद्धिक विमर्श की भी क्षमता है। यही कारण है कि हिंदी जनभाषा होते हुए भी वैश्विक संवाद की भाषा बनने की पूरी क्षमता रखती है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की सहायता जरूर ली जाए लेकिन तकनीकी एवं कानून की पढ़ाई एवं राजकाज की भाषा के माध्यम के तौर पर अंग्रेजी को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए। आज भी भारतीय न्यायालयों में अंग्रेजी में ही कामकाज होना राष्ट्रीयता को कमजोर कर रहा है। हिन्दी के बहुआयामी एवं बहुतायत उपयोग में ही राष्ट्रीयता की मजबूती है, जीवन है, प्रगति है और शक्ति है किन्तु इसकी उपेक्षा में विनाश है, अगति है और स्खलन है। एथनोलॉग के वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया है कि दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, इनमें हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन यह भविष्य तभी साकार होगा जब हम स्वयं अपनी भाषा पर विश्वास करेंगे। विश्व हिंदी दिवस इसी संकल्प का दिन है कि हिंदी को विश्व में प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ अपने ही घर में उसका सम्मान और अधिकार लौटाया जाए, क्योंकि जब भाषा सशक्त होती है, तब राष्ट्र की आत्मा भी सशक्त होती है। -ललित गर्ग

**हिंदी मात्र संवाद की भाषा नहीं है, वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संवेदना और सामूहिक चेतना की वाहक है। यह लोक से उपजी, लोक में पली और लोक के लिए ही जीने वाली भाषा है। हिंदी का सबसे बड़ा गुण उसकी सहजता, सरलता और वैज्ञानिक संरचना है। यह ध्वन्यात्मक भाषा है, जिसमें जैसा लिखा जाता है वैसा ही बोला जाता है, जिससे इसे सीखना और अपनाना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। यही कारण है कि जिन देशों में भारतीय प्रवासी बसे हैं, वहां हिंदी ने सहज ही अपनी जड़ें जमा ली हैं। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका तक हिंदी आज केवल भारतीयों की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद की भाषा बनती जा रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, बॉलीवुड, भक्ति साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह दुनिया की तीसरी या चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, अंग्रेजी और मंदारिन चीनी के बाद, और भारत के साथ-साथ नेपाल, मॉरीशस, फिजी जैसे देशों में भी इसका व्यापक उपयोग है और यह विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। विश्व में लगभग साठ-सत्तर करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते, समझते या किसी न किसी रूप में उससे जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी की उपस्थिति निरंतर बढ़ रही है। विश्व हिंदी सम्मेलन, जिसकी शुरुआत 1975 में नागपुर में हुई थी, आज एक वैश्विक वैचारिक आंदोलन का रूप ले चुका है। इन सम्मेलनों ने यह सिद्ध किया है कि हिंदी केवल भावनाओं या साहित्य की भाषा नहीं, बल्कि विचार, विज्ञान, कूटनीति और वैश्विक संवाद की भी सक्षम भाषा है। हिंदी को वैश्विक मंच पर आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ प्रस्तुत करने का श्रेय यदि किसी भारतीय नेता को जाता है, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण केवल भाषण नहीं था, बल्कि वह एक सांस्कृतिक उद्घोषणा थी।**

# लाल बहादुर शास्त्रीः भारतीय राजनीति के अमूल्य रत्न

पुण्यतिथि (11 जनवरी) पर विशेष

**श्वेता गोयल**

2 अक्तूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम पुण्यतिथि मना रहे हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद उज्बेकिस्तान में ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ घंटों बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से 11 जनवरी 1966 की रात उनका निधन हो गया। शास्त्री जी के बाद कई प्रधानमंत्रियों ने देश की बागडोर संभाली लेकिन उनके जितना सादगी वाला कोई दूसरा प्रधानमंत्री देखने को नहीं मिला। सही मायनों में शास्त्री जी को उनकी सादगी, कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी विचारों के लिए स्मरण किया जाता है । ईमानदार छवि और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री नैतिकता की मिसाल थे। उनसे जुड़े ऐसे अनेकों किस्से याद किए जाते रहेंगे। जब शास्त्री जी प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बेहद कम किया करते थे। किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही वह गाड़ी निकाली जाती थी। एक बार शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चली? ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी कुल 14 किलोमीटर चली है। उसी क्षण शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, 'चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज।' उसके बाद उन्होंने पत्नी ललिताजी को बुलाकर निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को यह पता चला तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिताजी को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रुपये ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रुपये से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए। रेलमंत्री रहते शास्त्री जी एक बार रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई।

## सेहत मंत्र

# किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है भुजंगासन

शरीर को स्वस्थ रख बीमारियों को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है योग, योग में हर रोग का न सिर्फ इलाज छिपा है बल्कि यह आपको ऊर्ज़ा भी प्रदान करता है। योग के कई आसनों में से एक है भुजंगासन। संस्कृत के शब्द भुजंग का अर्थ होता है सर्प और आसन का अर्थ है स्थिति। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी सर्प की तरह लचीला हो जाती है और शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है। इसीलिए इस आसन को भुजंगासन कहा जाता है। यह आसन पेट के बल लेटकर किया जाता है। इस आसन से शरीर को सुडौल बनाता है। कैसे करेंगे ये आसन- शुद्ध वातावरण और समतल जमीन पर आसन बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। सांस सामान्य रहे और शरीर की मांसपेशियों के शिथिल होने तक इस स्थिति में लेटें। माथे को जमीन पर और हाथों को कंधों के पास इस तरह से टिकाएं कि कोहनियां पीछे की तरफ शरीर के पास आ जाएं। टांगों और पैरों को सीधा रखते हुए आपस में मिला लें। धीरे-धीरे सांस भरें और हाथों को जमीन पर अच्छी तरह से टिकाते हुए कंधों के सहारे नाभि तक के हिस्से को इस प्रकार ऊपर की तरफ उठाएं कि छाती सामने की ओर आ जाए। गर्दन को पीछे की तरफ करते हुए ऊपर आकाश की ओर देखने का प्रयास करें। इस स्थिति में यथाशक्ति रुकने के बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे पूर्व स्थिति में लौट आएं।

भुजंगासन से किडनी और अन्य अंगों को लाभ- छाती, पीठ, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाता है। गले में स्थित ग्रंथियों को सशक्त कर शरीर को ऊर्ज़ावान बनाता है। किडनी के लिए लाभप्रद है। तनाव व थकान को दूर करता है। हृदय और फ़ेफड़ों के लिए विशेष लाभप्रद है।पेट के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और सक्रिय करता है।

विशेषः योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। योग्य योग शिक्षक की देखरेख में ही आसनों की शुरुआत करें।

## धर्म मंत्र

# प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

पर्यटन



# गोल्डेन सियार से लेकर तेंदुएं और हिरन की कई वैराइटी देखने को मिलती है माधव नेशनल पार्क में

मध्य प्रदेश के शिवपुरी के उत्तर में स्थित माधव नेशनल पार्क, यहां के सबसे पुराने नेशनल पार्क में से एक है। 354 वर्ग किमी में फैला यह पार्क कभी ग्वालियर के राजा के लिए शाही शिकार की जगह हुआ करता था। इस जगह को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने का काम करते हैं यहां मौजूद अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, दूर-दूर तक फैले घास के मैदान और उनमें घूमते हुए जंगली-जानवर। माधव नेशनल पार्क- सन् 1958 में मध्य प्रदेश के साथ ही इस नेशनल पार्क को भी स्थापित किया गया था। और 1972 में 'वन्य जीव अभ्यारण्य' के तहत इसे और भी ज्यादा सुरक्षित बनाया गया। इस नेशनल पार्क की सबसे बड़ी खासियत है कि ये पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। नेशनल पार्क के अंदर माधव और साख्य सागर दो झीलें हैं जहां सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का डेरा लगता है। हिरन यहां का खास आकर्षण हैं। छोटे चिंकारे, इंडियन गेजल और चीतल जैसी प्रजातियों को यहां जंगलों में चहलकदमी करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इनके अलावा ब्लैक बग, चार सींग वाले एंटीलॉप, सांभर, नील गाय, स्लॉथ बीयर भी खास हैं। सख्य सागर में पक्षियों और जानवरों के लिए तैयार किए तालाब में शोव्हेलर, पेलिकन, कॉन्य क्रेनें, स्पुन बिल, बॉल्ड कलहंस जैसे कई प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। अजगर, बंगाल के जहरीले सांप और कोबरा भी इस पार्क में मौजूद हैं। मांसाहारी जंतुओं में सियार, लकड़बग्घा, भेड़िया और कुत्ते आमतौर पर नज़र आ जाते हैं। पहाड़ों और घास के मैदानों वाली इस जगह पर स्तनधारियों और जंगली जानवरों के साथ-साथ कई वैराइटी के पेड़-पौधे भी हैं। जिनमें धावड़ा, पलाश, खैर, केरधाई और सलाई खास है। इस पार्क में एक और खास चीज़ जो देखने वाली है वो है साख्य सागर के तट पर बना शूटिंग बॉक्स। जहां से आप जंगल के खूबसूरत नजारों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी साफतौर पर देख सकते हैं। सर्दियों में तो यहां मछरमच्छ की अच्छी-खासी संख्या देखने को मिलती है।

# पत्रकार दयाशंकर को पितृशोक, गांधी भवन में आयोजित हुई स्मृति सभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर शुक्ल सागर के पिता सीताराम शुक्ल के निधन पर गांधी भवन में शोकसभा करके श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट की गतिविधियों से सरोकार रखने वाले देश के लब्ध प्रतिष्ठ पत्रकार दयाशंकर शुक्ल सागर के पिता सीताराम शुक्ल का बीते 2-3 जनवरी की मध्यरात्रि को लखनऊ में निधन हो गया था। उनके निधन से गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट परिवार शोकाकुल है।



शोकसभा की अध्यक्षता कर रहे गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने कहा कि स्व. सीताराम शुक्ल बहुत आत्मीयता और अपनेपन से मिलते थे। अपने बच्चों को उन्होंने बहुत शानदार तरीके से शिक्षित और प्रशिक्षित किया। आज उनके बेटे दयाशंकर शुक्ल सागर का नाम पत्रकारिता जगत के बेहतरीन पत्रकारों की शुमार में है। दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार से खुद को जोड़ते हुए हम सभी शोक संवेदना व्यक्त करते है। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, संतोष शुक्ला, श्रीनिवास त्रिपाठी, अशोक शुक्ला, साकेत मौर्य, मनीष सिंह, धनंजय शर्मा, राजेश यादव, सभासद अश्विनी शर्मा, राकेश शर्मा, अजीज अहमद अज्जू, उमेश श्रीवास्तव, मो. वसीक आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित डंफर की टक्कर से छात्र की मौत, साथी गंभीर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर ने बीएससी का पेपर देने जा रहे छात्रों की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक छात्र की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हुई, जबकि दूसरा छात्र मामूली रूप से घायल हो गया।

सीतापुर जनपद के थाना रामपुर कला निवासी शोभित पुत्र शैलेन्द्र 19 वर्ष थाना कुर्सी के निंदूरा स्थिति प्रेरणा महाविद्यालय में बीएससी सेकेंड वर्ष का छात्र था। शनिवार को गांव के छात्र साथी आसिफ पुत्र रहमत अली के साथ बाइक से पेपर देने के लिए आ रहा था। लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर पैगंबरपुर गांव के निकट अज्ञात डंपर की टक्कर से दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर भेजा। वहां मौजूद डॉक्टरों ने शोभित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।शोभित के परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हुई। वहीं, उसके साथी आसिफ चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे घर भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक छात्र की मौत हुई है।

## प्रभारी ने सुनी जन शिकायतें चार का समाधान

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे 4 शिकायते राजस्व से संबंधित आयी जिसके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम का गठन किया गया है।

नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष कस्बा शहाबपुर निवासी अकील , ठकुरिया निवासी जगदम्बा, अमदहा निवासी उमेशचंद, व रोशन चक निवासी राम प्रसाद ने खेत की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एव पुलिस टीम का गठन किया। नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा।

## किशोरी का अपहरण, पास्को एक्ट मामला दर्ज

सुबेहा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी जनपद के थाना बाजार शुक्ल के गांव सेमरा निवासी रज्जन पुत्र मोतीलाल के खिलाफ सुबेहा थाना मे नाबालिग के अपहरण व पाक्सो एक्ट का केस दर्ज हुआ था।जिसमे अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष पाक्सो एक्ट न्यायालय कक्ष संख्या 44 बाराबंकी से तीन नवंबर 2025 को गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। पुनः छः दिसंबर 2025 को वारंट जारी हुआ। पुलिस ने तामील भी कराया लेकिन अभियुक्त न्यायालय मे हाजिर नही हुआ।सुबेहा इंस्पेक्टर यशकांत सिंह ने बताया यदि फरार अभियुक्त हाजिर नही होगा तो न्यायालय से बी एन एस की धारा 85 के तहत अनुमति लेकर अभियुक्त की चल अचल संपत्ति कुर्क की जायेगी।

## दबंगों का गरीब की जमीन पर कब्जा का प्रयास

सुबेहा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र हरचंदपुर मजरे बिलंद पुरवा निवासी साहेबलाल की पुत्री पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अपनी जमीन पर लकडी के खूंटे (ढाही)चारो तरफ लगा रखे थे। आरोप है कि विपक्षी राजेश राजन दीपांशी ने खूंटे उखाड कर फेंक दिया और मना करने पर पूरे परिवार को लाठी डंडो से पीट दिया।पुलिस ने बताया दोनो पक्ष की तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## रोडवेज बस की टक्कर से ट्रॉली पलटी,दो जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के देवा रोड पर शनिवार शाम ग्राम बसारा के पास पुआल लादकर रिलायंस फैक्ट्री जा रही एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।इस हादसे में रामनगर थाना के ग्राम महार निवासी वर्षीय नौमी लाल(51) और देवा थाना के रंडवारा निवासी दीपू (22)गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को ट्रैक्टर –ट्रॉली से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से घायलों को देवां सीएचसी पहुंचाया।चिकित्सकअनुसार, प्राथमिक उपचार बाद दोनों की हालत स्थिर है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रोडवेज बस तेज रफ्तार में थी। टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से बस समेत फरार हो गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित रहा,जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर–ट्रॉली को हटवाकर सामान्य कराया। कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि फरार रोडवेज बस चालक की तलाश की जा रही है।

## ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों की कार्ययोजना , प्रशिक्षण

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत के सभागार कक्ष में अध्यक्ष इरशाद अहमद व अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सहयोगी इंडियन इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ भारत मिशनऽनगरीय 2.0 के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड तथा नगर निकाय स्तर पर कचरा के सोर्स सेग्रीगेशन हेतु सभी कर्मचारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया व सामुदायिक स्वच्छता एवं पर्यावरण समूह के नामित अध्यक्षों, सफाई पर्यवेक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, सफाई मित्रों एवं सफाईकर्मियों के साथ मीटिंग कर कैपिसिटी बिल्डिंग एक्शन प्लांट पर प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों डॉ.टी.बी यादव, प्रदीपसिंह, अरुण सिंह,सुरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों की कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर लिपिक नदीमअहमद, सुपरवाइजरआफताबआलम,
हरीश कनौजिया, मो0ज़ीशान व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## समाधान दिवस आयोजित

फतेहपुर(बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजित हुई। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह और क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की।अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनकर मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतीपत्र प्राप्त हुए।प्राप्त शिकायतों में भूमिविवाद,आपसी रंजिश और रास्ता विवाद जैसे मामले शामित थे।एसडीएम ने राजस्व संबंधित मामलों में लेखपालों को मौके पर जाकर जांच करने और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीओ ने पुलिस से जुड़े मामलों में पुलिस कर्मियों को निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों ने कहाकि शासन की मंशा अनुरूप आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को बार–बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कोतवाल अमित कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी और पुलिसबल उपस्थित रहा।

## समाधान दिवस, भूमि संबंधी तीन, विवाद टीम रवाना

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने की।इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं।कुल तीन भूमि विवाद सहित पुलिस से संबंधित चार अन्य शिकायती प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए।ग्राम तारापुर निवासी शैलेंद्र कुमार द्वारा दिए गए भूमि विवाद के मामले में लेखपाल को जांच के निर्देश दिए गए।किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका लेकिन सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।जन सुनवाई में पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्र और धर्म की सेवा व सुरक्षा में बजरंग दल का गठन : शुभम देशभक्त

मुरादाबाद। बजरंग दल द्वारा शनिवार को शौर्य दिवस के कार्यक्रम का आयोजन खुशहालपुर रोड स्थित चॉइस वेंकट हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सनातन धर्म के गौरव में इतिहास से अवगत कराना था। मुख्य वक्ता बजरंग दल के महानगर विद्यार्थी प्रमुख शुभम देशभक्त ने कहा कि बजरंग दल का गठन राष्ट्र और धर्म की सेवा और सुरक्षा के लिए किया गया है। शुभम देशभक्त ने आगे कहा कि साप्ताहिक मिलन एवं सत्संग के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा जागृत करने का काम निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि युवाओं को नकारात्मकता से दूर ले जाकर संस्कारवान बनाया जाए तो इससे निरंतर बढ़ते अपराधों पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। विकसित भारत का स्वप्न जो आज पूरा भारतवर्ष देख रहा है वह आज की युवा पीढ़ी की सहभागिता के बिना अधूरा है, इसलिए युवाओं को देश और धर्म के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करना होगा। संगठन विस्तार करते हुए कुछ नवीन दायित्व की घोषणाएं भी की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद ने किया। कार्यक्रम में कुणाल, प्रशांत, शिवम, प्रियम, अमित प्रियांशु, अमन, दीपक आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महादेवा के दरबार में अंगद ने टेका माथा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। एमएलसी अंगद सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ महादेवा मठ में पहुंचकर भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवजी का जलाभिषेक कर पूजन किया।इसी दौरान एमएलसी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराए जा रहे कॉरिडोर निर्माण की सराहना करते हुए इसे दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि अब श्रद्धालुओं को उचित सुविधाएं मिलेंगी क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन में वृद्धि होगी।

# केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है कारागार सुधारः न्यायमूर्ति

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिला कारागार में शनिवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में बंदीगण के अधिकारों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने कहा कि कारागार सुधार केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बंदीगण को उनके विधिक अधिकारों का पूर्ण ज्ञान प्रदान करना भी उतना ही आवश्यक है। विधिक जागरूकता ही न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारागार में बन्दीगण को उनके मौलिक अधिकारों, विधिक सहायता की प्रक्रियाओं तथा उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह आयोजन किया गया, जिसमें बंदीगणों को उनके अधिकारों जैसे पैरोल, फर्लो, विधिक सहायता, चिकित्सा सुविधाएं, परिवार से सम्पर्क तथा पुनर्वास सम्बंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जिला कारागार के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदीगणों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने योजनाओं जैसे परिवार परामर्श केन्द्र मुकद्दमेबाजों के लिए विधिक सहायता तथा कारागार सुधार कार्यक्रम का उल्लेख किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय, जनपद न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, ज्ञान प्रकाश सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश-प्रथम, उदय वीर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) रनवीर सिंह, अपर जिला जज-विशेष न्यायाधीश (दप्रक्ष) अनिल कुमार खरवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विनय कुमार सिह, उपस्थित रहे। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, अपर जिलाधिकारी व जिला कारागार अधीक्षक आनंद, डिप्टी जेलर, देवेन्द्र कुमार दुबे व पवन कुमार तथा समस्त कारागार कर्मचारीगण ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, आनंद कुमार सक्सेना ने बंदीगण के अधिकार, कानूनी प्रावधान एवं प्राप्ति के उपाय विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 436-450 (जमानत एवं पैरोल संबंधी प्रावधान), तथा जेल मैनुअल के नियमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक बंदीगणों ने भाग लिया। प्रत्येक बंदी को उनके मामले की स्थिति, अपील दाखिल करने की प्रक्रिया तथा पैरोल हेतु जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम न केवल बंदीगणों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ, बल्कि समग्र न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा ऐसे कार्यक्रमों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

# राम बारात , जगह–जगह प्रभु राम का कलेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। क़स्बा बड़ागांव में चल रही रामलीला (धनुषयज्ञ) के अंतिम दिन सैकड़ों भक्तो के साथ डीजे की धुन पर राम बारात निकाली गयी।जगह जगह कलेवा व आरती की गई। रामलीला मैदान से मनमोहक झांकियों में सजी भगवान श्रीराम, माता जानकी की बारात निकाली गयी जो मोहल्ला पूरब टोला, बड़ीचौक, बड़ी मस्जिद, हरिजन बस्ती, मडीटोला, आईमाहार, नालीपर, मंझपटिया होते हुए देर शाम रामलीला मैदान में जाकर समाप्त हुई। बारात भृमण के दौरान जगह जगह कलेवा का आयोजन किया गया।तथा आरती उतारी गयीं। डीजे की धुन एव अबीर गुलाल के साथ सभी भक्तिगण मदमस्त होकर जयश्रीराम का उदघोष करते हुए चल रहे थे जिससे पूरा क़स्बा भक्तिमय हो गया। बारात भृमण के दौरान महिलाओं ने छतों से पुष्पवर्षा की और जगह जगह खाध सामग्री का वितरण किया गया। बारात भ मे कमेटी अध्यक्ष मास्टर सुरजन यादव, कल्लू यादव उपाध्यक्ष राजू जयसवाल, रामसरन जयसवाल, वेद प्रकाश वर्मा, सुबोध श्रीवास्तव, श्यामाचरण गुप्ता, मनमोहन सैनी, मनीष श्रीवास्तव, लल्लू यादव, बब्लू वर्मा,जगत नरायण वर्मा,अवधराम गुप्ता उपस्थित रहे।

# सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे कूरेभार कस्बे में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने इन आयोजनों का नेतृत्व किया। इस अवसर पर विधायक उपाध्याय ने कूरेभार के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर स्थित शिवालय मेंविधि-विधान से जलाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने कूरेभार जूनियर हाई स्कूल के समीप स्थित शिवालय में भी जलाभिषेक कर आरती उतारी और प्रसाद वितरित कराया। विधायक ने इस दौरान क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और अखंडता का प्रतीक है। इसके 1000 वर्ष पूर्ण होने का यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आमजन से आपसी सौहार्द, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम में कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह, संतराम शुक्ला, मीरामानिकपुर प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राज मणि मोर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पांडये, अंजनी तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह, कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार, रामजी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।जलाभिषेक और आरती के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकजुटता बढ़ाने वाला बताया।

# जी राम जी योजना 185 दिनों के काम की देता है गारंटी : राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### तय समय पर कराएं जाएंगे पंचायत चुनाव – ओपी राजभर

### जांच एजेंसी कोडीन मामले में दोषियों पर करेंगी कड़ी कार्रवाई–राजभर

सुल्तानपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शनिवार को शहर के सिविल लाइन स्थित डाक-बंगला में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जी राम जी कानून, 2025 पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा.उन्होंने इसे विकसित भारत की आधारशिला बताया और विपक्ष विशेष रूप से कांग्रेस पर पुराने भ्रष्टाचार व विफल योजनाओं का समर्थन करने का आरोप लगाया।उन्होंने जी राम जी योजना की विभिन्न खूबियां गिनाते हुए कहा यह कानून 100 दिनों से 125 दिन किया गया है।खेती आदि के कामों के लिए 60 दिन आरक्षित किए गए हैं।इस प्रकार यह योजना 185 दिनों के काम की गारंटी देता है।इस कानून से ग्रामीणों को काम करने पर भुगतान 7 दिनों में किया जाएगा।भुगतान नहीं हुआ तो ब्याज सहित भुगतान होगा। उन्होंने कहा यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएगी। कांग्रेस बिना तथ्यों के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। के संयोजन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने एसआईआर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखी प्रक्रिया करते हुए कहा कि अखिलेश यादव पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं।उनको पता है कि हमें अब सत्ता तो मिलनी नहीं है। चाचा और पिताजी की कमाई और मेहनत पर मुख्यमंत्री बन गए। इतना तो सब लोग जान गए हैं। उन्होंने कहा 86 लाख मतदाता पूरे प्रदेश में मृतक पाए गए हैं।उनको स्वर्ग से लाने का काम अखिलेश यादव ही कर सकते हैं।कोडीन मामले में अखिलेश यादव द्वारा धनंजय सिंह को टारगेट करने पर कैबिनेट मंत्री राजभर ने कहा वह किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नही बल्कि एक जाति के खिलाफ आंदोलन करते हैं।कभी ब्राह्मणों के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। कोडीन पर उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां काम कर रही है।जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। पूर्व समाजवादी पार्टी की सरकार की तरह यहां छुट्टा अपराधी नहीं घुमते।जो अपराध करेगा, वह 24 में अंदर सलाखों के पीछे होगा। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर दो टूक कहा कि चुनाव तय समय पर कराएं जाएंगे।वहीं ओवैसी द्वारा दिए गए बयान पर की एक दिन प्रधानमंत्री की कुर्सी पर हिजाब वाली ही बैठेगी इस पर प्रभारी मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि काहे सऊ मन तेल हुई तो काहे राधा गौने जइहैं।भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विधायक व जनप्रतिनिधियों के साथ अलग से बैठक की।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सीताराम वर्मा,विनोद सिंह,राज प्रसाद उपाध्याय,राजेश गौतम, आदि।

## पशुधन मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर दिये निर्देश

उन्नाव। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनीतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश धर्मपाल सैनी ने विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक की। डी एम ने मंत्री को जनपद के विकास कार्य व पुलिस अधीक्षक ने जनपद में कानून व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों से आवंटित बजट व खर्च किए गए बजट की जानकारी लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि एक माह के अंदर सभी विभाग जो बजट आवंटित हुआ है उसका सदुपयोग हो जाये। विभाग में कोई भी बजट अवशेष न रहे। उन्होंने कहा विकास कार्यो में जिलाधिकारी में अभिनव प्रयोग आई सी डी एस विभाग के सैम मैंम बच्चों को गाय का दूध दिए जाने, बेसिक के विद्यालयों में खाने की तहरी में मशरूम दिए जाने, कांथा झील को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने सम्बंधी कार्य की सराहना की। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वक्फ सम्पत्तियों को चिन्हित करे और उनको कब्जा मुक्त कराकर अस्पताल पार्क जैसे सार्वजनिक हित के कार्य कराएं।

# कोहली-रोहित का जादू फिर बरसेगा, वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की नजरें दिग्गजों पर

एजेंसी



वडोदरा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में रविवार को यहां खेले जाने वाले शुरुआती मैच में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नये और युवा खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिये से श्रृंखला अहम है। अगले महीने वाली टी20 विश्व कप के कारण वनडे श्रृंखला की अहमियत थोड़ी कम है लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है। उन्होंने इस घरेलू टूर्नामेंट में बड़े स्कोर बनाकर यह जता दिया कि उनका दौर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह देखना दिलचस्प होगा कि टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद कप्तान शुभमन गिल कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उनकी फॉर्म पहले से ही चिंता का विषय रही है, वहीं पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में वह चोट के कारण बाहर रहे थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल को शीर्ष क्रम से बाहर बैठना पड़ सकता है। जायसवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अपना पहला वनडे शतक जमाया था। श्रेयस अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में चल रहे प्रयोगों पर विराम लगने की उम्मीद है और 31 वर्षीय इस बल्लेबाज का एक बार फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना लगभग तय है। केएल राहुल की निचले क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में भूमिका जारी रहने से ऋषभ पंत के अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावना कम है। अय्यर, पंत और मोहम्मद सिराज विजय हजारे ट्रॉफी में व्यस्तता के कारण शुक्रवार तक वनडे टीम की यहां चल रही तैयारियों का हिस्सा नहीं थे, लेकिन रविंद्र जडेजा ने पूरे दमखम के साथ अभ्यास किया, जिससे उनकी उपलब्धता के संकेत मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को टी20 प्रतिबद्धताओं के मद्देनजर एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिया गया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी का दारोमदार मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर रहेगा। कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और जडेजा स्पिन विभाग संभालेंगे। शाम की ओस और सपाट पिचों की प्रकृति को देखते हुए इस प्रारूप में आक्रामक विकेट लेने की बजाय रन रोकने पर अधिक जोर रहेगा यह पहला मौका होगा जब कोटाम्बी स्थित बड़ौदा क्रिकेट संघ के नये स्टेडियम में पुरुषों का कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा।

# टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने पर शुभमन गिल ने कहा— चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करता हूं


एजेंसी

वडोदरा। भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे कप्तान शुभमन गिल ने आगामी टी20 विश्व कप 2026 की टीम से बाहर किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले वनडे मुकाबले से पहले गिल ने कहा कि वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और टीम को टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

गिल ने प्री मैच प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करता हूं। टी20 विश्व कप के लिए टीम को मेरी तरफ से शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा, मैं जहां हूं, वहीं होना मेरे लिए लिखा है। जो मेरी किस्मत में है, उसे कोई नहीं छीन सकता। एक खिलाड़ी हमेशा देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है और चयनकर्ताओं ने अपना फैसला लिया है। हाल के दिनों में टी20 प्रारूप में गिल का प्रदर्शन खास नहीं रहा था, जिसके चलते टीम प्रबंधन ने 'टीम कॉम्बिनेशन' को ध्यान में रखते हुए उन्हें विश्व कप टीम से बाहर रखने का फैसला किया। उनकी जगह ऑलराउंडर अक्षर पटेल को टी20 उपकप्तान नियुक्त किया गया है। इस बीच, वनडे सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा का शानदार फॉर्म भारत की बड़ी ताकत माना जा रहा है। टी20 विश्व कप से एक महीने से भी कम समय पहले होने वाली इस तीन मैचों की वनडे सीरीज में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों पर खास नजर रहेगी। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए कोहली और रोहित ने बड़े रन बनाए थे, जिससे साफ है कि वे अब भी शीर्ष स्तर पर हैं। हालांकि, टी20 टीम से बाहर होने के बाद गिल का वनडे सीरीज में प्रदर्शन भी चर्चा में रहेगा। चोटों के कारण वह पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे में अधिकतर मुकाबले नहीं खेल पाए थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल का टॉप ऑर्डर में स्थान खतरे में पड़ सकता है, जबकि श्रेसय अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता आने की उम्मीद है। केएल राहुल का निचले क्रम में बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में स्थान तय माना जा रहा है, जिससे ऋषभ पंत को एक बार फिर वनडे टीम में बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को टी20 जिम्मेदारियों के मद्देनजर वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे, जबकि स्पिन विभाग में कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा अहम भूमिका निभाएंगे। यह मुकाबला कोटांबी स्थित नए बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां पहली बार पुरुषों का अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित हो रहा है। न्यूजीलैंड के लिए यह सीरीज नए और युवा खिलाड़ियों को परखने का मौका होगी, हालांकि कई सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद कीवी टीम मजबूत चुनौती पेश करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# नीरज चोपड़ा ने कोच जेलेजनी से अलग होने का लिया फैसला

एजेंसी



नई दिल्ली। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और जैवलिन थ्रो के दिग्गज यान जेलेजनी ने आपसी सहमति से अपने कोचिंग सहयोग को समाप्त करने का निर्णय लिया है। यह साझेदारी 2024 के अंत में शुरू हुई थी और कम समय में ही इसके सकारात्मक नतीजे देखने को मिले। दोनों की साथ में पहली प्रतियोगिता 2025 दोहा डायमंड लीग थी, जो नीरज के करियर के लिए ऐतिहासिक साबित हुई। इस मुकाबले में नीरज ने पहली बार 90 मीटर की दूरी पार की और अपने लंबे समय से चले आ रहे सपने को साकार किया। नीरज ने इस उपलब्धि का श्रेय जेलेजनी को देते हुए कहा कि उनके साथ काम करने से उन्हें जैवलिन थ्रो की तकनीक, लय और मूवमेंट को लेकर नई सोच मिली। नीरज ने कहा, जेलेजनी के साथ काम करने से मेरी सोच में बड़ा बदलाव आया। तकनीक, लय और मूवमेंट को लेकर उनका नजरिया अद्भुत है। हर सत्र से मैंने कुछ नया सीखा। तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता (1992, 1996 और 2000) और तीन बार के विश्व चैंपियन (1993, 1995 और 2001) जेलेजनी ने भी इस साझेदारी को यादगार बताया। जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर का विश्व रिकॉर्ड है और वे अब तक के नौ सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो में से पांच के मालिक हैं। नीरज से पहले वे चेक गणराज्य के थ्रोअर याकुब वाडलेइच के साथ काम कर रहे थे। जेलेजनी ने कहा, नीरज जैसे एथलीट के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। मुझे खुशी है कि हमने साथ मिलकर 90 मीटर की बाधा को पार किया। विश्व चैंपियनशिप को छोड़ दें तो वह लगभग हर प्रतियोगिता में दूसरे स्थान से नीचे नहीं रहे। दुर्भाग्य से टोक्यो से 12 दिन पहले लगी पीठ की चोट ने उनके अवसरों को प्रभावित किया। आने वाले वर्षों में उनकी संभावनाएं बेहद बड़ी हैं। हमारा रिश्ता सिर्फ खेल तक सीमित नहीं है और हम संपर्क में बने रहेंगे। अब नीरज चोपड़ा अपने कोचिंग दिशा में अधिक नियंत्रण लेने की योजना बना रहे हैं और अब तक मिले अनुभवों का उपयोग करेंगे। नीरज ने कहा, मैं 2026 को लेकर उत्साहित हूं। मैंने नवंबर की शुरुआत से तैयारी शुरू कर दी है। लक्ष्य हमेशा की तरह फिट रहना है। साथ ही 2027 की विश्व चैंपियनशिप और 2028 ओलंपिक पर मेरी खास नजर है।

# केआईबीजी 2026 में सफलता के बाद एशियन बीच वॉलीबॉल चैंपियनशिप पर नजरें टिकाए भरत और राजेश

एजेंसी



दीव। तमिलनाडु की बीच वॉलीबॉल जोड़ी भरत और राजेश सिर्फ खेल में ही नहीं, बल्कि जीवन के सफर में भी एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। खेल में अपेक्षाकृत देर से पहचान बनाने वाले इस जोड़ीदार की दोस्ती कॉलेज के दिनों में मजबूत हुई, जहां समान परिस्थितियों और संघर्षों ने उन्हें एक-दूसरे के और करीब ला दिया। भरत के पिता दिहाड़ी पर प्लंबर का काम करते हैं, जबकि राजेश के पिता चेन्नई में बस कंडक्टर हैं। आर्थिक स्थिरता जहां हमेशा परिवारों की पहली प्राथमिकता रही, वहां वॉलीबॉल को करियर के रूप में चुनना आसान फैसला नहीं था। बावजूद इसके, तमाम चुनौतियों को पार करते हुए भरत और राजेश ने दीव के घोघला बीच पर आयोजित *खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2026* में लगातार दूसरी बार बीच वॉलीबॉल में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम के कप्तान भरत ने कहा, मेरे पिता दिहाड़ी पर प्लंबर हैं और राजेश के पिता बस कंडक्टर। हमारे आसपास कोई खास खेल माहौल नहीं था लेकिन कभी-कभी जुनून देर से जागता है। हमारे लिए यह कॉलेज के शुरुआती दिनों में हुआ। लॉयला कॉलेज, चेन्नई से वाणिज्य स्नातक भरत और राजेश ने अपने परिवारों को इस सफर का सबसे बड़ा सहारा बताया। उन्होंने कहा कि सीमित आर्थिक सुरक्षा और अनिश्चित भविष्य के बावजूद उनके परिवारों ने हमेशा उनके खेल करियर का समर्थन किया। भरत ने कहा, हम दोनों अभी शुरुआती 20 की उम्र में हैं और अच्छी बात यह है कि हमारे परिवारों ने हमें तुरंत नौकरी ढूंढने का दबाव नहीं दिया। अधिकांश भरतीय परिवारों में 23 साल की उम्र में भी खेल जारी रखना आसान नहीं होता। हमारी आय सीमित है लेकिन परिवार का पूरा समर्थन हमारे साथ है।

उम्मीद है कि हमारे प्रदर्शन को पहचान मिलेगी। अनुभव और जोश का संतुलन इस जोड़ी की सबसे बड़ी ताकत है। भरत 2025 के केआईबीजी में तमिलनाडु की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं, जबकि राजेश अपनी युवा ऊर्जा और रणनीतिक समझ से टीम को मजबूती देते हैं। यह जोड़ी तात्कालिक नतीजों से ज्यादा निरंतरता, तालमेल और दीर्घकालिक प्रगति पर ध्यान दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिल, जायसवाल और कृष्णा ने की वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम की तारीफ

**वडोदरा।** भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भारत-न्यूजीलैंड के बीच पहले वनडे से पहले वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम की सुविधाओं की जमकर सराहना की है। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला यहां कल यानी 11 जनवरी को खेला जाएगा और यह कोटांबी स्टेडियम में आयोजित होने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच होगा। मैच से पहले शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें गिल, जायसवाल और कृष्णा स्टेडियम की आधुनिक सुविधाओं की तारीफ करते नजर आए। शुभमन गिल ने कोटांबी स्टेडियम की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम और अन्य सुविधाएं बेहद अहम होती हैं और यह स्टेडियम इन सभी मानकों पर खरा उतरता है। गिल ने कहा, स्टेडियम काफी शानदार लग रहा है। यहां की सुविधाएं और ड्रेसिंग रूम काफी बड़े और अच्छे हैं। यह वो चीजें हैं, जिन्हें खिलाड़ी हमेशा देखते हैं। मैदान भी बेहद खूबसूरत है। भारत में बतौर कप्तान अपनी पहली वनडे सीरीज खेलने को लेकर गिल ने उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा, भारत में कप्तान के तौर पर मेरी यह पहली वनडे सीरीज है, इसलिए मैं काफी उत्साहित हूं। सभी खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट खेला है और वे अच्छी लय में हैं। न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने को लेकर पूरी टीम उत्साहित है। यशस्वी जायसवाल ने भी स्टेडियम के पूरे ढांचे की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आउटफील्ड, पिच, ड्रेसिंग रूम और रिकवरी सुविधाएं बेहतरीन हैं। जायसवाल ने कहा, यह बहुत ही खूबसूरत स्टेडियम है। आउटफील्ड और विकेट दोनों शानदार हैं। ड्रेसिंग रूम और रिकवरी रूम भी बहुत अच्छे हैं। यहां आकर खेलने में काफी मजा आता है। यहां के लोग क्रिकेट को लेकर काफी जुनूनी हैं, इसलिए माहौल और भी खास रहने वाला है। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि वह एक बार फिर इस मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल वडोदरा में ही कर्नाटक की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता था। प्रसिद्ध ने कहा, करीब एक साल पहले हम यहां विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल खेलने आए थे और चैंपियन बने थे। यहां की सुविधाएं—स्विमिंग पूल, जिम और प्रैक्टिस एरिया—बेहद शानदार हैं, जो इस अनुभव को और खास बनाती हैं।

### हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : शांतो

**ढाका।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ''ऐक्ट'' करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फ़रवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ''हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं। पिछली बार (टी20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौक़ा था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा, ''एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ये सब चीज़ें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफ़ेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीज़ें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीज़ें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें। शांतो ने कहा, ''मैं यह भी कहूंगा कि ये चीज़ें हमारे नियंत्रण में नहीं है। आख़िरकार हम जहां भी विश्व कप खेलें, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को ऐसा दिखाना होगा, जैसे उन्हें कुछ भी परेशान नहीं कर रहा और वे टीम के लिए अच्छा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। टी20 विश्व कप की पहली गेंद फेंके जाने में लगभग एक महीने से भी कम समय बचा है, लेकिन बंगलादेश की भागीदारी पर अंतिम फ़ैसला अभी नहीं लिया गया है। यह विवाद तब भड़का, जब बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मुस्तफ़िज़ुर रहमान को आईपीएल 2026 की टीम से हटाने को कहा। बीसीसीआई ने स्पष्ट रूप से सुरक्षा कारणों का ज़िक्र नहीं किया, लेकिन देश के धार्मिक और राजनीतिक नेताओं ने बांग्लादेश और भारत के बीच राजनीतिक तनाव के समय मुस्तफ़िज़ुर को खरीदने को लेकर केकेआर के मालिक शाहरुख ख़ान की आलोचना की थी।

# पूजा वस्त्राकर हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण दो हफ्ते के लिए क्रिकेट से हुईं दूर

एजेंसी



नवी मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते अगले दो हफ्तों तक क्रिकेट से दूर रहेंगी। इसकी पुष्टि आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के उद्घाटन मुकाबले के बाद की। मालोलन रंगराजन ने कहा,पूजा वस्त्राकर मुंबई इंडियंस के खिलाफ चयन के लिए उपलब्ध नहीं थीं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई), बेंगलुरु से रिलीज़ होने से करीब दो हफ्ते पहले दुर्भाग्यवश उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया। हमारे पास जो जानकारी है, उसके मुताबिक उन्हें अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इससे पहले वह कंधे की समस्या के कारण सीओई में थीं और अब हैमस्ट्रिंग की परेशानी है। यह पूरी तरह सप्ताह-दर-सप्ताह की प्रक्रिया है, इसलिए हम उनकी स्थिति पर नज़र रखेंगे। इस बीच, आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर तीन विकेट से हराया। इस जीत में नाडीन डी क्लर्क की नाबाद 63 रन (44 गेंद) की शानदार पारी निर्णायक साबित हुई। वहीं, मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस को भी झटका लगा जब ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज़ कंधे की चोट के कारण मैदान पर नहीं उतर सकीं। मुंबई इंडियंस की हेड कोच लिसा कीटली ने बताया,दुर्भाग्यवश उनका कंधा अभी पूरी तरह ठीक नहीं है। ट्रेनिंग के दौरान हल्का खिंचाव आ गया था। वह खेलने के काफी करीब हैं, लेकिन आज का मैच उनके लिए थोड़ा जल्दी हो गया। हम देखेंगे कि वह कल कैसा महसूस करती हैं और अगर फिट रहीं तो अगले मैच में उपलब्ध होंगी। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में करीबी हार झेलने के बाद, डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस शनिवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेंगी।

# मलेशिया ओपन: सेमीफाइनल में वांग से हारीं सिंधु, भारत का अभियान समाप्त

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत की स्टार शटलर पी. वी. सिंधु का शानदार सफर शनिवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में खत्म हो गया। सीजन के पहले टूर्नामेंट में सिंधु को चीन की वर्ल्ड नंबर दो खिलाड़ी वांग झीयी के खिलाफ सीधे गेम में 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु दबाव को बरकरार नहीं रख सकीं और मुकाबले के दौरान उनसे कई अनफोर्स्ड एरर हो गए। यह मुकाबला उनके लिए खास इसलिए भी था क्योंकि वह अक्टूबर पिछले साल के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रही थीं। पैर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहीं सिंधु दूसरे गेम में 11-6 की बढ़त भी गंवा बैठीं। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। मुकाबले की शुरुआत में सिंधु ने ऊंची रैंक वाली प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने दमदार स्मैश लगाए और अपने लंबे कद का फायदा उठाते हुए 5-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, वांग की सटीक नेट प्ले और बेहतर टच ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। वांग की कुछ चूकों का फायदा उठाकर सिंधु 9-7 से आगे हुईं, लेकिन इंटरवल तक पहुंचते-पहुंचते चीनी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक अंक की बढ़त बना ली। इस दौरान सिंधु नेट पर लड़खड़ाती नजर आईं। ब्रेक के बाद दोनों खिलाड़ियों को शॉट्स की लेंथ साधने में दिक्कत हुई और स्कोर 13-13 पर बराबर रहा। इसके बाद 15-14 से आगे चल रहीं वांग ने लगातार आक्रामक शॉट्स खेले, जिससे सिंधु दबाव में आ गईं। वांग ने सटीक लिफ्ट्स के साथ स्कोर 18-14 कर लिया और अंततः पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में सिंधु ने दो अनफोर्स्ड एरर किए और 1-3 से पीछे हो गईं, लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी की और बेहतरीन रैलियों के दम पर 6-3 की बढ़त बना ली। वांग ने अंतर कम किया, लेकिन सिंधु ने तेज एंगल्स के साथ कोर्ट के कोनों में शॉट्स खेलते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल की।

# टेक्नो पेंट्स आईपीओ से 500 करोड़ रुपये जुटाएगी, सचिन तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर बनाया

एजेंसी

हैदराबाद। टेक्नो पेंट्स एंड केमिकल्स अगले वित्त वर्ष में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टेक्नो पेंट्स ने तीन साल के लिए सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस कदम से कंपनी को देश भर में अपना विस्तार करने में मदद मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'मास्टर ब्लास्टर' के साथ जुड़कर उसका लक्ष्य अपनी राष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करना है। टेक्नो पेंट्स एंड केमिकल्स के चेयरमैन अकुरी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, हम दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेटरों में एक और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम विस्तार और आईपीओ के साथ इस साल बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं, और हमारे लिए उनसे बेहतर कोई एंबेसडर या वृद्धि साझेदार नहीं हो सकता था। इससे पहले 2023 में कंपनी ने फिल्म अभिनेता महेश बाबू को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था, जिन्होंने दो वर्षों तक इस भूमिका को निभाया। रेड्डी ने कहा कि कंपनी ने 2024-25 में 210 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया और चालू वित्त वर्ष में 450 करोड़ रुपये की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी 2029-30 तक 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य लेकर चल रही है।

# बजट 2026 से पहले पर्सनल टैक्स में बदलाव की मांग, आईसीएआई ने सरकार को दिए अहम सुझाव

एजेंसी

नई दिल्ली। बजट 2026 से पहले करदाताओं की उम्मीदों के बीच भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) ने पर्सनल टैक्स से जुड़े कई अहम बदलावों की सिफारिश की है। आईसीएआई ने वित्त मंत्रालय को सौंपे गए अपने प्री-बजट मेमोरेंडम में डिफॉल्ट टैक्स रिजीम, सरचार्ज की सीमा और रिटेल टैक्सपेयर्स को मिलने वाली कटौतियों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है। संस्थान का कहना है कि नई डिफॉल्ट टैक्स रिजीम ने टैक्स स्लैब को जरूर सरल बनाया है लेकिन इसके साथ कई ऐसी महत्वपूर्ण कटौतियां खत्म हो गई हैं जो परिवारों की वित्तीय सुरक्षा में अहम भूमिका निभाती हैं। आईसीएआई ने सरकार से इस संतुलन पर दोबारा विचार करने की अपील की है। हेल्थ इंश्योरेंस पर डिडक्शन देने की सिफारिश आईसीएआई ने डिफॉल्ट टैक्स रिजीम में हेल्थ इंश्योरेंस (मेडिक्लेम) से जुड़ी कटौती को शामिल करने का सुझाव दिया है। फिलहाल नई रिजीम चुनने वाले टैक्सपेयर्स को मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम या मेडिकल खर्च पर कोई टैक्स छूट नहीं मिलती। संस्थान का मानना है कि इससे ऐसे समय में हेल्थ इंश्योरेंस लेने की प्रवृत्ति कम हो सकती है, जब जेब से होने वाला स्वास्थ्य खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसलिए मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम और कुछ तय चिकित्सा खर्चों पर डिडक्शन देने की जरूरत बताई गई है।

आईसीएआई ने दिव्यांग व्यक्तियों और दिव्यांग आश्रितों की देखभाल करने वाले टैक्सपेयर्स को राहत देने की भी सिफारिश की है। संस्थान ने सुझाव दिया है कि दिव्यांगता से जुड़ी कटौतियों को डिफॉल्ट टैक्स रिजीम में शामिल किया जाए और बढ़ती महंगाई व देखभाल लागत को देखते हुए इनकी सीमा भी बढ़ाई जाए। संस्थान ने सरचार्ज को लेकर भी चिंता जताई है। आईसीएआई के मुताबिक, नई टैक्स रिजीम में आय की गणना बिना किसी छूट और डिडक्शन के होती है, जिससे कई टैक्सपेयर्स वास्तविक आय में बढ़ोतरी के बिना ही सरचार्ज की सीमा पार कर जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए आईसीएआई ने व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) के लिए सरचार्ज की सीमा 50 लाख रुपए से बढ़ाकर कम से कम 75 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा है। आईसीएआई ने शादीशुदा जोड़ों के लिए एक वैकल्पिक जॉइंट टैक्स रिटर्न सिस्टम शुरू करने का भी सुझाव दिया है। इसके तहत पति-पत्नी एक साथ एक ही आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे और उन्हें अनुपातिक रूप से अधिक छूट और बेहतर टैक्स स्लैब का लाभ मिल सकेगा।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

श्री विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है, और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है।




श्री गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निंदनीय भी है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफ़आईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिंताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को ''छेड़छाड़ की गई'' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है। श्री गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुईं और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# भारत प्रकाशन उद्योग में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि भारत प्रकाशन उद्योग में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। डिजिटल युग में किताबें मानव की सबसे बड़ी मित्र हैं और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला ज्ञान, विचार और संस्कृति का महाकुंभ बन गया है।

प्रधान ने यहां के भारत मंडपम में 10 से 18 जनवरी तक चलने वाले 53वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मेले में 35 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही 3,000 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं और 600 से ज्यादा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह पहली बार है जब विश्व पुस्तक मेले में आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, जिससे लाखों पाठक, छात्र और परिवार बिना किसी शुल्क के मेले में भाग ले सकेंगे। शिक्षा मंत्री प्रधान ने बताया कि इस वर्ष मेले की थीम भारतीय सैन्य इतिहास-शौर्य एवं प्रज्ञा अ75 रखी गई है। यह थीम स्वतंत्रता के 75 वर्षों में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में योगदान को समर्पित है। थीम पवेलियन में सैन्य इतिहास से जुड़ी 500 से अधिक पुस्तकें, मॉडल प्रदर्शनी, 1971 युद्ध और कारगिल संघर्ष पर परिचर्चाएं तथा युद्ध नायकों के साथ संवाद आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञान को सबसे पवित्र बताया गया है। यह मेला विचारों के आदान-प्रदान और संवाद का उत्सव है। यह आयोजन किताबों के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सशक्त करता है। उल्लेखनीय है कि विश्व पुस्तक मेला प्रतिदिन सुबह 11 से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। प्रवेश के लिए गेट 10 (मथुरा रोड, प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन से सीधा जुड़ा), गेट 3 और 4 (भैरों रोड) तथा गेट 6 (मथुरा रोड) उपलब्ध रहेंगे। वाहन पार्किंग की व्यवस्था भारत मंडपम परिसर में बेसमेंट और ओपन पार्किंग में की गई है।

# ईडी वहीं पहुंचती है जहां चुनाव होने हैं : सिब्बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

श्री सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। उन्होंने कहा ''आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गयी। जिस तरह की खबरें आज अखबारों में चल रही हैं, हमने उन 10 वर्षों के दौरान ऐसा नहीं देखा। इसकी वजह थी कि संप्रग सरकार ने ईडी को विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने की इतनी खुली छूट नहीं दी थी। संप्रग सरकार में हमने झूठी सूचना के आधार पर किसी भी राजनीतिक दल या नेता पर मुकदमा नहीं चलाया। अब हो यह रहा है कि जहां प्राथमिकी दर्ज होती तो वहां ईडी पहुंच जाती है। किसी भी राज्य में ईडी पहुंच जाती है और ईडी उसी राज्य में पहुंचती है जहां चुनाव होने हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने हैं और चुनाव के दौरान भाजपा सरकार को अचानक याद आया कि उसे दस्तावेज़ चाहिए। अब तक उसने दस्तावेजों को हासिल करने की जरूरत नहीं समझी थी लेकिन अब चुनाव हैं तो इसकी जरूरत महसूस होने लगी है इसीलिए ईडी के छापे डलवा दिए। इससे जाहिर है कि उनका रवैया, उनकी सोच और उनके इरादे स्पष्ट रूप से पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को परेशान करना है। लेकिन यह भी तय है कि वहां वे जीत नहीं सकते।

## उपभोक्ताओं से सेवा शुल्क वसूलने पर 27 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और अनुचित व्यापार व्यवहार के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए देश भर में 27 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई इन रेस्तरां द्वारा अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क वसूलने से संबंधित है। इन रेस्तरां पर जुर्माना भी लगाया गया है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और जन वितरण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताय कि यह कार्रवाई दिल्ली उच्च न्यायालय के गत वर्ष के उस निर्णय के बाद की गई है, जिसमें सेवा शुल्क लगाने से संबंधित दिशानिर्देशों को बरकरार रखा गया था। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि रेस्तरां द्वारा अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क वसूलना कानून के विपरीत है और सभी रेस्तरां के लिए दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह भी पुष्टि की थी कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण दिशानिर्देशों को कानून के अनुसार लागू करने के लिए पूरी तरह अधिकृत है।

# आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाकिस्तान की नीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है। लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिए भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा, ''हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पहले से भी अधिक पुख्ता तैयारियां जारी रहनी चाहिए क्योंकि इस बार संघर्ष सीमित नहीं रह सकता। सेना को सभी क्षेत्रों में और हर स्तर पर लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। सेना कमांडर ने कहा कि पश्चिमी सीमा पर युद्ध में देश को अपनी रक्षा सेनाओं से दुश्मन पर निर्णायक विजय की अपेक्षा है और यह तभी संभव होगा जब हम अपनी तैयारियों को बनाए रखें और इन्हें अधिक मजबूत करें।

# पेज एक का शेष

### बांटने वाले कभी...

वहां उनका स्मारक व मंदिर बने, सरकार उसमें सहयोग करेगी। रामानंदाचार्य जी महाराज ने बंटे समाज को जोड़ने का कार्य किया था। उनकी प्रेरणा को जीवन का मंत्र बनाएं। सीएम योगी ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि कोई अचानक महान नहीं बनता। महानता के लिए दिव्य गुणों को आत्मसात करने का सामर्थ्य, दृढ़ इच्छाशक्ति, दृष्टि भी होनी चाहिए। सामान्य मनुष्य केवल अपने व परिवार के लिए सोचता है, उसकी दुनिया परिवार तक सीमित रहती है, लेकिन ईश्वरीय गुणों से भरपूर महामानव की दृष्टि दिव्य, कल्याण व धर्म के प्रति जागरूक करने की होती है। उनके भाव स्वयं और स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि परमार्थ के लिए होते हैं। इस धरा धाम पर यही कार्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य भगवान ने किया था। सीएम ने कहा कि 726 वर्ष पूर्व कालखंड ऐसा था, जब आक्रमणकारी सनातन धर्म को रौंदना चाहते थे। विदेशी आक्रांताओं द्वारा समाज को तोड़ने, जाति के नाम पर बांटने, अनेक वादों के आधार पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने की साजिश हो रही थी। उस समय मत-संप्रदायों को एकजुट करने का आह्वान रामानंदाचार्य जी ने किया था। उन्होंने कहा कि सभी जन ईश्वर के चरणों में शरणागत के सदैव अधिकारी हैं। मत-संप्रदाय के आधार पर मत बंटो। भगवान रामानंदाचार्य ने समाज को जोड़ने के लिए अलग अलग जातियों से द्वादश शिष्य (अनंताचार्य जी, कबीर दास जी, सद्गुरु रविदास जी, सद्गुरु पीपा जी, सुरसुरानंद जी, सुखानंद जी, नरहर्यानंद जी, योगानंद जी, भावानंद जी, धन्ना जी, सैन जी व गैलवानंद जी महाराज) बनाए। रामानंद परम्परा से निकलीं अलग-अलग धाराएं आज भी समाज को जोड़ती हैं। इस मंच पर अनेक परम्परा के संतों की उपस्थिति सनातन धर्म की एकता का उद्घोष कर रही है। सीएम ने रविदासी संप्रदाय, कबीर दास समेत विभिन्न परंपराओं के संतों की उपासना भाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य महाराज ने उपासना विधि (सगुण व निर्गुण) के शिष्य दिए। उन्होंने बंटे समाज को जोड़ने का उद्घोष किया था। सीएम योगी ने कहा कि संत समाज को जोड़ने के लिए पूरी युक्ति करता है, जब संत समाज एक मंच पर जाकर उद्घोष करता है तो परिणाम भी आता है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पूज्य संतों की साधना, एकता का परिणाम है, जिसे मूर्त रूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। 1952 में पहला आम चुनाव हुआ, तब से देश ने कई प्रधानमंत्री देखे। सभी ने देश के विकास में योगदान दिया, लेकिन अयोध्या की मूल आत्मा को सम्मान मिलना चाहिए और फिर से रामलला विराजमान होने चाहिए, इस भाव को मूर्त रूप देकर मोदी जी ने भारत की परम्परा को गौरवान्वित किया। मोदी जी पहले पीएम हैं, जिन्होंने राम मंदिर का दर्शन किया। वे शिलान्यास, प्राण-प्रतिष्ठा व मंदिर निर्माण होने के उपरांत सनातन धर्म की ध्वजा पताका के आरोहण समारोह में भी पहुंचे। पीएम मोदी ने दुनिया को दिखा दिया कि कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। पिछले पांच-छह दिन में एक करोड़ श्रद्धालु कर चुके संगम स्नान सीएम ने सुबह त्रिवेणी स्नान कर मां गंगा, यमुना व सरस्वती के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि आज से 8-10 साल पहले यहां की स्थिति ऐसी नहीं थी, लेकिन जब राम और गंगा भक्त देश की सत्ता में रहता है तो ऐसा अवसर प्राप्त होता है। मोदी जी ने नमामि गंगे के माध्यम से गंगा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की, यह कार्य केवल भारत का सच्चा पुत्र ही कर सकता है। स्नान करने वाला उन्हें आशीर्वाद व आभार प्रकट कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पौष पूर्णिमा पर 31 लाख श्रद्धालु आए। पिछले पांच-छह दिन में एक करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, पीयूष रंजन निषाद, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विनोद सोनकर, स्वामी रामदिनेशाचार्य, स्वामी राघवाचार्य, जगद्गुरु वैदेही वल्लभ देवाचार्य, स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, महंत वैष्णव दास, महंत राजेंद्र दास, मोहन दास, महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज, महंत बलवीर गिरि, अवधेश दास, जन्मेजय शरण, शशिकांत दास, विद्या चैतन्य, दामोदर दास, यमुना पुरी, रामहृदय दास, लाखन दास, शुक्रायु दास महाराज आदि मौजूद रहे।

### हमें अपने इतिहास...

को फिर वहां पहुंचाना है, जहां हम अपने हक, अपने विचार और अपनी आस्थाओं के आधार पर एक महान भारत का निर्माण कर सकें। हमें अपने आपको हर रूप में आर्थिक, रक्षात्मक, तकनीकी तौर मजबूत बनाना है। डोभाल ने कहा, ''हमारी एक बड़ी विकसित सभ्यता थी। हमने किसी के मंदिर नहीं तोड़े और कहीं जाकर लूटा नहीं। हमने दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया, परंतु हम अपनी सुरक्षा और उस पर खतरों के प्रति उदासीन रहे, तो हमें इतिहास ने एक सबक सिखाया। क्या हमने वह सबक सीखा और क्या उसे याद रखेंगे। अगर आने वाली पीढियां उस सबक को भूल जायेंगी, तो यह इस देश की सबसे बड़ी त्रासदी होगी। कार्यक्रम में भाग ले रहे युवाओं को 'भविष्य का नेता' बताते हुए उनसे इच्छाशक्ति और सही निर्णय लेने की क्षमता के विकास का आह्वान करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा,'' आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि देश में एक ऐसा नेतृत्व है, जिसने दस साल में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता, मेहनत, अनुशासन और समर्पण सभी के लिये आदर्श है। मोदीजी के पास इतने नये विचार रहते हैं, जो इच्छाशक्ति और समर्पण से आता है। आप भाग्यवान हैं कि उस भारत को देखेंगे, जिसकी हम कल्पना कर सकते हैं। डोभाल ने कहा ,'' नेपोलियन बोनापार्ट बहुत बड़ा योद्धा था, जो कहता था कि मुझे हजार शेरों की फौज से डर नहीं लगता, अगर उसका नेतृत्व एक भेड़ का बच्चा कर रहा है, लेकिन अगर भेड़ों की फौज का नेतृत्व करने वाला एक शेर होगा, तो मुझे उससे बहुत डर लगता है। नेतृत्व क्षमता इतनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने इच्छाशक्ति के लिये माउंट एवरेस्ट पर चढने वाली दिव्यांग पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण किया। उन्होंने युवाओं से अपने निर्णय पर कम से कम पांच साल के लिये अडिग रहने को कहा, ताकि अपने भीतर ऐसी इच्छाशक्ति पैदा कर सकें। डोभाल ने कहा,'' कई बार सही निर्णय लेने के बाद भी आदमी उस पर चल नहीं पाता । युवाओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे बड़े निर्णय लेने होते हैं। आप जब निर्णय लें, तो आज के लिये नहीं, बल्कि भविष्य के लिये दूरदर्शी भाव से निर्णय लें और निर्णय लें तो उस पर अडिग रहें। उन्होंने कहा, '' पहली जनवरी को लोगों ने बहुत सारे निर्णय लिये होंगे मसलन सोशल मीडिया नहीं देखूंगा, समय खराब नहीं करूंगा, मन लगाकर पढ़ूंगा । कुछ पालन करते हैं और कुछ नहीं करते। सही निर्णय लेना बहुत जरूरी है। एक कदम उठाने से पहले अगले दो कदम के बारे में सोचे। कोई काम करना है, तो आज ही करना है, उसे स्थगित करने की आदत मत डालिये।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता...

तुलना में लगभग 35 गुना अधिक है। श्री सिंह ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस, अस्त्र मिसाइल, धनुष तोप और आईएनएस विक्रांत जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्मों को उद्योग, अनुसंधान और कुशल मानव संसाधन के बीच बढ़ते तालमेल के उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने दोहराया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने की अनिवार्यता है। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं और तेजी से उभरती प्रौद्योगिकियां भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए चुनौतियों के साथ-साथ अभूतपूर्व अवसर भी प्रस्तुत कर रही हैं। जनशक्ति के महत्व पर जोर देते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि वास्तविक रणनीतिक स्वायत्तता केवल हार्डवेयर के स्वदेशीकरण से नहीं, बल्कि कौशल, प्रौद्योगिकी और बौद्धिक पूंजी पर संप्रभुता से भी जुड़ी है। उन्होंने 'स्किल इंडिया मिशन' के तहत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया, जिसमें राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और प्रशिक्षण महानिदेशालय जैसे संस्थान रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों के लिए वर्तमान क्षमताओं और भविष्य की कौशल आवश्यकताओं की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के पीएम-सेतु कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह पहल शिक्षा जगत, उद्योग और रक्षा अनुसंधान एवं विकास के बीच की खाई को पाटने के लिए शुरू की गई है। पांच वर्षों में 60,000 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ, जिसमें केन्द्र सरकार की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है, पीएम-सेतु कार्यक्रम का उद्देश्य उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना, 'ड्यूल अप्रेंटिसशिप' को बढ़ावा देना, एआई-सक्षम प्रशिक्षण उपकरणों को शामिल करना और अग्निवीरों व पूर्व सैनिकों को संरचित कौशल मार्गों में एकीकृत करना है। उन्होंने राज्य सरकारों और उद्योग भागीदारों से परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ पीएम-सेतु कार्यक्रम को सशक्त बनाने का आह्वान किया, जिसमें 'अप्रेंटिसशिप' और 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' सभी कौशल मार्गों की रीढ़ बने, ताकि उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा का निर्माण सुनिश्चित हो सके। रक्षा सचिव ने रक्षा विनिर्माण में पंजाब की क्षमता को भी रेखांकित किया। उन्होंने राज्य को रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में सक्षम बनाने के लिए रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र नेटवर्क, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ लघु इकाइयों के मजबूत जुड़ाव तथा समर्पित कौशल और परीक्षण अवसंरचना की आवश्यकता पर बल दिया। अग्निवीरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अग्निपथ योजना ने अनुशासित और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जिसे राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे से जुड़ी कौशल प्रमाणन प्रणाली के माध्यम से रक्षा विनिर्माण और रणनीतिक क्षेत्रों में सहज रूप से शामिल किया जा सकता है।

यह सम्मेलन पंजाब सरकार द्वारा 'सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स' और भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से आयोजित किया गया। रक्षा सचिव ने कहा कि इस सम्मेलन ने सुरक्षित, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के निर्माण के लिए सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत की सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समन्वित प्रयासों से पंजाब और उत्तरी क्षेत्र रक्षा आधारित विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख उद्योगपति, वरिष्ठ अधिकारी, शैक्षणिक प्रतिनिधि और सशस्त्र बलों के अधिकारी उपस्थित थे।

### 'विकसित भारत ...

प्रथम राज्य है, जहां विकसित भारत-2047 के लिए 98 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। यह दर्शाता है कि शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विश्वविद्यालय की सफलता का आकलन वैश्विक संस्थानों के मानकों पर किया जाना चाहिए। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावी उपयोग, छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण, कौशल-आधारित एवं उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। विचार से नवाचार और नवाचार से उद्यम का विकास विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि बीबीएयू की विकास यात्रा शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया के समान है, जिसमें विचारों ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। विचार नवाचार को जन्म देते हैं, नवाचार से उद्यम विकसित होते हैं और उद्यम से राष्ट्र निर्माण संभव होता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सशक्त होना आवश्यक है, क्योंकि देश की प्रगति केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने से नहीं, बल्कि सभी मानकों पर मजबूत बनने और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है।

### सेना के चार रणबांकुरें ...

साथी के साथ घात लगाए आतंकियों के सामने आ गए। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राइफलमैन भट ने निडरता से आतंकियों को चुनौती दी और जानबूझकर दुश्मन की गोलीबारी अपनी ओर आकर्षित की, ताकि उनका साथी सुरक्षित निकल सके और अन्य निगरानी दलों को सतर्क कर सके। कई गोली लगने के बावजूद उन्होंने आतंकियों के साथ तब तक मुकाबला जारी रखा जब तक कि उनका साथी सुरक्षित नहीं निकल गया। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई के दौरान उन्हें कई गोलियां लगीं और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। राइफलमैन मोहित राठौर 57 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन की घातक टीम में तैनात थे और वह 27 जुलाई 2024 को गुलाब सब सेक्टर में दुश्मन के हमले के दौरान शहीद हुए। सीमा पार से आये बार्डर एक्शन टीम (बैट) के आतंकवादियों ने तड़के लगभग पौने चार बजे सेना की चौकी की परिधि के पास से ग्रेनेड और छोटे हथियारों से गोलीबारी कर हमला किया। राइफलमैन राठौर इसका तुरंत जवाब देते हुए बंकर से बाहर निकले और भारी गोलीबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े। उन्होंने आतंकवादियों पर जोरदार फायर किया, जिससे एक आतंकी घायल हो गया। कई गोलियां लगने और अत्यधिक खून बहने के बावजूद वह आगे बढ़ते रहे। दुश्मन की एक और गोली लगने से वह गिर पड़े और बाद में वीरगति को प्राप्त हुए। लांस नायक स्टांजिन तर्गियास 5 लद्दाख स्काउट्स में तैनात थे। वह माउंट कुन (7077 मीटर) अभियान के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रमुख सदस्य थे। उन्होंने 8 अक्टूबर 2023 को माउंट कुन पर मार्ग खोलने के मिशन के दौरान स्वेच्छा से अत्यंत खड़ी, दुर्गम और विषम परिस्थितियों में कैंप-1 से कैंप-2 तक, 20,250 फुट की ऊंचाई पर मार्ग खोलने की जिम्मेदारी संभाली। अभियान के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए वह मार्ग खोलने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे थे, तभी एक घातक हिमस्खलन की चपेट में आकर वह दब गए। इस दौरान उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी।

### अधिकतम दो माह...

समीक्षा बैठक के बाद शुरू की गई है और यह सक्रिय, समयबद्ध सुविधा ढांचे की ओर बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पहले 60 दिनों के भीतर प्रत्येक निवेश प्रस्ताव के लिए पूर्ण समर्थन अनिवार्य है। उद्यमी मित्रों को सभी जिलों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में तैनात किया गया है, जिससे राज्यव्यापी व्यापक कवरेज सुनिश्चित हो सके। जवाबदेही को मजबूत करने के लिए, प्रत्येक निवेश इरादे के लिए मासिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य है और किसी भी देरी या पारदर्शिता की कमी को तुरंत आधिकारिक चैनलों के माध्यम से रिपोर्ट करना होगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उद्यमी मित्रों द्वारा कार्यान्वयन की समीक्षा हर 15 दिन में की जाएगी और इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के स्तर पर सघन अनुश्रवण किया जाएगा। इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को समन्वित कार्रवाई और संस्थागत समर्थन के लिए पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और उसके बाद प्राप्त निवेश प्रस्तावों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है। यह योजना सक्रिय सुविधा और निवेशकों की व्यापक हैंड-होल्डिंग पर केंद्रित है ताकि एमओयू को राज्यभर में परिचालन परियोजनाओं में परिवर्तित किया जा सके। इस पहल के तहत, मई 2023 में एक कठोर बहु-स्तरीय प्रक्रिया (लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार) के माध्यम से कुल 105 उद्यमी मित्रों की भर्ती की गई थी। इन पेशेवरों को निवेशकों के लिए एकल-बिंदु सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करने, सरकारी विभागों के साथ समय पर समन्वय सुनिश्चित करने, अनुमोदनों में तेजी लाने और व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन बाधाओं को दूर करने का कार्य सौंपा गया है।

### क्रिप्टो करेंसी में निवेश...

आरोपी विनय और विनोद अबतक 100 करोड़ की ठगी कर चुके हैं। आगरा में ही करीब 15 सौ लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, बाकी कई राज्यों के आंकड़ों के अनुसार ये ठगी के शिकार लोगों की तादात बहुत ज्यादा है। पकड़े गए आरोपी विनोद पर पहले भी कई केस दर्ज हैं। करोड़ों रुपए की इस ठगी के इस केस में नरेंद्र, शुभम, गोपाल और सचिन गोस्वामी नाम प्रकाश में आए हैं जिनकी तलाश में आगरा साइबर सेल पुलिस टीम जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री धामी ने राजस्व विभाग से संबंधित 6 वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में राजस्व परिषद की ओर से विकसित राजस्व विभाग के विभागीय कार्यों से संबंधित छह वेब पोर्टलों का शुभारंभ किया। इनमें ई-भूलेख (अपडेटेड वर्जन), भू-नक्शा, भूलेख अंश, भू-अनुमति, एग्री-लोन तथा ई-वसूली (ई-आरसीएस) पोर्टल शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन वेब पोर्टलों के शुभारंभ से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी, उनका जीवन सरल होगा और उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। डिजिटल इंडिया के तहत राजस्व से जुड़ी सेवाओं का ऑनलाइन उपलब्ध होना एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और नागरिक घर बैठे ही खतौनी सहित अन्य राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि भूमि अभिलेखों से संबंधित सेवाओं में विशेष रूप से खतौनी अब तहसील कार्यालय आए बिना मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से सत्यापित प्रति के रूप में ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही प्रदेश में उद्योग एवं कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग अथवा भूमि कार्य की अनुमति की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त भूमि मानचित्र (कैडस्ट्रल मैप) को सार्वजनिक डोमेन में निःशुल्क देखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि ये छह वेब एप डिजिटल इंडिया की भावना, विकसित भारत एवं विकसित उत्तराखंड के लक्ष्यों तथा समय की मांग के अनुरूप आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत की गई हैं। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता एवं नागरिक सुविधाओं में वृद्धि होगी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा मिलेगा। भूलेख अंश पोर्टल के अंतर्गत प्रदेश के भू-अभिलेखों में संयुक्त खातेदारी एवं गोलखातों में दर्ज खातेदारों तथा सह-खातेदारों के पृथक-पृथक अंश का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इससे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस प्रक्रिया में खातेदारों की जाति, लिंग एवं पहचान संख्या का भी संकलन किया जा रहा है, जिससे भविष्य में समेकित भू-अभिलेख डाटाबेस तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि भू-अनुमति पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में उद्योग एवं कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग अथवा भूमि कार्य की अनुमति की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया गया है। इसके अंतर्गत भू-कानून के अनुसार प्रदेश में उद्योग और जनपद हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर में कृषि व बागवानी के लिए भूमि क्रय की अनुमति को पूर्णतः डिजिटलीकृत किया गया है।

# मुख्यमंत्री 'वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह' में हुई शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज उत्तर-पश्चिम जिला कार्यालय में आयोजित 'वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह' में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के निष्ठावान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का उनकी निष्ठा, समर्पण और सतत सेवा के लिए कृतज्ञतापूर्वक अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दशकों तक पार्टी को संगठनात्मक और वैचारिक मजबूती देने वाले इन वरिष्ठ साथियों का तप, त्याग और अनुशासन ही आज भाजपा के विशाल वटवृक्ष का आधार है। उनका मार्गदर्शन और निस्वार्थ सेवा भाव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का पुंज है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार अपने इन कर्मठ कार्यकर्ताओं के अमूल्य योगदान के प्रति सदैव ऋणी है और उनके मान-सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी रविंद्र इंद्राज, सांसद योगेंद्र चांदोलिया एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अंबाला के रेलवे टेक्निशियन की बागपत में गला रेतकर हत्या

**बागपत/अंबाला।** हरियाणा के अंबाला निवासी रेलवे वरिष्ठ टेक्निशियन दीपक (35) की उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को पूर्वी यमुना नहर में फेंक दिया। दीपक चार दिन पहले ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकले था, लेकिन न तो वे अपनी ड्यूटी पर पहुंचे और न ही परिवार से उनका कोई संपर्क हो पाया। दीपक अंबाला के दिलीपगढ़ क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहता था और रेलवे में वरिष्ठ टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था। उनकी तैनाती बागपत में थी। परिजनों के अनुसार दीपक रोजाना की तरह ड्यूटी के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। फोन बंद आने पर परिवार को चिंता हुई और तलाश शुरू की गई। आठ जनवरी को बागपत के बड़ौत थाना क्षेत्र अंतर्गत किशनपुर बराल गांव के पास पूर्वी यमुना नहर की झाल से पुलिस को एक अज्ञात शव मिला। शव की हालत बेहद खराब थी। गले पर धारदार हथियार से किया गया गहरा वार था, जबकि शरीर पर चोट के कई निशान मौजूद थे। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। शुक्रवार देर रात मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई। इसके बाद बागपत पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार अंबाला से बागपत के लिए रवाना हो गया। दीपक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल हत्या किसने की और इसके पीछे क्या कारण रहा, इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज और दीपक की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

## शालीमार बाग में महिला की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के शालीमार बाग इलाके में शनिवार सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान रचना यादव (44) के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से एक खाली कारतूस बरामद हुआ है। उत्तर-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह के अनुसार सुबह करीब 10:59 बजे शालीमार बाग थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक महिला का शव पड़ा मिला। महिला के सिर में गोली लगने के निशान थे। मृतका शालीमार बाग के बीसी ब्लॉक स्थित मकान संख्या 95ए की रहने वाली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। स्थानीय जांच में सामने आया है कि मृतका के पति विजेंद्र कुमार की वर्ष 2023 में थाना जहांगीरपुरी क्षेत्र में हत्या हो चुकी थी। वर्तमान में न्यायालय में वो मामला विचाराधीन है। पुलिस अब इस एंगल से भी जांच कर रही है कि क्या दोनों हत्याओं के बीच कोई आपसी संबंध है। फिलहाल, गोली चलाने वाले आरोपित की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा। वहीं रचना की मौत के बाद से परिवार में मातम छा गया। रचना की दो बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है और स्कूल में पढ़ती है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और कई एंगल से जांच की जा रही है।

## तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी में तीन और आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी के मामले में तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मो. नावेद (44), मो. फ़ैज़ (20) और मो. उबैदुल्ला (23) के रूप में हुई है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपितों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन का कहना है कि हिंसा भड़कने की एक बड़ी वजह सोशल मीडिया पर फैलाई गई भ्रामक और झूठी जानकारी थी। इसी सिलसिले में पुलिस ने एक महिला सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह कार्रवाई उन 10 सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान के बाद की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर यह अफवाह फैलाई थी कि अदालत के आदेश पर चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान तुर्कमान गेट के पास स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम ने एक वीडियो के आधार पर महिला को बुलाया, जिसमें उसने यह दावा किया था कि मस्जिद को रामलीला मैदान इलाके में तोड़ दिया गया है। जांच में यह सामग्री भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत पाई गई। फिलहाल तुर्कमान गेट के पास अतिक्रमण हटाए गए क्षेत्र से मलबा हटाने का काम जारी है और मौके पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बिहार में बर्फीली हवाओं से जनजीवन प्रभावित, पटना समेत 32 जिलों में कोल्ड डे और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

**पटना।** बिहार में पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। राज्यभर में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। स्थिति यह है कि प्रदेश के 16 जिलों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। ठंड के साथ-साथ घने कोहरे का प्रकोप भी जारी है, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई है और यातायात पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने आज बिहार के 32 जिलों में कोल्ड डे और घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन ठंड से राहत के आसार कम हैं। विशेष रूप से उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रहने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य बिहार के कई इलाकों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया रह सकता है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की आशंका है। लोगों को आवश्यक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। शनिवार को राज्य में अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है। हालांकि, अगले एक से दो दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। कोल्ड डे का अलर्ट राजधानी पटना सहित नालंदा, गया, जहानाबाद, भागलपुर, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, नवादा, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सुपौल, अररिया, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर, वैशाली, सारण, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और सहरसा जिलों के लिए जारी किया गया है।

# दुनिया की सबसे विशाल शिवलिंग की स्थापना को लेकर जोर-शोर से हो रही है तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। जिले के कल्याणपुर प्रखंड स्थित कैथवलिया में बन रहे विराट रामायण मंदिर में आगामी 17 जनवरी को विश्व के सबसे ऊंचे शिवलिंग की स्थापना को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस अवसर पर कैलाश-मानसरोवर, गंगोत्री, यमुनोत्री समेत कई पवित्र नदियो के जल से भगवान भोलेनाथ के इस अद्भूत शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा।इसके साथ ही हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की जायेगी।इस अवसर पर करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओ के साथ ही देश के कई राज्यो के साधु संतो की जुटने की संभावना है।लिहाजा कई जेसीबी से पूरे परिसर को समतल बना कर विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। शिवलिंग को स्थापित करने के लिए भोपाल से 750 टन क्षमता वाली दो विशाल क्रेन मंगाई गई हैं। ये क्रेन 15 तारीख तक कैथवलिया पहुंच जाएगी और इनकी मदद से शिवलिंग को खड़ा किया जाएगा। पटना हनुमान मंदिर के सचिव सायन कुणाल ने बताया, शिवलिंग की स्थापना के लिए हरिद्वार और पटना से विशेष आचार्य बुलाए गए हैं। विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना के बाद शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद देश की प्रमुख नदियों से लाए गए पवित्र जल को हेलिकॉप्टर से शिवलिंग पर अर्पित किया जाएगा।शिवलिंग की स्थापना के बाद शिवलिंग को बनाने वाले तमिलनाडु के शिल्पकारों का पूजा किया जाना है। इसकी भी तैयारी की जा रही है।वहीं शिवलिंग के पूर्व दिशा में स्थित एक बड़े मंडप में यज्ञ स्थल का निर्माण किया जा रहा है। आयोजन में देश के प्रमुख साधु-संतों शामिल होंगे।शिवलिंग स्थापना के दौरान हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश की जाएगी। पूजा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए दो सौ क्विंटल से अधिक बताशे का प्रसाद भी तैयार किया जा रहा है।शिवलिंग स्थापना के लिए पूजा कार्यक्रम सुबह आठ बजे शुरू होगा और दस बजे तक चलेगा। इसके बाद दस बजे से साढ़े दस बजे तक विशेष अनुष्ठान होगा। दोपहर साढ़े बारह बजे विधिवत रूप से शिवलिंग की स्थापना होगी। सुरक्षा कारणों से शिवलिंग के चारों ओर छह फीट का घेरा बनाया गया है, जिसमें आम लोगों की एंट्री बैन रहेगी।ऐसी संभावना है,कि शिवलिंग स्थापना समारोह में बिहार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री भी पहुंचेगे।शिवलिंग निर्माण करने वाली कंपनी के विनायक वेंकटरमण के अनुसार, इस शिवलिंग के निर्माण पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यह विशाल शिवलिंग एक ही ग्रेनाइट पत्थर से बनाया गया है,जो 33 फीट ऊंचा और 210 मीट्रिक टन वजनी है। तमिलनाडु के महाबलीपुरम के पट्टीकाडु गांव में बीते 10 साल से विशाल शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा था। शिवलिंग के मुख्य शिल्पकार लोकनाथ हैं, उनकी टीम ने ही इसे तराशा है। सड़क मार्ग से 96 चक्को वाला ट्रक से इसे 21 नवंबर को महाबलीपुरम से पूर्वी चंपारण स्थित विराट रामायण मंदिर के लिए रवाना किया गया था।जो बीते 5 जनवरी को पहुंचा है। तब से प्रतिदिन हजारो की तादाद में यहां पहुंच कर शिवलिंग की पूजा अर्चना कर रहे है।

## दसूहा में बस-कार टक्कर से चार लोगों की मौत, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में घनी धुंध के कारण शनिवार तड़के दसूहा मुख्य मार्ग पर अड्डा दोसड़क के पास दसूहा से होशियारपुर जा रही रोडवेज की बस और कार के बीच हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

कार में सवार सभी लोग हिमाचल प्रदेश के गगरेट के निवासी थे, जिनकी पहचान सुखविंदर सिंह (45), सुशील कुमार (46), ब्रिज कुमार (38), अरुण कुमार (45) के तौर पर हुई है। यह सभी लोग अमृत कुमार निवासी चलेत गांव, दौलतपुर, हिमाचल प्रदेश को विदेश जाने के लिए अमृतसर हवाई अड्डा छोड़ने जा रहे थे। अमृत कुमार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है, और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने शवों को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## आआपा नेताओं ने लगाया फर्जी वीडियो में गुरु साहिब का नाम डालकर गुरु महाराज की बेअदबी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज और विधायक जनरैल सिंह ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर फर्जी वीडियो में गुरु साहिब का नाम डालकर सिख धर्म और गुरु महाराज की बेअदबी का आरोप लगाया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कपिल मिश्रा ने जो फर्जी वीडियो बनाया है, उसमें नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहीं भी गुरु शब्द का उच्चारण तक नहीं किया है। अगर कपिल मिश्रा वाला फर्जी वीडियो भाजपा के दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता भी ट्वीट कर दें तो उन पर भी आपराधिक मामला दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को अगर झूठी वीडियो बनाकर पोस्ट करते हैं तो उस पर आपराधिक मामला बनता है। इस झूठी वीडियो को जिसने भी ट्वीट किया है, उसके खिलाफ आपराधिक मामला चलेगा। जरनैल सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए भाजपा ने पूरा ड्रामा रचा है। विधानसभा में सरकार द्वारा बेबुनियाद मुद्दे को पैदा किया गया और सदन को नहीं चलने दिया गया।

## हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन सगे भाइयों को क्राइम ब्रांच ने बिहार से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपित शातिर किस्म के अपराधी हैं और वारदात के बाद से लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे थे। अदालत द्वारा इनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किए जा चुके थे।


पुलिस उपायुक्त के अनुसार यह मामला अकबर नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ समय पहले हुए झगड़े के बाद आरोपित मनीष और राजेश ने उसे और उसके भाई राजा को जान से मारने की धमकी दी थी। 20 सितंबर 2025 को जेजे कॉलोनी, बवाना में यह धमकी हकीकत में बदल गई। आरोपित मनीष अपने दोनों भाइयों राजेश और राजा तथा अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और पहले से साजिश के तहत हमला कर दिया। इस हमले में अकबर के करीबी दोस्त बादशाह पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए गए। गंभीर रूप से घायल बादशाह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हत्या के बाद तीनों आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की एनडीआर यूनिट की एक विशेष टीम गठित की गई। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपित मनीष थाना बवाना का घोषित बदमाश है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक केस दर्ज हैं। यह भी पता चला कि तीनों आरोपित मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूत्रों से सूचना मिली कि आरोपित बिहार के बेगूसराय जिले में छिपे हुए हैं। लगातार प्रयासों के बाद 8 जनवरी की शाम तीनों आरोपित मनीष, राजेश उर्फ हड्डी और राजा को बिहार के बेगूसराय से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपित मनीष ने बताया कि कुछ महीने पहले अकबर और उसके भाई राजेश उर्फ हड्डी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें राजेश घायल हो गया था।

# हिमालय में कुदरत की 'इमरजेंसी' बर्फ देखने के लिए तरसे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। पहाड़ों में इस बार कुदरत की इमरजेंसी से बर्फबारी के लोग तरस रहे है। दिसम्बर गुजर चुका है अब जनवरी का महीना बर्फबारी के बिना ही बीत रहा है। गंगोत्री -यमुनोत्री और बद्रीनाथ - केदारनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के पहाड़ भी सूखे और बर्फहीन दिख रहे हैं। बर्फबारी और बारिश न होने से हिमालय में हाहाकार मच गया हैं। सर्दी बीतने वाली हैं, लेकिन हिमालय की चोटियां बिना बर्फ के खाली पड़ी हैं और वैज्ञानिकों ने इसे 'बर्फ का सूखा' कहा या हिमालय का एसओएस ( सिग्नल ऑफ सफरिंग) है। आंकड़ों के बात करे तो पिछले चार सालों में हिमालय रेंज में 23% की कमी आई है , उत्तराखंड में लगभग 90% और हिमाचल -लद्दाख में लगभग 86% बारिश की कमी रही है। वैज्ञानिकों ने इसे बताया हैं। यह पहाड़ों की धड़कते दिल की हलचल है जो अब लड़खड़ा रही है। हिमालय में जनवरी माह तक बर्फ और बारिश न एक गंभीर चिंता का विषय है, जहाँ जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के कारण केदारनाथ, गंगोत्री और धौलाधार जैसी चोटियाँ बर्फ से वंचित हैं और पहाड़ सूखे व काले दिख रहे हैं; इससे न केवल पर्यावरण, वनस्पति और वन्यजीवों को खतरा है, बल्कि जल संकट और पर्यटन पर भी बुरा असर पड़ रहा है, जिससे पहाड़ों का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है, यह भविष्य के लिए चेतावनी है। मौसम रोमांचक नहीं भयावक है और भविष्य रोशन नहीं धुंधला दिख रहा है। बता दें कि उत्तराखंड के चार धामों में नवंबर से दिसंबर तक जहां चार से 5 फीट बर्फ आम बात होती थी, आज वहां बर्फ का पहला फालाब जम रहे हैं, लेकिन बादल नहीं बरस रहे। ठंड दहशत दे रही है, लेकिन आसमान रहम नहीं दिखा रहा। क्या यह सिर्फ मौसम है या हिमालय का संतुलन बिगड़ चुका है? क्या यह सिर्फ प्रकृति की मर्जी है या हमने खुद अपने फैसलों से यह दिन बुलाया है। यदि इस जनवरी माह में भी सूखा रहा तो ग्लेशियर पिघलने से पहले ही कमजोर फरवरी अनिश्चित वसंत अनियंत्रित अप्रैल मई में नदी का जलस्तर गिरा हुआ जून जुलाई में बादल फटने के खतरे से उत्तराखंड के तीर्थाटन और टूरिज्म , बागवानी कृषि,ठप हो जायेगा जिससे यहां की अर्थव्यवस्था घायल हो जायेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063